

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 270 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 08 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


## पुलिस ने 500 और 1000 रुपए के नोटों साथ धर दबोचा एजाज अहमद व आजाद सिंह को

( हरेश उपाध्याय) पूर्वी दिल्ली:- शकरपुर इलाके में 62 लाख के 1000 और 500 रुपए के नोट पकड़े गए। थाना शकरपुर के अतंर्गत पुलिस ने 62 लाख रुपए के पुराने नोट डॉक्टर एजाज अहमद, जिन्होंने पीएचडी की पढ़ाई की है और उसके साथी आजाद सिंह से एक बैग में ले जाते हुए धर दबोचा।सूत्रों के हवाले से पता लगा है कि आजाद सिंह से दिल्ली पुलिस ग्राहक बनकर बात करती रही कि हमें पुरानी करेंसी देनी है और उसके बदले नई करेंसी लेनी है। पुलिस के झांसे में आकर आजाद सिंह के बताए हुए पते पर पुलिस मौके पर पहुंची और आजाद सिंह उन पुलिस वालों को जो सिविल ड्रेस में थें। उन्हें एजाज अहमद के पास ले गया। जब एजाज ने नोटों से भरा 500 और 1000 के पुराने नोटों को पुलिस के सामने दिखाया, तो पुलिस ने इन दोनों को धर दबोचा। बताया जा रहा है कि उक्त नोट लोगों से ज्यादा रकम देकर इकट्ठे किए गए हैं। पुलिस इनके और साथियों की तलाश कर रही है।कि क्या खेल है? और इन दोनों के साथ और कौन-कौन लोग हैं?



## दरभंगा में आशिकी के लिए पति का मर्डर

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

दरभंगा. जब इश्क इंसान के सिर चढ़ जाए तो वो सभी रिश्ते, संबंध भूल जाता है। ऐसा ही एक मामला दरभंगा जिले से सामने आया है, जहां एक युवक ने अपनी चाची के साथ मिलकर चाचा की हत्या कर डाली। आरोपी युवक का अपनी चाची के साथ लव अफेयर जोरों पर था। लेकिन चाचा ही बीच में रोड़ा बना हुआ था, आखिरकार उस रोड़े को हटाने के लिए एक खूनी साजिश रची गई। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपी चाची और भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी भतीजे सुशील का अपनी चाची पूजा से लव अफेयर चल रहा था। एक बार आरोपी के चाचा यानी पूजा के पति ने उन दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। जिसके बाद से ही वह पूजा पर नजर रखने लगा। इस वजह से दोनों के बीच मिलना-जुलना भी कम हो गया। जब दोनों जुदाई सह नहीं पाए तो कत्ल की साजिश की।





### दुकान में घुसकर मार डाला

आरोपी भतीजे ने प्लान के तहत गांव की दुकान में जाकर चाचा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद पुलिस ने जब मामले में जांच शुरू की तो मृतक की पत्नी और भतीजे पर शक हुआ। दोनों से जब सख्ती से पूछताछ की गई तो अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

## रोजगार मेले का आयोजन 12 जुलाई को

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 12 जुलाई 2022 को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों की सहभागिता से विभिन्न पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी समस्त मूल शैक्षिक योग्यताओं एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में समय से प्रतिभाग करें।

## अभ्यर्थी राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु 31 जुलाई तक करें आनलाइन आवेदन

-समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य ने बताया है कि जनपद के समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अभ्यर्थी प्रवेश हेतु परिषद की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2022 तक कर सकते है। आनलाइन आवेदन शुल्क सामान्य एवं पिछड़ी जाति हेतु रुपए 250 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु 150 रुपए निर्धारित है। विस्तृत जानकारी हेतु जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सम्पर्क कर सकते है।

## अमेठी में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी





अमेठी ट्रांसफार्मर ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की हुई मौके पर मौत अचानक बिजली आने से लाइन मैन की हुई मौत लाइनमैन की मौत से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने एनएच 56 किया जाम मौके पर पहुंचे प्रसाशनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के हुसैनगंज कला गांव का मामला।

# चीन भेजा जा रहा था VIVO इंडिया का 50% टर्नओवर, ED की रेड में करोड़ों रुपये-सोना जब्त

### मोबाइल बनाने वाली कंपनी और उससे जुड़ी कंपनियों पर छापेमारी की. इस दौरान करोड़ों रुपये की नकदी समेत सोना जब्त किया. एजेंसी ने कंपनी पर मनी लॉड्रिंग का एक मामला दर्ज किया है.

प्रवर्तन निदेशालय ने VIVO मोबाइल बनाने वाली कंपनी और उससे जुड़ी 23 कपंनियों पर छापा मारा. इस दौरान 465 करोड़ रुपये जब्त किए. इसके अलावा 73 लाख रुपये कैश और 2 किलो सोना भी जब्त किया गया. ED ने ये छापेमारी 5 जुलाई को Vivo Mobiles और उससे जुड़ी कपंनियों के 48 ठिकानों पर की थी. छापेमारी के दौरान कंपनी और उसके कर्मचारियों ने जांच को रोकने की कोशिश की, जिनमें चीन के नागरिक भी शामिल थे. कुछ ने तो डिजिटल डिवाइस को छिपाने की कोशिश भी की ताकि सबूत ना जुटाये जा सके और भागने की कोशिश भी की.





**मनी लॉड्रिंग का मामला है दर्ज**

एजेंसी ने फरवरी 2022 में दिल्ली पुलिस में दर्ज एक मामले के आधार पर मनी लॉ-ड्रिंग का मामला दर्ज किया था. दिल्ली पुलिस को MCA यानी Ministry of Corporate Affairsने एक शिकायत दी थी कि M/s Grand Prospect International Communication Pvt Ltd के शेयर होल्डर ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर कंपनी को फर्जी पते पर रजिस्टर्ड करवाया है. ये M/s GPICPL कंपनी 3 दिसंबर 2014 को सोलन, गांधी नगर और जम्मू में रजिस्टर्ड हुई थी. जांच में पाया गया कि जो पते दिये गये थे वो सरकारी इमारत और सरकारी अधिकारी के घर के पते थे.

### इस तरह से बनाई कंपनियां

इसके बाद ED ने जांच आगे शुरू कि तो पता चला कि 1 अगस्त 2014 को जब भारत में Vivo Mobile जोकि हांगकांग की कंपनी Multy Accord Ltd की सब्सिडरी है, रजिस्टर्ड हुई थी और इसके कुछ महीनों बाद ही यानी दिसंबर 2014 में M/s GPICPL रजिस्टर्ड हुई, जो कि फर्जी पतों पर थी. इस कंपनी को चीन के तीन नागा-रक Bin Lou, Zhengshen Ou और Zhang Jie ने भारतीय CA नितिन गर्ग की मदद से बनवाया था. जांच में आगे पता चला कि मास्टरमाइंड Bin Lou पहले Vivo में भी डायरेक्टर था और उसने देश में Vivo के दाखिल होने के समय के आसपास ही 18 कंपनियां बनाई और इस-के अलाव Zhixin Wei ह्वी नाम के चीनी नागरिक ने 4 कंपनियां बनाई. ये सब कंपनियां साल 2014-15 के दौरान बनाई गईं थी.

**कंपनियों ने किया पैसा ट्रांसफर**

एजेंसी की जांच में आगे पता चला कि इन कंपनियों ने काफी पैसा Vivo India को ट्रासंफर किया और इसके अलावा भारत में मोबाइल की सेल से जो 1,25,185 करोड़ कमाए थे, उसमें से भी 62,476 करोड़ देश से बाहर चीन में भेज दिए, जो रकम बाहर भेजी गई, उसे घाटे में दिखाया गया ताकि टैक्स देने से बचा जा सके. ED का कहना कि इस मामले से जुडा मुख्य आरोपी 26 अप्रैल 2018 को ही देश से फरार हो गया था और दूसरे आरोपी Zhengshen Ouऔर Zhang Jie साल 2021 में मामला दर्ज होने की भनक लगते ही फरार हो गए.

### चीनी दूतावास ने जताया एतराज

इस मामले को लेकर भारत में चीन के दूतावास ने एऊकी इस कारवाई पर एतराज जताया और कहा कि चीनी कंपनी को विदेश में कारोबार के समय वहां के कानून को पालन करने की हमेशा हिदायत दी जाती है, लेकिन जिस तरह से एजेंसी चीनी कंपनियों पर लगातार जांच कर छापेमारी कर रही है, वो बिजनेस के लिये सही नहीं है और साथ ही भारत में व्यापार के मौकों को भी खराब करती है, लेकिन एऊने कहा कि कार्रवाई तय नियमों के हिसाब से की गई और कानून का पूरी तरह से पालन किया गया था.

## जनपद गौतम बुद्ध नगर के पेंशनर्स/ पारिवारिक पेंशनर्स के बनाए जा रहे है स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड।

***जनपद के अवशेष पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स निर्धारित प्रारूप पर कोषागार गौतम बुद्ध नगर में अपना डाटा करायें उपलब्ध।***

जला अधिकारी सुहास एलवाई के निदेशों के क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतम बुद्ध नगर अशोक कुमार ने जनपद गौतम बुद्ध नगर कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि सभी पेंशनर्स/ पारिवारिक पेंशनर्स के स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 1000 सम्मानित पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स ने निर्धारित प्रारूप पर अपनी सूचना नवीनतम स्टांप साइज फोटो सहित उपलब्ध करा दी है, जिनके स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया संचालित है। अतः जनपद के अवशेष पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स अपना स्मार्ट फोटो आईडी कार्ड बनवाने के लिए निर्धारित प्रारूप पर अपनी सूचना भरते हुए किसी भी कार्य दिवस में कोषागार गौतम बुद्ध नगर में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि आपके स्मार्ट कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## उदयपुर के कन्हैया हत्याकांड से व्यथित हिंदू जागृति मंच ने सौंपा ज्ञापन

### कन्हैया के हत्यारों को दी जाए फांसी-जगदीश शर्मा

दैनिक समाज जागरण बदायूँ ।

राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया लाल की निर्मम हत्या से व्यथित होकर हिंदू जागृति मंच ने राष्ट्रपति को संबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय बदायूं में डिप्टी कलेक्टर शमार्नानंद को सौंपा। हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने आज राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय बदायूं में पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर शमार्नानंद को सौंपा। ज्ञापन में कन्हैया के परिवार के दो सदस्यों को सरकारी नौकरी देने, क्रूर हत्यारों को फांसी की सजा देने, तालिबानी विचारधारा की पोषक राजस्थान की सरकार को बर्खास्त करने, मृतक के परिवार को एक करोड़ की अनुग्रह राशि देने तथा नूपुर शर्मा एवं कन्हैया के परिवार को पर्याप्त सुरक्षा देने की मांग की है। हिंदू जागृति मंच के जिला अध्यक्ष जगदीश शरण शर्मा ने ज्ञापन पढ़कर सुनाया। जिसमें उन्होंने स्पष्ट और प्रमुखता से मांग की कि कन्हैया के दुर्दांत क्रूर हत्यारों को यथाशीघ्र फांसी की सजा दी जाए। ताकि ऐसा दुष्कर्म करने वालों और सुनने वालों की रूह भी कांप जाए। जिला महामंत्री करुणेश कुमार सिंह ने कहा कि कट्टर विचारधारा का भारतीय संस्कृति और देश में कहीं कोई स्थान नहीं है। ऐसे कट्टरतावादियों को तुरंत जेल में होना चाहिए जो दिन रात समाज में नफरत का बीज होते हैं और फसल काटते हैं।



डिप्टी कलेक्टर शमार्नानंद ने ज्ञापन लेकर यथाशीघ्र महामहिम राष्ट्रपति को भेजने का आश्वासन दिया। ज्ञापन हिंदू जागृति मंच के जिलाध्यक्ष जगदीश सरन शर्मा के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन पर हिंदू जागृति मंच के करुणेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार गुप्ता, डॉ अरविंद धवल, विनोद कुमार रावत, जगमोहन सिंह, यशो मोहन शर्मा, प्रशांत साहू, गिरीश चंद्र कपूर, पवन शर्मा, सुरेश चंद्र रावत आदि के हस्ताक्षर थे।

## नॉएडा: सिंगल यूज पॉलीथिन मिलने पर कटा 1000 की चालान

नोएडा : सिंगल यूज पॉलीथिन को लेकर अब शासन प्रशासन सख्ती बरतने लगी है। एक तरफ जहां लोगो को पॉलीथिन न इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है वही दूसरी तरफ सिंगल यूज पॉलीथिन रखने वालो पर चालान की कार्यवाही की जा रही है । नोएडा के बरौला गांवों में शिव मंदिर स्थित एक किरने की दुकान में सिंगल यूज पॉलीथिन पाए जाने पर दुकानदार को एक हजार का चालान किया गया। प्राधिकरण के ऑफिसर एस के अवस्थी के द्वारा चलाए गए संघन जांच अभियान के तहत दुकान में चेकिंग की गई जहां भारी मात्रा में पॉलीथिन मिला। जिसके बाद ये चालान की कार्यवाही की गई। हाल ही में माननीय न्यायालय के आदेश के बाद सरकार शासन प्रशासन के माध्यम से सिंगल यूज पॉलीथिन की शव यात्रा निकलने में लगी है ताकि इसके बढ़ते दुष्परिणाम से बचाया जा सके ।





## 3 साल से लेकर 75 साल तक के लिए निशुल्क इनफ्लुएंजा टीकाकरण कैम्प

समाज जागरण दिल्ली अग्रवाल वैश्य वेल्फेयर ट्रस्ट (रजि०) शालीमार बाग दिल्ली एवम इंद्रप्रस्थ एजुकेशन रिसर्च व चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क इनफ्लुएंजा टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैंप का आयोजन राजेश कुमार सुनील कुमार 4114 मैन रोड नया बाजार दिल्ली में किया जा रहा है। 8 जुलाई सुबह 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन रवि कप्तान (निगम पार्षद) करेंगे। टैलूज इंटरनेशनल के सौज्यन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पंकज अग्रवाल (मुख्य संरक्षक) राजेन्द्र मुरथलिया (चेयरमैन) पुष्पा अग्रवाल (प्रधान) योगेश गर्ग,सतीश वासिया, पी के अग्रवाल, (उप प्रधान) एस के मित्तल (महामंत्री)संजीव जिन्दल (कैशियर) नवीन तायल (लीगल एडवाइजर) राजेश अग्रवाल(मुख्य सहयोगी) के रूप में शामिल है।

## पौधरोपण के नाम पर हरियाली का खेल



समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो

अमेठी बाजार शुक्ल अमेठी। विकासखंड की 54 ग्राम पंचायतों ने बीते वर्ष धरती को हरा भरा करने में करोड़ो रुपये खर्च कर दिया। ग्रामसभा की खाली पड़ी जमीन हो या फिर तालाब का किनारा अथवा विद्यालय परिसर सभी जगह पर योजना के धन से पौध इस बार भी रोपित किए जाएंगे। जो कुछ दिनों बाद हर बार की तरह नजर नहीं आते। सही मायने में धरती में हरियाली आए या न आए पर जेबों में हरियाली आना तय है।एक बार फिर पौध रोपण के लिए भारी भरकम बजट तैयार है। पौधरोपण सप्ताह मनाते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौध रोपण पर खर्च करने की तैयारी भी कर ली गई है। सब कुछ तय होने के साथ ही हरियाली के नाम पर धन को ठिकाने लगाने के लिए विभागीय जिम्मेदारो के बीच वार्ता शुरू होना तय माना जा रहा है। इतना ही नहीं पौधों के सरंक्षण के लिए मजदूर भी कागजों पर ही नजर आते हैं। घटते वनक्षेत्र और पर्यावरण संतुलन को देखते हुए शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष पौधरोपण के लिए अभियान चलता है। इसके तहत ग्रामसभा से लेकर उनके मजरों तक की खाली जमीनों पर पौधरोपण किया जाता है।

### पौधों का पता नहीं देखरेख करने वाले पा गए मजदूरी

पौधरोपण को लेकर सबसे मजेदार बात यह है कि प्रत्येक वर्ष पौधों के देखरेख और सिचाई कराने के लिए मजदूरों की भी तैनाती की जाती रही है। इसके बावजूद गांवों में पेड़ नहीं है। फिर भुगतान मजदूरों के नाम पर किया गया। शायद यही कारण है कि यह सवाल आते ही प्रधान और कर्मचारी बगले झांकने लगते हैं।

### उन्हीं स्थानों पर हो रहा हर वर्ष पौधरोपण

लगभग प्रत्येक वर्ष होने वाले पौधरोपण अभियान में स्थान का चयन ही सारी पोल खोलने के लिए काफी है। जानकारों की माने तो लगभग हर बार स्कूल, पंचायत भवन से लेकर दूसरे खाली स्थानों पर पौध रोपण हर बार किया जाता है। लेकिन जब उन स्थानों पर देखा जाए तो पौधे वहां पर नजर नहीं आते हैं। मजे की बात यह है कि इस हकीकत को देखते के बाद भी अधिकारी मौन रहते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर हर बार रोपित होने वाले पौधे गए तो कहा गए जब उनकी देखरेख के नाम पर भी बराबर धन खर्च होता रहा।

ग्रामसभाओं में पौधरोपण पर खर्च की तैयारी

बीते वर्षो के भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण का खेल शुरू हो चुका है वृक्षारोपण सप्ताह मनाया जा रहा है। प्रत्येक ग्रामसभा में पेड़ रोपित किये जाने के आदेश भी आ गए हैं। अपने मौजूद कार्यकाल की पारी खेल रहे प्रधानों को एक बार फिर हरियाली के नाम पर खेल खेलने का मौका हाथ आ गया है। वैसे मनरेगा के तहत पौधरोपण के नाम पर आईडी सृजित की जा रही है। गांवों में पौधरोपण सप्ताह मनाने का जोश पैदा हो गया है।


















# साधना पथ (भाग 189)



देव मणि शुक्ल

साधको ईर्ष्या एक ऐसा शब्द है जो मनुष्य के स्वयं के जीवन को तो तहस-नहस करता है औरों के जीवन में भी उथल पुथल मचा देता है। यदि हम आप किसी को सुख या प्रसन्नता नहीं दे सकते तो कम से कम दूसरों के सुख और प्रसन्नता देखकर दुखी नही होना चाहिये। यदि हमको आपको खुश नहीं होना है न सही मत होइए खुश, परन्तु किसी की खुशियों को देखकर अपने आपको ईर्ष्या की आग में ना जलाएं।

प्रायः समाज में देखा जाता है कि कोई आगे बढ़ रहा है,किसी की उन्नति हो रही है, नाम हो रहा है किसी का अच्छा हो रहा है तो अधिकांश लोग ऐसे देखने को मिलेंगे जो पहले यह सोचेंगे, कैसे आगे बढ़ते लोगों की राह का रोड़ा बना जाए। उनको कैसे नीचा दिखाया जाए। कैसे समाज में उनकी हंसी बने और कैसे उनकी खुशियां छीनी जाए।

साधकों -बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो किसी को आगे बढ़ता देख किसी की उन्नति होते देख आनंद का अनुभव करते हैं या प्रसन्न होते हैं ।

हमको ,आपको नहीं लगता कि हमें हमारी इर्ष्या जलाती है? बाद में सामने वाले का नुकसान होता है? क्यूंकि इर्ष्या करते वक़्त हमारे मस्तिष्क के स्नायु सिकुड़ते हैं जिसका प्रभाव हमारे अंतर्मन पर पड़ता है और इसका प्रभाव हमारी दिनचर्या पर पड़ता है। हम चिड़चिड़े हो जाते हैं और घर के लोगों के साथ हमारा व्यवहार गलत ढंग का हो जाता है जब घर का वातावरण कलहपूर्ण हो जाता है और हमारा स्वाभाव झगड़ालू हो जाता है तो समाज का कोई व्यक्ति ऐसे व्यक्ति को स्वीकार नही करता ।

मेरा मानना है कि यदि आप किसी की खुशियों से खुश होकर उसे और आगे बढ़ने का प्रोत्साहन देंगे तो इससे दो फायदे होंगे एक तो समाज में आपकी छबि अच्छी बनेगी दूसरे हमे आपको एक आन्तरिक प्रसन्नता का एहसास होगा और एक सकारात्मक ऊर्जा का विकास अपने आप हमारे आपके अन्दर होगा।

इसे मनुष्य की कमजोरी कह लीजिए या कुछ और परन्तु सच यह है कि बहुत सारे दुखों का कारण हमारा अपना दुःख ना होकर दूसरे की प्रसन्नता होती है। हमे आपको इससे ऊपर उठने का प्रयास करना चाहिये । हमे आपको सिर्फ अपने आप को आगे बढ़ाते रहना है और व्यर्थ की तुलना के पचड़े में नहीं पड़ना है। तुलना नहीं करनी हमे आपको ईर्ष्या करने के बजाय सामने वाले मनुष्य के गुणों को अपनाएं और जीवन में उनसे कुछ सीखें और लाभ लें ताकि हमारा आपका जीवन भी खु-शहाल हो।


# योग का वैश्विक विस्तारीकरण, वैदिक युग से आधुनिक युग तक

भारतीय वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है।

योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवा-रक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है।

योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है ।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी तथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ-साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरूआत की गई। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि भारत के इस संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने हेतु प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ में सबसे शीघ्रता से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया और विश्व के सभी देशों पर का पक्षों ने जिस पर आम सहमति दर्शाई थी। योग वैश्विक स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध होने से पश्चिम से लेकर पूरब तक योग की महत्ता पर लोगों ने इसे अपने जीवन का अंग बना कर इसे वरीयता प्रदान करना शुरू कर दिया है। अब हर वर्ष 21 जून को न सिर्फ भारत में बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य देशों में भी वैश्विक योग दिवस के रूप में योग प्रक्रिया तथा प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा योग क्रिया की जाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के पश्चात योग द्वारा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होने लगी है तथा इससे फॉरेन एक्सचेंज भी मजबूत होने लगा जिसके फलस्वरूप योग्य के प्रति पश्चिम के लोगों में बढ़ते आकर्षण ने ही बाबा रामदेव देव जैसे योग गुरु को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। और यही कारण है कि बड़ी संख्या में विदेशी यात्री भी योग सीखने भारत आते हैं तथा भारत की पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने लगे हैं। इससे हमारे देश का विदेशी मुद्रा का संचयन धीरे धीरे बढ़ने लगा है। योग के प्रसिद्ध होने के साथ-साथ इसके अनेक केंद्र भारत तथा विदेशों में खुलने से भारत सरकार को विदेशी मुद्रा से भारी आर्थिक लाभ होना भी सुनिश्चित होने लगा है। अतः योग सिर्फ रोग निवारक ना होकर मानसिक, शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की स्थिति को सुधारने में सहायक हो गए हैं। इसके साथ ही योग प्रक्रिया के प्रचार प्रसार से योग से संबंधित समस्त सामग्रियों की मांग बढ़ने के साथ-साथ अनेक रोजगार के अवसर में वृद्धि हुई है।

योग वर्तमान में ही नहीं ऐतिहासिक रूप से भी वेदों में भी योग तथा शारीरिक क्रियाओं का विस्तृत वर्णन है।अतः हमें शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार लाने की आवश्यकता होगी। देश में लगभग सभी स्कूलों कॉलेजों में अब योग शिक्षकों की तथा योग कक्षाओं की अनिवार्यता की जाने वाली है। जिससे देश की आने वाली पीढ़ी तथा देश के आने वाले नागरिक भी स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक क्षमता के साथ अपने रोजगार अवसरों में अपना 100% योगदान प्रदान करेंगे, जिससे भारत में उत्पादक क्षमता में बढ़ने की आशा की जा सकती है। योग से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ-साथ कार्यकुशलता भी विशेषज्ञता के साथ वृद्धि करती रहती है। योग के लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों को बहुआयामी तथा पंचवर्षीय योजनाओं के साथ कार्य योजना तैयार कर किसके कौशल विकास को बढ़ावा देकर तथा कृषि विकास, उद्योग विकास का लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना के साथ योग को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार सृजित करने की आवश्यकता होगी। योग की प्रक्रिया तथा इसकी योगिक क्रियाओं से ग्रामीण भारत में बीमारी, कुपोषण, गरीबी पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अल्प विकास जैसी बुराइयों से बाहर निकलना खुलकर योग को प्रचारित प्रसारित करते हुए आय के साधन का बड़ा स्त्रोत बनाने की परम आवश्यकता है। दूसरी तरफ केवल सरकारी प्रयासों से ही यह संभव न होकर आम जनता और आम नागरिकों को भी इसमें अथक मेहनत करनी होगी। योग को प्रसारित करने के लिए बड़ी संख्या में रोजगार मूलक प्रशिक्षकों की बड़ी संख्या तैयार करनी पड़ेगी तथा योग को शारीरिक विकास विभाग के लाभ से जोड़कर इसका स्वरूप गैर धार्मिक बनाना होगा यह से इसमें संबंधित विवाद रहित कर समाज के सभी वर्ग मैं यह प्रचारित प्रसारित कर समाज की अर्थव्यवस्था के लिए सार्थक लाभ की तरह बहु उपयोगी हो सके तब ही इसकी संपूर्ण सार्थकता होगी। योग की प्राचीन काल से ही ऐतिहासिक तौर पर सशक्त एवं मजबूत विकसित परंपरा रही है अतः योग के इस महत्व और परंपरा को चिकित्सा अर्थव्यवस्था विदेशी मुद्रा की प्राप्ति में अधिकाधिक लाभ उठाने का साधन बनाना होगा।



संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

# श्रावणी मेला, जलाभिषेक को लेकर प्रशासन और मेला कमिटी की बैठक आयोजित।

**दैनिक समाज जागरण मधुबनी जयनगर**

श्रावणी मेला, जलाभिषेक को लेकर प्रशासन और मेला कमिटी की बैठक आयोजित।

दो साल बाद इस बार लगेगा जयनगर में श्रावणी मेला।

कमला नदी से हजारों की संख्या में जलाभिषेक को जल बोझकर जाते है श्रद्धालू कांवरिया।

मधुबनी जिला के जयनगर अनुमंडल एसडीएम कार्यलय में अनुमण्डल पदाधिकारी बेबी कुमारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार के नेतृत्व में श्रावणी मेला आयोजन और जलाभिषेक को लेकर मेला कमिटियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई ।श्रावणी मेला का आयोजन प्रतिवर्ष जयनगर स्थित कमला नदी के आसपास और कमला पुल पर किया जाता है। जलाभिषेक को लेकर शनिवार , रविवार और सोमवार हजारों लाखों की संख्या में नदी ने जलबोझकर विभिन्न शिवालयों में जाते है। मेला देखने को लेकर भी श्रद्धालुओं काफी भीड़ जुटती है। विधि व्यवस्था सुविधा और तैयारी के मद्देनजर प्रशासन कमिटियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में कमला पुल के पूर्वी और पश्चिमी छोड़ पर मेला आयोजन करने वाले कमिटी के सदस्यों ने भाग लिया । कमिटियों के साथ प्रशासन विधिव्यवस्था तैयारी और सुविधाओं को लेकर विभिन्न तैयारी पर विचार विमर्श कर कई सुझाव दिए । अनुमंडल पदाधिकारी 'बेबी कुमारीने बताया कि श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुरक्षा को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए चिन्हित स्थलों पर मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी।मेला परिसर कमला पुल के आसपास क्षेत्रों में कमिटियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने के भी निर्देश दिया गया हैं। असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी झूठी अफवाह फैलाने वालों पर करवाई की जायेगी। वाहनों के आवागमन को लेकर ट्रैफिक के मद्देनजर जीवन दिप अस्पताल, रजिस्ट्री ऑफिस और वाटर वेज चौक पर तीनों साईड बैरिकेडिंग की व्यवस्था रहेगी। कमला नदी में बीयर निर्माण के मद्देनजर निर्माण स्थल से हटकर श्रद्धालुओं को लिए स्नान जलाभिषेक को जल लेने पूजा पाठ को लेकर नदी परिसर में जगह चिन्हित कर बांस और रस्सी का ब्रेकेटिंग करने का निर्देश कमिटियों को दिया गया है। कमिटियों को श्रद्धालुओं को सहायता कक्ष बनाने कमिटी के सदस्यगण बैच लगा कर रहने का भी निर्देश दिया गया है। वही प्रशासन की ओर से मेडिकल टीम की तैनाती की जाएगी। गोताखोरों बोर्ट एनडीआरएफ टीम की व्यवस्था रहेगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि कांवरिया पथ पर और क्षेत्र में पुलिस की गश्ती पुरूष और महिला पुलिस बल की भी तैनाती रहेगी। शिलानाथ धाम समेत शिवालयों में भी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती रहेगी।कोविड के बाद दो वर्षों के बाद मेला



का आयोजन किया जा रहा है।सभी से से श्रावणी मेला जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर विधिव्यवस्था बनाये रखने और आस्था के साथ शांतिपूर्ण सौहार्द पूर्वक पर्व त्योहार और सहयोग की अपील की गई है। बैठक में मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, बोल बम सेवा समिति के संरक्षक व बेलही पश्चिमी के मुखिया राम दास हाजरा, कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार,जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, मेला समिती के अध्यक्ष शशि शेखर हाजरा , उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, सचिव अनुराग कुमार पंकज, कोषाध्यक्ष राम सेवक साह, उप कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, सह सचिव सिकन्दर मुखिया, संयुक्त सचिव संतोष राय, मीडिया प्रभारी सुधांशु कुमार मेला प्रभारी राम चन्द्र राय , अजय कुमार एवं सदस्य के तौर पर अजय राय, रौशन कुमार, ललन मंडल, रोजिन मुखिया समेत समिती के कई सदस्य बैठक में भाग लिए। इस बैठक के दौरान मेला कमिटी के सदस्यों ने अनुमंडल प्रशासन से मेला का शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन हेतु प्रशाशनिक सहयोग की मांग की गई। वही कोविड के दो वर्ष वर्ष बाद श्रावणी मेला जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल है।

दो साल बाद इस बार लगेगा जयनगर में श्रावणी मेला।

कमला नदी से हजारों की संख्या में जलाभिषेक को जल बोझकर जाते है श्रद्धालू कांवरिया।

मधुबनी जिला के जयनगर अनुमंडल एसडीएम कार्यलय में अनुमण्डल पदाधिकारी बेबी कुमारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार के नेतृत्व में श्रावणी मेला आयोजन और जलाभिषेक को लेकर मेला कमिटियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई ।श्रावणी मेला का आयोजन प्रतिवर्ष जयनगर स्थित कमला नदी के आसपास और कमला पुल पर किया जाता है। जलाभिषेक को लेकर शनिवार , रविवार और सोमवार हजारों लाखों की संख्या में नदी ने जलबोझकर विभिन्न शिवालयों में जाते है। मेला देखने को लेकर भी श्रद्धालुओं काफी भीड़ जुटती है। विधि व्यवस्था सुविधा और तैयारी के मद्देनजर प्रशासन कमिटियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में कमला पुल के पूर्वी और पश्चिमी छोड़ पर मेला आयोजन करने वाले कमिटी के सदस्यों ने भाग लिया । कमिटियों के साथ प्रशासन विधिव्यवस्था तैयारी और सुविधाओं को लेकर विभिन्न तैयारी पर विचार विमर्श कर कई सुझाव दिए । अनुमंडल पदाधिकारी 'बेबी कुमारीने बताया कि श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुरक्षा को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए चिन्हित स्थलों पर मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी।मेला परिसर कमला पुल के आसपास क्षेत्रों में कमिटियों को सीसीटीवी कैमरा लगाने के भी निर्देश दिया गया हैं। असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी झूठी अफवाह फैलाने वालों पर करवाई की जायेगी। वाहनों के आवागमन को लेकर ट्रैफिक के मद्देनजर जीवन दिप अस्पताल, रजिस्ट्री ऑफिस और वाटर वेज चौक पर तीनों साईड बैरिकेडिंग की व्यवस्था रहेगी। कमला नदी में बीयर निर्माण के मद्देनजर निर्माण स्थल से हटकर श्रद्धालुओं को लिए स्नान जलाभिषेक को जल लेने पूजा पाठ को लेकर नदी परिसर में जगह चिन्हित कर बांस और रस्सी का ब्रेकेटिंग करने का निर्देश कमिटियों को दिया गया है। कमिटियों को श्रद्धालुओं को सहायता कक्ष बनाने कमिटी के सदस्यगण बैच लगा कर रहने का भी निर्देश दिया गया है। वही प्रशासन की ओर से मेडिकल टीम की तैनाती की जाएगी। गोताखोरों बोर्ट एनडीआरएफ टीम की व्यवस्था रहेगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि कांवरिया पथ पर और क्षेत्र में पुलिस की गश्ती पुरूष और महिला पुलिस बल की भी तैनाती रहेगी। शिलानाथ धाम समेत शिवालयों में भी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती रहेगी।कोविड के बाद दो वर्षों के बाद मेला का आयोजन किया जा रहा है।सभी से से श्रावणी मेला जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर विधिव्यवस्था बनाये रखने और आस्था के साथ शांतिपूर्ण सौहार्द पूर्वक पर्व त्योहार और सहयोग की अपील की गई है। बैठक में मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, बोल बम सेवा समिति के संरक्षक व बेलही पश्चिमी के मुखिया राम दास हाजरा, कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार,जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, मेला समिती के अध्यक्ष शशि शेखर हाजरा , उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, सचिव अनुराग कुमार पंकज, कोषाध्यक्ष राम सेवक साह, उप कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, सह सचिव सिकन्दर मुखिया, संयुक्त सचिव संतोष राय, मीडिया प्रभारी सुधांशु कुमार मेला प्रभारी राम चन्द्र राय , अजय कुमार एवं सदस्य के तौर पर अजय राय, रौशन कुमार, ललन मंडल, रोजिन मुखिया समेत समिती के कई सदस्य बैठक में भाग लिए। इस बैठक के दौरान मेला कमिटी के सदस्यों ने अनुमंडल प्रशासन से मेला का शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन हेतु प्रशाशनिक सहयोग की मांग की गई। वही कोविड के दो वर्ष वर्ष बाद श्रावणी मेला जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल है।11

# 8 जुलाई/इतिहास-स्मृति
# टाइगर हिल की जीत

पाकिस्तान अपनी मजहबी मान्यताओं के कारण जन्म के पहले दिन से ही अन्ध भारत विरोध का मार्ग अपनाये है। जब भी उसने भारत पर हमला किया, उसे मुँह की खानी पड़ी। ऐसा ही एक प्रयास उसने 1999 में किया, जिसे ह्यकरगिल युद्धह्ण कहा जाता है। टाइगर हिल की जीत इस युद्ध का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय है।

सियाचिन भारत की सर्वाधिक ऊँची पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। चारों ओर बर्फ ही बर्फ होने के कारण यहाँ भयानक सर्दी पड़ती है। शीतकाल में तो तापमान पचास डिग्री तक नीचे गिर जाता है। उन चोटियों की सुरक्षा



करना कठिन ही नहीं, बहुत खचीर्ला भी है। इसलिए दोनों देशों के बीच यह सहमति बनी थी कि गर्मियों में सैनिक यहाँ रहेंगे; लेकिन सर्दी में वे वापस चले जायेंगे। 1971 के बाद से यह व्यवस्था ठीक से चल रही थी।

पर 1999 की गर्मी में जब हमारे सैनिक वहाँ पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में सामरिक महत्त्व की अनेक चोटियों पर कब्जा कर बंकर बना लिये हैं। पहले तो बातचीत से उन्हें वहाँ से हटाने का प्रयास किया; पर जनरल मुशर्रफ कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। अतः जब सीधी उँगली से घी नहीं निकला, तो फिर युद्ध ही एकमात्र उपाय था।

तीन जुलाई की शाम को खराब मौसम और अंधेरे में 18 ग्रेनेडियर्स के चार दलों ने टाइगर हिल पर चढ़ना प्रारम्भ किया। पीछे से तोप और मोर्टार से गोले दागकर उनका सहयोग किया जा रहा था। एक दल ने रात को डेढ़ बजे उसके एक भाग पर कब्जा कर लिया।

कैप्टेन सचिन निम्बालकर के नेतृत्व में दूसरा दल खड़ी चढ़ाई पर पर्वतारोही उपकरणों का प्रयोग कर अगले दिन सुबह पहुँच पाया। तीसरे दल का नेतृत्व लेफ्टिनेण्ट बलवान सिंह कर रहे थे। इसमें कमाण्डो सैनिक थे, उन्होंने पाक सैनिकों को पकड़कर भून डाला। चौथे दल के ग्रेनेडियर योगेन्द्र यादव व उनके साथियों ने भी भीषण दुःसाहस दिखाकर दुश्मनों को खदेड़ दिया। इस प्रकार पहले चरण का काम पूरा हुआ।


अब आठ माउण्टेन डिवीजन को शत्रु की आपूर्ति रोकने को कहा गया, क्योंकि इसके बिना पूरी चोटी को खाली कराना सम्भव नहीं था। मोहिन्दर पुरी और एम.पी.एस.बाजवा के नेतृत्व में सैनिकों ने यह काम कर दिखाया। सिख बटालियन के मेजर रविन्द्र सिंह, लेफ्टिनेण्ट सहरावत और सूबेदार निर्मल सिंह के नेतृत्व में सैनिकों ने पश्चिमी भाग पर कब्जा कर लिया। इससे शत्रु द्वारा दोबारा चोटी पर आने का खतरा टल गया।

इसके बाद भी युद्ध पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ था। यद्यपि दोनों ओर के कई सैनिक हताहत हो चुके थे। सूबेदार कर्नल सिंह और राइफलमैन सतपाल सिंह चोटी के दूसरी ओर एक बहुत खतरनाक ढाल पर तैनात थे। उन्होंने कर्नल शेरखान को मार गिराया। इससे पाकिस्तानी सैनिकों की बची-खुची हिम्मत भी टूट गयी और वे वहाँ से भागने लगे।

तीन जुलाई को शुरू हुआ यह संघर्ष पाँच दिन तक चला। अन्ततः 2,200 मीटर लम्बे और 1,000 मीटर चौड़े क्षेत्र में फैले टाइगर हिल पर पूरी तरह भारत का कब्जा हो गया। केवल भारतीय सैनिक ही नहीं, तो पूरा देश इस समाचार को सुनकर प्रसन्नता से झूम उठा। आठ जुलाई को सैनिकों ने विधिवत तिरंगा झण्डा वहाँ फहरा दिया। इस प्रकार करगिल युद्ध की सबसे कठिन चोटी को जीतने का अभियान पूरा हुआ।

## गणेश गीता (गीता भाग 106)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

अतिवादोऽभिमानश्च,
दर्पोऽज्ञानम् सकोपता
आसुर्या एवमाद्यानि,
चिन्हानि प्रकृतेर्नृप

हे राजन् ! अतिवाद ,अभिमान,दर्प( घमंड ) अज्ञान,क्रोध ए सब आसुरी प्रकृति के चिन्ह हैं

निष्ठुरत्वं मदोमोहो,
अहंकारो गर्व एवं च
द्वेषों हिंसादया क्रोध,
औद्धत्यं दुर्विनीततो
अभिचारककर्तृत्वं
क्रूर कर्म रतिस्तथा

राजन्! निष्ठुर था,मद मोह अहंकार गर्व द्वेष हिंसा क्रूरता क्रोध उदंडता,किसी के नाश के लिये अभिचार कर्म और क्रूर कर्मों में प्रीति करना आसुरी प्रकृति हैं

अविश्वासः संतां वाक्ये ,
अशुचित्वं कर्महीनतो
निंदकत्वं च वेदानां,
भक्तानां असुरद्विषां

श्रेष्ठ पुरुषों के वाक्यों में अविश्वास करना ,अपिवित्रता ,कर्मो के प्रति अरुचि ,वेदों। पुराणों आदि की निंदा करना ,आसुरी प्र-वृत्ति के लोगों से प्रीति करना ये सब आसुरी लक्षण है




मुनिश्रोत्रिय विप्राणां,
तथा स्मृति पुराणयोः
पाखंड वाक्ये विश्वासः
संगतिर्मलिनात्मनां

हे राजन्! ऋषि मुनियों का अपमान ,वेदपाठी ब्राह्मणों का अपमान,समृति पुराणों की निंदा,पाखंड पर विश्वास ,मलिन पुरुषों का साथ करना एक सारे गुण राक्षसी प्रवृत्ति के अंतर्गत आते हैं

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## आप पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी ने क्षेत्रीय निवासी पर ईंट से हमला कर दिया: प्रवीण शंकर कपूर

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि मॉडल टाउन विधान सभा क्षेत्र के एक नागरिक के द्वारा क्षेत्र में बिगड़ी सीवर सफाई व्यवस्था की शिकायत विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी से करने पर, विधायक के द्वारा उस पर ईंट से हमला करने का आरोप हतप्रभ करता है और घटना ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी विधायकों के आराजक चेहरे को उजागर किया है।विधायक त्रिपाठी ने अपने कुकृत्य से लोकतंत्र की मूल सेवा भावना को तार तार किया है। अतः उन पर न्यायिक कारवाई के



साथ ही आम आदमी पार्टी के द्वारा अनुशासतमक कारवाई भी जरूरी है। मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हे पार्टी से निष्कासित करें।दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि यह कोई पहला मौका नही।जब आम आदमी पार्टी विधायक त्रिपाठी पर हिंसात्मक व्यवहार का आरोप लगा हो। उन पर 2015 में भी ऐसे आरोप लग चुके हैं।साथ ही शिकायत कर्ता नागरिक से मारपीट करने वाले वह कोई पहले आम आदमी पार्टी के विधायक नहीं है। पूर्व में विधायक प्रकाश जरवाल, अजय दत्त, अमानुतुललाह खाँ, मनोज कुमार आदि पर भी शिकायतकताओं से मारपीट के आरोप लग चुके हैं। यह खेद का विषय की "आप" मुखिया अरविंद केजरीवाल ऐसे विधायकों पर कोई कार्रवाई नही करके उन्हें प्रोत्साहित करते हैं।

## मंदिर के पुजारी की पिटाई करने के बाद दर्दनाक मौत

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-उत्तर पूर्वी दिल्ली के थाना सोनिया विहार इलाके में ढाई पुस्ता स्थित मंदिर के पुजारी सोनी राम पर, मंदिर की सफाई करते समय सोनू भट्ट नाम के लड़के ने अचानक से ताबड़ तोड़ हमला कर दिया। मंदिर के अंदर हनुमान जी की मूर्ति के पास रखी हुई




हनुमान जी की गदा से पहले सर पर उसने कई वार किए।फिर बड़े डंडे से लगातार उनके सर और छाती पर वार करता रहा।पुजारी बुरी तरह लहूलुहान और बेहोश हो गए चूँकि सुबह का समय था पब्लिक पार्क में मंदिर के आसपास घूमने आती है। मॉर्निंग वॉक करते हुए महिलाओं और पुरुषों ने बचाने की पुरजोर कोशिश की लेकिन उस युवक ने वहां पर बीच-बचाव कर रहे लोगों पर भी हमला बोलने की कोशिश की।मंदिर के ऊपर दिल्ली सरकार का कैमरा भी लगा हुआ है।जिसमें यह सारा वाकया कैद हो गया। वहीं बताया जा रहा है कि आरोपी सोनू मानसिक तौर पर बीमार है और आज मंदिर के पुजारी सोनी राम से पैसे मांग रहा था। सोनी राम ने पैसे देने से इंकार कर दिया। इसी पर गुस्साए सोनू भट्ट ने मंदिर के पुजारी सोनी राम पर जानलेवा हमला कर दिया।इस हमले को देख आसपास के लोग भी क्रोधित हो गए और स्थानीय लोगों ने आरोपी सोनू भट्ट की भी पिटाई कर दी।जीटीवी हास्पिटल में पुजारी की मृत्यु हो गई और सोनू भट्ट का भी इलाज चल रहा है।पुलिस ने धारा 302के अंतर्गत आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है और मामले की तफ्तीश जारी है।

## पुरातात्विक उत्खनन हुलास खेड़ा मार्ग 8 माह बाद भी अधूरा

(संवाददाता) विवेक कुमार! राजधानी /लखनऊ

मोहनलालगंज लखनऊ पुरातात्विक उत्खनन पर्यटन स्थल हुलास खेड़ा को जाने वाली जर्जर सड़क 8 माह से अब तक नहीं बन पाई जिससे






क्षेत्रीय जनता में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है कि गड्ढा मुक्त सड़कों के सरकारी दावे खोखले साबित हो रहे हैं। मोहनलालगंज विकासखंड कार्यालय के सामने से हुलास खेड़ा पुरातात्विक उत्खनन पर्यटन स्थल जो भारतीय संस्कृति को संजोए हुए है प्रदेश सरकार ने उक्त स्थल को विकसित करने की भी घोषणा की थी लेकिन अब तक सिर्फ कागजों तक ही घोषणाएं सीमित रह गई है, यह तो दूर की कौड़ी साबित हुई उससे ज्यादा परेशानी 8 माह से बन रही सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है ग्रामीणों ने कहा कि इससे अच्छा तो तब था जब सड़क की खुदाई नहीं हुई थी फिर भी चलने में आसान था सड़क खुदाई कराने के बाद सड़क पर पड़ी गिट्टियां आए दिन साइकिल सवारों को चोट दे रही हैं। जबकि बाइक और चार पहिया वाहन चालक उस सड़क पर चलने से कतराते हैं महिलाओं ने कहा कि अगर किसी को कोई प्रसव पीड़ा हुई तो इस सड़क से निकल कर जाना मौत के मुंह में धकेल ने जैसा साबित होता है जबकि सरकार घोषणाएं करती आ रही है कि सड़कें सब गड्ढा मुक्त हो गई हैं, लेकिन सच्चाई इतर नजर आ रही लखनऊ की राजधानी से जुड़ी मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र पुरातात्विक उत्खनन पर्यटन स्थल हुलास खेड़ा को जाने वाले मार्ग पर पड़ी गिट्टियां लोगों को इतना दर्द दे रही हैं कि जिसे बयां कर पाना ग्रामीणों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है काफी संख्या में ग्रामीणों ने कहा कि इस बार भाजपा सरकार को वोट देकर विकास के मुद्दे को बढ़ावा देने का सपना सजोया था लेकिन अब तो पूर्व की सरकारों से भी बुरा हाल हो गया यह बहुत बड़ी भूल साबित हो रही है ऐसे में प्रदेश सरकार अतरौली से हुलास खेड़ा , कुबहरा, करोड़ा से नगराम, बेनीगंज, मोहनलालगंज से यूपीएएल कॉलोनी सहित अनेकों सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे बने है उक्त सड़को से पढ़ने के लिए बेटियां साइकिल ने निकलती है जिनके लिए बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है आखिर क्या ऐसे ही सरकार का सपना साकार होगा पढ़े बेटियां , बढ़े बेटियां,ग्रामीणों ने कहा दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़को को सरकार शीघ्र मरम्मत कराए ताकि ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो जाए तो विद्यार्थियों, मजदूरों,प्रसव पीड़ताओ सहित सभी का आना जाना आसान हो जायेगा।

## मुस्तफाबाद चैलेंजर्स ने सीलमपुर रेंजर्स को व गोकुलपुर दबंग ने तिमारपुर टाइटंस को हराकर मैच जीते



(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-सांसद यमुना क्रिकेट महोत्सव के तहत आज डिस्ट्रिक्ट पार्क नंद नगरी के खेल मैदान पर आज दो ळ20 मैचों आयोजन हुआ। सुवह मुस्तफाबाद चैलेंजर्स एवं सीलमपुर रेंजर्स तथा शाम को गोकुलपुर दबंग और तिमारपुर टाइटंस की टीमों के बीच मैच हुआ। इस अवसर पर खेल महोत्सव के आयोजक सांसद मनोज तिवारी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा एवं दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता कृष्ण कुमार आईपीएस शशांक जयसवाल मैदान पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेता नीलकांत बक्शी जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद कुमार महामंत्री मनोज त्यागी जितेंद्र कंवर डॉ यूके चौधरी जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी आनंद त्रिवेदी भुवनेश सिंघल सचिन मावी पूर्व निगम पार्षद पुनीत शर्मा प्रमोद गुप्ता आशीष पुनिया भाजपा नेता संजीव उपाध्याय वीरेंद्र खंडेलवाल आयोजन के संबंध कृष्णा चौबे राजू वंसल प्रवीण निमेष खेल महोत्सव के सहयोगी यमुना कमल क्लब के पदाधिकारियों तेज प्रकाश अश्विनी शर्मा गंगा राम माहौर रामनिवास आर डी शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।सुबह के मैच में सीलमपुर रेंजर्स ने टॉस जीता और मुस्तफाबाद चैलेंजर्स को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया।मुस्तफाबाद चैलेंजर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 203रन बनाए और 204का लक्ष्य सीलमपुर रेंजर्स के सामने रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीलमपुर रेंजर्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 194 रन ही बना सकी और इस तरह मुस्तफाबाद स्ट्राइकर्स ने मैच 10 रनों से जीत लिया। मुस्तफाबाद स्ट्राइकर्स टीम के खिलाड़ी आबिद ने 24 बॉल में 63 रन बनाए और उन्हें मैन आफ द मैच घोषित किया गया।शाम के मैच में गोकुलपुर दवंग ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कियाऔर निर्धारित 20 ओवरों में 9विकेट खोकर182 रन बनाए और 183का लक्ष्य तिमारपुर टाइटंस के सामने रखा।लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम निर्धारित 20 ओवरों में विकेट खोकर रन ही बना सकी और12 रनों से मैच हार गई।

## एस सी विधापीठ इन्टर कालेज का शत प्रतिशत रहा हाईस्कूल /इन्टर का परिणाम

### प्रवेश के लिए लगी छात्रों की कतार

आगरा (वी एन मिश्र) थाना ताजगंज के गांव बुढाना मे स्थित एस सी विधापीठ इन्टर कालेज का परिणाम यूपी वोर्ड परीक्षा 2022 का शत प्रतिशत रहा!

विधालय के छात्रों ने हाईस्कूल /इन्टर की परीक्षा मे 80से 90प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए !विधालय संचालक अनिल यादव ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा मे राखी दीपक सोनू स्वेता आरती सुधा सूरज बिकास और विशाखा ने विधालय मे सबसे अधिक अंक प्राप्त कर विधालय का नाम रोशन किया! इन्टर का परिणाम भी काफी अच्छा रहा विवेक साहिल पूनम उदयराज ने अच्छे अंक प्राप्त कर विधालय का नाम रोशन किया है! संचालक श्री यादव ने बताया की अंछे अंक पाने वाले छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा!इसके लिए तिथि की घोषणा बाद मे की जाएगी! विधालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत आने पर इसका श्रेय विधालय संचालक ने के शिक्षको को दिया है!इनका कहना था कि छात्रों को अच्छी सीख एंव संस्कृति देने का कार्य शिक्षक ही देता है!

## जल शक्ति अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से संयुक्त सचिव हैवी इंडस्ट्रीज मंत्रालय एवं सेंट्रल नोडल ऑफिसर विजय मित्तल के द्वारा किया गया गहन स्थल निरीक्षण

### विकास भवन के सभागार में बैठक करते हुए जल शक्ति अभियान से संबंधित गतिविधियों को निर्धारित मानक एवं समय अवधि के भीतर पूरा करने के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रैन नारे को सफल बनाने एवं




जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद में संचालित हो रही गतिविधियों को मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाने तथा जनपद में इस उद्देश्य को लेकर हुए अच्छे कार्य की सक्सेस स्टोरी बनाए जाने के उद्देश्य से संयुक्त सचिव हैवी इंडस्ट्रीज मंत्रालय भारत सरकार एवं सेंट्रल नोडल ऑफिसर जनपद गौतम बुद्ध नगर तथा उनकी टीम के अधिकारियों द्वारा आज जनपद में गहन स्थल निरीक्षण करते हुए जल शक्ति अभियान से संबंधित जनपद में संचालित हो रही गतिविधियों में गतिशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त सचिव के द्वारा अपने भ्रमण के दौरान विकास भवन के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक में अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत सरकार का यह बहुत ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से ग्राउंड वाटर को संरक्षित करने एवं पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत 75 तालाब अमृत सरोवर बनाए जाने के उद्देश्य से चयनित किए गए हैं, चयनित सभी तालाबों का कार्य नवंबर माह तक आवश्यक रूप से पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। अतः सभी संबंधित अधिकारियों का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। समस्त संबंधित अधिकारीगण जल शक्ति अभियान से जुड़े हुए सभी कार्यक्रमों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूरा करने के साथ-साथ अपने अपने स्तर पर बड़े बड़े जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जाएं ताकि ग्राउंड वाटर को संरक्षित करने के साथ-साथ पानी के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में भी जनपद में अच्छे प्रयास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जल शक्ति अभियान से जुड़े हुए जनपद में संचालित हो रहे कार्यक्रमों की गहन समीक्षा में पाया कि सभी प्राधिकरण के अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा अच्छे प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध नगर जनपद उत्तर प्रदेश के लिए फेस के रूप में काम करता है। जनपद में जो अच्छे कार्यक्रम जल शक्ति अभियान को लेकर पूर्ण किए जा रहे हैं, उनकी सक्सेस स्टोरी बनाकर भारत सरकार के पोर्टल पर पोस्ट की जाएं ताकि भारत के अन्य प्रदेश एवं जनपद गौतम बुद्ध नगर के मॉडल के आधार पर अपने-अपने जनपदों में इस अभियान को लेकर गतिविधियां संचालित कर सकें। इस अवसर पर सहायक अभियंता लघु सिंचाई हिमांशु गौतम ने पीपीटी के माध्यम से संयुक्त सचिव को जनपद में किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। संयुक्त सचिव के द्वारा जल शक्ति अभियान को लेकर जनपद में किए गए अच्छे प्रयासों की बैठक में सराहना की गई। बैठक में डीएफओ पीके श्रीवास्तव ने जनपद में संचालित किए जा रहे वृक्षारोपण के संबंध में विस्तार परक जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा कि वर्तमान तक 90% से अधिक लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई है। आयोजित महत्वपूर्ण बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र के द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर संयुक्त सचिव को आश्वस्त किया कि जल शक्ति से जुड़े हुए कार्यक्रम को जनपद में सफल बनाने के उद्देश्य से संयुक्त सचिव के द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों के माध्यम से अक्षरसः पालन सुनिश्चित कराते हुए सभी कार्यों को समय पर पूरा कराने की कार्यवाही की जाएगी। इससे पूर्व संयुक्त सचिव के द्वारा सेक्टर 51 नोएडा में इन सीटू वेटलैंड, सेक्टर 91 में वेटलैंड एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग का स्थल निरीक्षण भी किया गया। संयुक्त सचिव की टीम द्वारा बैठक के उपरांत ग्राम पंचायत सैंथली में पहुंच कर वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, श्रमदान अमृत सरोवर, सोक पिट उपरांत नोएडा के सेक्टर 54 में वेटलैंड, सेक्टर 33 में वेटलैंड एवं अक्रियाशील बोरिंग का निरीक्षण किया गया।

## जनपद में ताबड़तोड़ वारदातों से मचा हड़कंप

*– एक ही रात में कई घरों में हुई चोरियां, पुलिस गश्त की खुली पोल*

*– तेज तर्रार दरोगा कोतवाली इंचार्ज के इलाके में भी नहीं थम रहा बारदातो का सिलसिला*

अजय दुबे कन्नौज

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में बीती रात बदमाशों ने दो घरों को निशाना बनाकर लाखो रुपये की नगदी सहित जेबरात चोरी कर लिए परिजनों को सुवह होने पर घटना की जानकारी हुई।तो उनके होश उड़ गए एक ही रात में दो घरों में हुयी चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत ब्याप्त हो गयी,वही पुलिस गस्त की भी पोल खुल गई।

चौकी जसोदा के गांव सियरमऊ निवासी बिनोद सविता के घर चोर सामने के दरबाजे से दाखिल हुए जिसके बाद उन्होंने घर की अलमारी से पायल , बिछुआ , तोडिया , अंगूठी कुंडल सहित कुछ नगदी भी पार कर दी विनोद ने बताया कि चोर घर के मेन दरवाजे से दाखिल हुए थे चाबी भी सेफ में लगी थी आगे बाला गेट में कुंडी बंद थी सभी लोग बाहर सो रहे थे चोर आगे से घुसे रु व जेवरात लेकर पीछे वाले गेट से निकल गए विनोद का दामाद कमालगंज निवासी उमेश बुधवार को अपनी पत्नी रोली को बुलाने आया था वह जब प्रातः चार बजे उठ कर अंदर गया सामान बिखरा देख स्वजनो को उठा कर जानकारी दी वही दूसरी घटना सियरमऊ निवासी किशनपाल कठेरिया के घर में चोरों ने घुस कर सेफ का लाक तोड़ कर , झाले , मटरमाला , पायल , अंगूठी , कपड़े ले गए प्रातः जव घर के लोग सो कर उठे तब सेफ का लॉक टूटा देख कर चोरी की जानकारी तो उनके होश उड़ गये दो घरों से हुई चोरी की वारदात के वाद गांव में दहशत ब्याप्त है,ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस गश्त न होने कारण चोरों के हौसले बुलंद है।घटना सूचन पीड़ित परिवार ने जसोदा पुलिस को दी है जब घटना के सम्बन्ध में बात करने की कोशिश की गई तो जसोदा चौकी प्रभारी राम मनोज दुबे का मोबाईल स्विच ऑफ बोल रहा था।

उधर गधैया ऊसर गांव के एक घर से जेवर सहित नगदी पार की ।

तालग्राम में बुधवार को रात चोरों गधैया ऊसर गांव में तालग्राम छिबरामऊ सड़क किनारे बने मकान को अपना निशाना बनाया। चोरों ने रात में घर में घुसकर जेवरात और नगदी उड़ा ले गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम गधैया ऊसर निवासी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि वह बुधवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में ऑफिस का काम करने लगे। जबकि उनकी मां नीतू सिंह छत पर सोने चली गई। वह रात में लैपटॉप पर ऑफिस का काम करते करते सो गए। सुबह जब आंख खुली तो देखा कि अलमारी खुली पड़ी है। और उसका लॉकर भी खुला पड़ा है अलमारी में रखे कपड़े कमरे व समान चारों तरफ फैले पड़े है। जब लॉकर झांककर देखा तो उसमें रखें लगभग 18 लाख के जेवरात व डेढ़ लाख नगदी गायब थी। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पंहुचे बेहटा चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक हरि श्याम सिंह को दी। उन्होंने मौके पर पहुंच कर घटना का निरीक्षण कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### घटना वाली रात छोटा बेटा और मां घर पर थी मौजूद

*राघवेंद्र सिंह ने बताया वह तीन भाई हैं। बड़े भाई शिवेंद्र प्रताप सिंह मर्चेंट नेवी में सर्विस करते है और उनसे छोटे भाई लोकेंद्र सिंह राजस्व विभाग में नौकरी करते है। उनके दोनों भाई अपने परिवार के साथ बाहर थे। घर पर राघवेंद्र सिंह व उनकी मां नीतू सिंह थी। घर पर मां नीतू सिंह भाभी स्वीटी पत्नी लोकेंद्र सिंह व लोकेंद्र सिंह के जेवरात जिनकी कीमत करीब अठारह लाख व डेढ़ लाख नगदी लॉकर में रखें थे। जोकि अज्ञात चोरों ने पार कर दिए।*

*पुलिस ने बताया मामला संदिग्ध कई बिंदुओं पर होगी जांच।*

*पीड़ित के भाई नेअज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट अज्ञात चोरों ने घर से जेवरात समेत बीस लाख की चोरी होने पर राघवेंद्र सिंह पुत्र हाकिम सिंह ने अठारह लाख के जेवरात व डेढ़ लाख नगदी चोरी होने पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।*

## पहल- शिकायतों के तत्काल निस्तारण के लिये प्रदेश व्यापी टोल फ्री नंबर 1533 नंबर जारी

### संबधित विभाग तत्काल लेगा एक्शन -मेयर

आगरा (वी एन मिश्र) जनता से जुड़ी नगर निगम में सभी सुविधाओं, कार्य योजना की जानकारी एवं जन शिकायतों के तत्काल निस्तारण को प्रभावी बनाने के उद्देश्ये नगर निगम ने प्रदेश व्यापी टोल फ्री नंबर 1533 की शुरूआत की।

इस कड़ी में आगरा नगर निगम के महापौर नवीन जैन, नगर आयुक्त निखिल टीकाराम और अन्य अधिकारी एवं पार्षदगण ने लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े और नगर विकास मंत्री एके शर्मा का उद्बोधन सुना।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा द्वारा टोल फ्री नंबर 1533 की शुरूआत किए जाने के साथ ही महापौर नवीन जैन ने आगरा नगर निगम में कंट्रोल रूम को फीता काटकर उद्घाटन किया। जहां पर टोल फ्री नंबर पर आने वाली शिकायतों को सुना जाएगा। नवीन जैन ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगमों को



यह टोल फ्री नंबर 1533 दिया गया है। यह सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है और इस नंबर पर संपर्क कर शहर वासी नगर निगम की किसी भी योजना या कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी शिकायत व समस्याएं भी दर्ज करा सकते हैं। 1533 टोल फ्री नंबर पर आने वाली शिकायतों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी। महापौर नवीन जैन ने यह भी जानकारी दी कि इस टोल फ्री नंबर पर संपर्क करने के दौरान फोन जरूर उठेगा। इस दौरान जो भी बातचीत होगी उसका पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा लेकिन यदि फोन नहीं उठता है तो वह कॉल लखनऊ स्थित निदेशक स्थानीय निकाय के कार्यालय पर डेडिकेटेड कमांड कन्ट्रोल सेन्टर (ऊळउउ) पर स्वतः पंजीकृत हो जाएंगी। जिस पर नगर निगम की जवाबदेही सुनिश्चित होगी।


वहीं नगर आयुक्त निखिल टीकाराम ने सभी शहर वासियों से अपील की कि अब लोग नगर निगम से जुड़ी किसी भी सुविधा या समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1533 पर संपर्क करें। इस पर तत्काल प्रभाव से आपकी बात को सुना जाएगा और शिकायत का निस्तारण भी किया जाएगा।

इस दौरान दोनों अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र कुमार यादव और विनोद कुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, पार्षद अनुराग चतुर्वेदी, पार्षद प्रकाश केसवानी, पार्षद शरद चौहान, पार्षद आशीष पाराशर पार्षद जगमोहन आदि मौजूद रहे।

## एन सी सी ग्रुप कमाण्डर ने किया वार्षिक निरीक्षण

### 2यूपी वाहिनी एन सी सी का विस्तार आगरा की छः तहसील तक

आगरा! 2 उ0प्र0 वाहिनी एन सी सी आगरा का वार्षिक निरीक्षण आज ब्रिगेडियर अरुण यादव,ग्रुप कमाण्डर, एन



सी सी आगरा के द्वारा किया गया

ब्रिगेडियर अरुण यादव भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट से है एवं इन्होंने जम्मू एवं कश्मीर के ऑपरेशन एरिया से आकर माह दिसम्बर 2021 में एन सी सी ग्रुप मुख्यालय, आगरा में ग्रुप कमाण्डर का कार्यभार ग्रहण किया।वह शिकोहाबाद के रहने वाले हैं और वहाँ की मिट्टी से जुड़े हुए हैं इसके अतिरिक्त वह आगरा कॉलेज के पूर्व छात्र भी है।ब्रिगेडियर अरुण यादव रणभूमि के योद्धा है लेकिन वर्तमान में इनके अधीनस्थ आठ एन सी सी बटालियन आती है जिनका विस्तार आगरा, फिरोजाबाद, इटावा एवं मैनपुरी तक है तथा वह इन क्षेत्रों के युवाओं को योग्य बनाने को एक मिशन के तौर पर लेते है।

एन सी सी का उद्देश्य चरित्र निर्माण, अनुशासन एवं निःस्वार्थ देश की सेवा करना है और इनके अतिरिक्त अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँच बनाना तथा उन्हें प्रशिक्षित करना जिससे कि वे जिम्मेदार, धर्म निरपेक्ष एवं संगठित भारत के नागरिक बन सके।एन सी सी विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है। 2 यू पी वाहिनी एन सी सी आगरा जिसके अंतर्गत चार डिग्री कॉलेज, ग्यारह इण्टर कॉलेज और नौ स्कूल आते हैं।जिनका विस्तार आगरा जिले की छः तहसीलों तक है।जिसका सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक निरीक्षण आज सम्पन्न हुआ।

आज के विशेष अवसर पर कर्नल ए के झा, कमान अधिकारी एवं निम्नलिखित असैनिक कर्मचारी विजय कुमार प्रधान सहायक ,चन्द्र प्रकाश वरिष्ठ सहायक, श्रीमती अनीता चौधरी वरिष्ठ सहायक एवं मुकेश बाबू वरिष्ठ सहायक और सैन्य कर्मचारियों में सूबेदार मेजर रफीक मलिक,सूबेदार अमर सिंह, सूबेदार उत्तम बहादुर बुद्धा एवं नायब सूबेदार दीपेंदर सिंह एवं अन्य स्टॉफ द्वारा आने वाले मानसून में पाँच हजार पौधे लगाने का प्रण लिया है।

## तीन दिन में कुल 1094307 पौधे किये रोपित।

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 35 करोड़ वृक्षारोपण योजना के अन्तर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में कुल 921 स्थलों पर 1198096 वृक्षारोपण किया जाना निर्धारित है। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उक्त वृक्षारोपण कार्य के लिए दिनांक 05.07.2022 06.07.2022 07.07.2022 व 15.08.2022 नियत की गयी हैं। जिला वनाधिकारी गौतम बुद्ध नगर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 05.07.2022 को सम्पूर्ण जनपद में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा 908945 पौधों का रोपण किया गया था। उक्त वृक्षारोपण कार्य के द्वितीय दिनांक 06.07.2022 को भी जनपद गौतम बुद्ध नगर में पौधारोपण कार्य किया गया, जिसमें सम्बन्धित राजकीय विभागों/संस्थाओं द्वारा 87900 पौधे रोपित किये गये। उक्त वृक्षारोपण के तृतीय दिवस दिनांक 07-07-2022 को भी जनपद गौतमबुद्धनगर में पौधारोपण कार्य किया गया, जिसमें सम्बन्धित राजकीय विभागों/ संस्थाओं द्वारा 97462 पौधे रोपित किये गये। इस प्रकार इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन दिवसों मे जनपद गौतमबुद्धनगर में अब तक कुल 1094307 पौधे रोपित किये जा चुके है जो निर्धारित लक्ष्य 106.5 प्रतिशत रहा।

उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 07.07.2022 को मुठियानी ग्राम समाज, एन0टी0पी0सी0 रेंज में वन महोत्सव के अन्तर्गत फूड फॉरेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किताब सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी एन0टी0पी0सी0 रेंज, ग्राम प्रधान मुठियानी, सी0आई0एस0एफ0 के अधिकारी/कर्मचारी, एन0टी0पी0सी0 के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भाग लेकर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उसकी देख-भाल एवं जल संचय करने की अपील की।

## रोटरी क्लब ग्रेनो ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा रोटरी क्लब के सचिव विकास गर्ग ने बताया कि रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा व पंजाब केसरी के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर डॉक्टर चौहान संजीवनी हॉस्पिटल गामा 1 में लगाया गया ।

डॉक्टर डीएस चौहान ने बताया कि शिविर में लगभग 150 लोगों ने फिजिसीयन , बाल रोग विशेषज्ञ, फि जियोथरेपिसत, ईएनटी, डेंटिस्ट प्लास्टिक सर्जन , स्त्री रोग विशेषज्ञ आदि डॉक्टर से निशुल्क जाँच करायी । हॉस्पिटल द्वारा ब्लड टेस्ट , अल्ट्रसाउंड , ईसीजी , एक्सरे आदि टेस्ट पर 50% की छूट दी गयी ।

स्वास्थ्य जाँच शिविर में विनय गुप्ता , मुकुल गोयल , कपिल गुप्ता , विकास गर्ग , कपिल शर्मा , शुभम सिंघल , अशोक सेमवाल , शुभम गोयल , मोहित बंसल , सौरभ अग्रवाल , मोहित भाटी , राकेश शर्मा , अशोक अग्रवाल , मानसी गोयल , निधि गुप्ता , ऊषा गुप्ता आदि उपस्थित



रहे।

हॉस्पिटल के चेयरमेन ड़ा डीएस चौहान , ड़ा प्रमिला चौहान , ड़ा शुभम मित्तल , ड़ा निधि, ड़ा नेहा बिधुरी , ड़ा दीपक राठोर व हॉस्पिटल का नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

## रिछा स्टेशन इस्लाम नगर गौटीया मंजरा शाह पुर डांडी भीषण गर्मी में लाईट की कटौती से लोग परेशान चरमाराई लाईट बेबास्था

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

रिछा स्टेशन इस्लाम नगर गौटीया मे महज 4 से 5 घन्टे मिल रही है बिजली आपूर्ति के दौरान लगातार होती कटौती इन दिनों गर्मी से लोग बेहाल है। ऐसे मे बार बार बिजली कटौती से लोगो की मुसीबत काफी बड़ गई है। तपिश से लोगों को घर मे चैन नही है ना घर के बाहर 5/7 /22 को रात भर बिजली नही आई बिती कल रात दस बजे लाईट आने के बाद बारह बजे के बाद फिर गायब लाईट आने के बाद भी लगातार ट्रिपिंग की समस्या जिस के कारण घरो के उपकरण खराब हो रहे हैं



## वांछित शातिर अपराधी को अवैध तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना।पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित शातिर अपराधी धर्मवीर सैनी उर्फ आतंक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार बदमाश आतंक के विरुद्ध कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि एसआई कुलदीप राणा तथा सिपाही अभिषेक व भोले ने बुधवार की दोपहर एक बजे नगीना-बुंदकी मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास से नगीना के मोहल्ला कस्बा निवासी धर्मवीर सैनी उर्फ आतंक पुत्र राजेश सैनी को एक 315 बोर के अवैध तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।कोतवाल ने बताया कि धर्मवीर सैनी उर्फ आतंक नगीना थाना कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था।धर्मवीर उर्फ आतंक के खिलाफ जीआरपी थाना मुरादाबाद में दो तथा नगीना थाना कोतवाली में विभिन्न अपराधों के कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं।



## डीआईजी शलभ माथुर मुरादाबाद व एसपी दिनेश सिंह पहुंचे मोटा महादेव पुलिस चौकी किया निरीक्षण

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

मिली जानकारी के अनुसार डी आई जी मुरादाबाद शलभ माथुर ने आज पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, ने मोटा महादेव मंदिर पर शिवलिंग पर जल चढ़ाया और प्रार्थना की आगामी त्यौहार कावड़ मेला शांतिपूर्वक बीते। उसके बाद एस पी सिटी डॉक्टर प्रवीण कुमार रंजन ,, ए डी एम प्रशाशन विनय कुमार सिंह,,, सी ओ गजेन्द्र पाल सिंह,,,थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार गौड़ ,,,मोटा महादेव पुलिस चौकी वीरेंद्र सिंह,,, उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के सी ओ ट्रैफिक राकेश सिंह रावत।आदि अधिकारियों के साथ आगामी त्योहार पर्व और कावड़ मेले को लेकर मोटा महादेव पुलिस चौकी पर मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।कहा की पुलिस पब्लिक के साथ मधुर व्यवहार बनाए छेत्र में गस्त कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखे ।अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान ना दे महादेव मंदिर के पुजारी शशिनाथ व थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार गौड़ से मंदिर परिसर और कावड़ मेले में आने वाले कावड़तियो के विषय में जानकारी की ।साथ ही आगामी त्योहार ,पर्व कांवड़ मेले व ईद उल अजहा को लेकर पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा।आपको बता दें कि मंडावली थाने में थाना परिसर ,कार्यलय,महिला हेल्प डेस्क,मेश आदि का निरीक्षण किया ,त्योहार रजिस्टर आदि देखे ।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कावड़ मेले को लेकर अलर्ट रहने के लिए कहा ।




## देश के विकास के लिए आपसी भाईचारा जरूरी है सरदार सुखदेव सिंह

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** समाजसेवी सरदार सुखदेव सिंह का कहना है कि देश की उन्नति और विकास के लिए हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई भाईचारा होना जरूरी अगर किसी देश में भाईचारा नहीं होगा तो वो देश उन्नति और विकास नहीं कर सकता है सरदार सुखदेव सिंह ने कहा कि देश की सभी पार्टियों को देश हित में काम करना चाहिए और कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे देश का माहौल और विकास और उन्नति प्रभावित हो राजनीति से ज्यादा राजधर्म पर सभी पार्टियों को चलने की नसीहत देते हुए सरदार सुखदेव सिंह ने कहा कि राजनीति से ज्यादा देश के लिए राजधर्म जरूरी है मौजूदा मोदी सरकार से आशा करते हुए सरदार सुखदेव सिंह ने कहा कि उसे ऐसी नीतियां बनानी चाहिएं कि जो रोजगार और सुवरोजगार के अवसर पैदा कर सकें सरदार सुखदेव सिंह ने नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि वो शिक्षा के साथ साथ अपने पारिवारिक कार्यों पर भी ध्यान दें ताकि अपने गांवों और अपनी मातृभूमि से भी उनका रिश्ता और प्यार कायम रह सके सरदार सुखदेव सिंह ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा सीख देने का आह्वान करते हुए कहा कि अपनी शिक्षा और संस्कृति से ही ना जुड़ने की वजह से बच्चे पाश्चात्य संस्कृति का शिकार हो रहे हैं और वो अपनी संस्कृति और संस्कारों से कट कर रह गये हैं और यही वजह है कि आज पारिवारिक रिश्तों का हनन और ह्रास हो रहा है जो बहुत चिंतनीय विषय है



## एक महिला ने चलती एंबुलेंस में बच्चे को दिया जन्म जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** कहते हैं ना जब कुदरत किसी की मदद करती है तो उसमें इंसान की भी कोई जरूरत नहीं होती सारे काम गेब से हो जाते हैं यही कुदरत का चमत्कार कहा जाता है ऐसा ही एक मामला ग्राम सरकथल सानी निवासी एक गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था लेकिन हॉस्पिटल जाने से पहले ही महिला ने एंबुलेंस में ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। एंबुलेंस में बच्चे की किलकारियां गूंजने पर परिवार के लोगों ने भगवान का शुक्र अदा किया वही एंबुलेंस के स्टाफ का परिवार के लोगों ने आभार व्यक्त किया। बताया जाता है कि धामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सरकथल सानी निवासी आदेश देवी पत्नी करन सिंह की पत्नी की गत रात 1:15 बजे प्रसव पीड़ा होनी शुरू हुई। बताया जाता है कि पर प्रसव पीड़ा के चलते महिला को अधिक दर्द होने पर परिवार के लोगों ने आपातकालीन 108 एंबुलेंस को तुरंत फोन किया जिससे तुरंत 108 एंबुलेंस महिला के घर पर पहुंच गई तथा महिला को गंभीर व्यवस्था में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ला रही थी। लेकिन रास्ते में ही महिला की हालत ज्यादा खराब होने लगी। 108 एंबुलेंस के ईएमटी प्रमोद कुमार तथा चालक घनश्याम सिंह के कुशल नेतृत्व में महिला ने चलती एंबुलेंस में है स्वस्थ बच्चे को जन्म दे दिया। बच्चा और बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं। महिला को एंबुलेंस स्टाफ ने उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया कुदरत का यह चमत्कार है न डॉक्टर और नहीं नर्स थी फिर भी महिला ने बच्चे को सुरक्षित जन्म दिया चलती एंबुलेंस में महिला के डिलीवरी होने की सूचना पर परिवार के लोगों ने भगवान का शुक्र अदा किया और एंबुलेंस के स्टाफ ईएमटी प्रमोद कुमार तथा चालक घनश्याम का आभार व्यक्त किया।



# भीषण गर्मी में बिजली कटौती से बहेड़ी के लोग बेहाल

संवाददाता समाज जागरण

**बहेड़ी** कस्बे को महज 12 से 13 घंटे मिल रही बिजली आपूर्ति के दौरान लगातार होती है कटौती बहेड़ी। इन दिनों गर्मी से लोग बेहाल हैं। ऐसे में बार-बार बिजली कटौती से लोगों की मुसीबत काफी बढ़ गई है। तपिश से लोगों को घर में चैन है न घर के बाहर ही आराम है। बहेड़ी के कई सभासदों में जैसे कि सभासद नसीम अहमद सभासद सलीम चंदा सभासद ताहिर पप्पू सभासद मोहम्मद जाकिर व अन्य लोगों ने बेहतर वोल्टेज व 20 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग अधिकारियों से की है। जुलाई महीने की शुरूआत के बाद से गर्मी ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। दिन में सूरज का तापमान अधिक होने से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर सन्नाटा छाया रहता है।शाम छह बजे के बाद ही लोग घरों से बाहर निकल पा रहे हैं। सभासद नसीम अहमद ने कहा कि गर्मी चरम पर है। घरों से निकलना कठिन है। बिजली की आपूर्ति भी बदतर है। महज 12 से 13 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। उसमें भी बिजली की आवाजाही बनी रहती है। लगातार बिजली नहीं मिलने से लोग पड़ रही तेज गर्मी व उमस से परेशान हैं। घरों के भीतर रहने वाली महिलाओं व बुजुर्गों को काफी दिक्कत होती है। बिजली कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सभासद ताहिर पप्पू और लोगों का कहना है कि बिजली की आपूर्ति बेहतर हो व निर्धारित आपूर्ति के घंटे सुनिश्चित हो तो उन लोगों को गर्मी में दिक्कत नहीं होती, लेकिन स्थिति यह है कि गर्मी के साथ ही बिजली भी परेशान कर रही है। इस संबंध में विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता ने बताया कि रोस्टर के अनुसार बिजली दी जा रही है, कोई फाल्ट आ जाता है तो उसे तुरंत दूर कर दिया जाता है।



# मुजफ्फरनगर में बोले भाजपा नेता राहुल प्रधान मोदी का मुरीद वह चुका मुसलमान

रिपोर्ट मोहम्मद आबिद खान
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

भाजपा किसान मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यः राहुल प्रधान बृहस्पतिवार को निजी कार्यक्रम में शामिल होने मुजफ़्फ़रनगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी तंज कसा। श्री प्रधान ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में मुसलमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुरीद हो चुका है। इसके चलते कुछ अलगाववादी लोग और कुछ राजनीतिक पार्टी के नेता माहौल खराब कर रहे हैं। देश का माहौल खराब करने के लिए उन लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से नुपुर शर्मा के बयान को उछाला है। राहुल प्रधान को मुजफ़्फ़रनगर के मोहल्ला स्थित डॉक्टर सुमित प्रधान के आवास पर निजी कार्यक्रम में आए थे। कार्यक्रम के बाद पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की स्थिति खिसयानी बिल्ली खंबा नोंचे जैसी हो गई है। वह सरकार बनाने तथा खुद को मुख्यमंत्री बनाने के सपने संजो रहे थे, लेकिन परिणाम आने पर धड़ाम से नीचे आ गिरे। उनकी हालत तब और खराब हो गई जब वह आजमगढ़ और रामपुर भी हार गए। 2024 में यूपी की सभी सीटें जीतने का दावा श्री प्रधान ने दावा किया कि वर्ष 2024 के लोकसभा में भाजपा प्रदेश सभी 80 सीटें जीतेगी। अबकी बार भी भाजपा के खाते में जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना अच्छी योजना है। युवाओं में बहुत जोश है। युवा यह कहने लगे हैं कि भारत की सेवा के लिए चार साल क्या उन्हें एक दिन के लिए भी यदि सेना की वर्दी मिलती है, तो वह खुशी-खुशी सेना में भर्ती होंगे। कुछ लोग अलगाववाद की प्रेरणा से प्रेरित होकर इसका विरोध कर रहे हैं।



# जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा जिले को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के सहयोग के अनुरोध पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से आए डिप्टी सेक्रेट्री एवं उनकी टीम के साथ बैठक आयोजित,

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
बिजनौर आसिफ अख्तर के साथ
मोहम्मद आरिफ

**जनपद बिजनौर** के,जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला बिजनौर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कण्व आश्रम, विदुर कुटी, बैराज पीली डेम, मालन नदी को विकसित किए जाने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि विदुर कुटी को आमजन के लिए हितकारी बनाने के लिए वहां स्थित आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर आधारित चिकित्सालय स्थापित किए गए हैं, जिसमें मरीजों के भर्ती एवं तीमारदारों के लिए ठहरने की उचित व्यवस्था भी मौजूद है। उन्होंने बताया कि इसी के साथ ज्योतिष एवं योगा अध्ययन केंद्र स्थापित किए जाना प्रस्तावित है। जिलाधिकारी श्री मिश्रा कलेक्ट्रेट सभागार में जिले को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के सहयोग के अनुरोध पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से आए डिप्टी सेक्रेट्री एवं उनकी टीम के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला बिजनौर में पौराणिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, एतिहासिक एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जिला है, जिसमें पर्यटन के लिए विशेष सम्भावनाएं एवं आकर्षण है। उन्होंने बताया कि विदुर कुटी में जिला प्रशासन द्वारा जन सहयोग के माध्यम से इन्फ्रास्ट्रचर तैयार कराया गया है, उसका केवल रिनोवेट करने की जरूरत है। जिलाधिकारी ने बताया कि विदुर कुटी में बिजनौर के प्राचीन इतिहास, महात्मा विदुर, कण्व ऋषि आदि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आदि विषयों पर भरपूर जानकारी पर आधारित पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय भी मौजूद है और पाठकगणों के लिए अध्यन की उचित व्यवस्था भी है। उन्होंने यह भी बताया कि गंगा बैराज और पीली बांध को जल क्रीड़ा स्थल के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि जिला बिजनौर का बहुत बड़ा क्षेत्र गंगा की धारा से आच्छादित है और कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर गंगा के विस्तार के साथ-साथ पानी की गहराई भी बहुत ज्यादा होने के कारण जल क्रीड़ा की प्रबल सम्भावनाएं मौजूद हैं। उन्होनें कहा कि ऐसे स्थलों की निशानदेही कर उन्हें जल क्रीड़ा के संस्साधनों की उपलब्धता करने के लिय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास किये जा रहे। उन्होंने यह भी बताया कि अमानगढ़ वन क्षेत्र को पर्यटकों के विचरण के लिए शीघ्र खोला जाना प्रस्तावित है, जहां प्राकृतिक वन सौंदर्य के साथ-साथ वन्य जीव-जन्तुओं के दर्शन की संभावनाएं भी मौजूद हैं। डिप्टी सचिव, जलशक्ति भारत सरकार धीरज जोशी उक्त जानकारी से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने उपरोक्त स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर टीम के सदस्यों को कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से जिला बिजनौर को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा मीटिंग में मौजूद डीएफओ को निर्देश दिए कि डिप्टी सेक्रेट्री श्री जोशी को उक्त सभी स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कराएं। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी बिजनौर डा0 अनिल कुमार तथा जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अन्य अधिकारी एवं सर्वे टीम के सदस्य मौजूद थे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुयी बकरीद एवं श्रवण मास कांवड यात्रा के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था की बठैक

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो बिजनौर
आसिफ अख्तर के साथ मोहम्मद
आरिफ

मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि सभी त्यौहार खुशनुमा माहौल, आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ परम्परागत तरीके से मनाये जायें-जिलाधिकारी 02 दिन मे जहां-जहां सडके टूटी है उनको ठीक कराये-जिलाधिकारी कावडियों का मार्ग सुगम बनाये तथा नमाजियों को कोई असुविधा न हो यह सुनिश्चित करें-जिलाधिकारी परस्पर सहयोग व मिलजुल कर त्यौहार मनायें-पुलिस अधीक्षक किसी नयी परम्परा की शुरूआत नही होगी, सडक पर नमाज अदा नही होगी, प्रतिबन्धित जानवरो की कुबार्नी नही होगी- पुलिस अधीक्षक पूर्वी कावड यात्रा के लिये प्रमुख चौराहो पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है तथा उनकी ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी- पुलिस अधीक्षक ग्रामीण धार्मिक स्थलो पर निर्धारित माइक व स्पीकर ही रहें तथा स्पीकर की आवाज जितनी अनुमन्य है उतनी ही रहे-पुलिस अधीक्षक नगर बिजनौर 07 जुलाई, 2022:- बकरीद 10 जुलाई को व श्रवण मास 14 जुलाई से प्रारम्भ है। ईद-उल-अजहा (बकरीद) एवं श्रवण मास कांवड यात्रा के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था के संबंध मे विकास भवन सभागार में आहुत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी का कहना है व उनकी मंशा है कि सभी त्यौहार खुशनुमा माहौल,आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ परम्परागत तरीके से मनाये जायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 02 दिन मे जहां-जहां सडके टूटी है उनको ठीक करायें। धर्म गुरूओ ने आश्वस्त किया कि सभी त्यौहार आपसी सौहार्द से मनाये जायेगे व जनपद की सुख शांति बनी रहेगी। इस अवसर पर थानावार जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि कावडियों का मार्ग सुगम बनाये तथा नमाजियों को कोई असुविधा न हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कावंड़ यात्रा के जो मार्ग है उन सभी मार्गों को पूर्व मे जांच ले। मार्ग मे कही कोई बिजली का खंबा या कोई पेड़ लटका हुआ तो नहीं है यदि है तो उसको पूर्व में ही ठीक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रास्ते से भांग के पेड/पौधे हटाये जाये तथा गुलहड के पेड की छटाई करायी जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि एंबुलेंस की व्यवस्था व ऐण्टी-वेनम इन्जेकशन की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें उन्होने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर पेयजल व साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि ईद के अवसर पर जनपद में विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें तथा कहीं भी कोई बिजली का तार लटका हुआ ना हो यह देखना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत को निर्देश दिये कि पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिये जनरेटर की व्यवस्था पूर्व में ही कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना स्तर पर कंट्रोल रूम बनाये तथा जनपद स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम बनाये। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा फहराये तथा अमृत सरोवर पर भी ध्वजारोहण करायें। उन्होंने कहा कि आमानगढ का गेट खुल जाने से पर्यटन को बढावा मिलेगा। उन्होंने उपस्थित सभी धर्म गुरूओ व गणमान्य लोगो से कहा कि उनकी जो भी समस्याएं है उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जायेगा। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कहा कि मुझे अपने बिजनौर, बिजनौर वासियों पर पूर्ण विश्वास है की सभी लोग आने वाले त्यौहारों को शांति व प्यार के साथ मनायेगें। उन्होंने कहा कि यहां के लोगो का स्वभाव अच्छा है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व मे भी इस जिले मे रहे है यहां के लोग परस्पर सहयोग व मिलजुल कर त्यौहार मनाते रहे है और यह आगे भी जारी रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने कहा कि जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाया जायेगा अगर किसी को सडक, पानी व साफ-सफाई आदि के संबंध मे काई कार्य कराना है तो वह सुचित कर सकते है। पुलिस अधीक्षक पूर्वी ओमवीर सिंह ने कहा कि किसी नयी परम्परा की शुरूआत नही होगी जो पूर्व मे ही चली आ रही परम्पराएं है वही रहेगीं। उन्होंने कहा कि सडक पर नमाज अदा नही होगी। प्रतिबन्धित जानवरो की कुबार्नी नही होगी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज ने कहा कि थाना व चौकी स्तर पर शांति समिति की बैठकें कर ली गयी है। परम्परागत तरीके व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाये। उन्होंने कहा कि कावड यात्रा के लिये प्रमुख चौराहो पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है तथा उनकी ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी। पुलिस अधीक्षक शहर डा0 प्रवीण रंजन ने कहा कि धार्मिक स्थलो पर निर्धारित माइक व स्पीकर ही रहें तथा स्पीकर की आवाज जितनी अनुमन्य है उतनी ही रहे। उन्होंने कहा कि कुबार्नी खुले स्थान व सार्वजनिक स्थानो पर नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, पुलिस अधीक्षक पूर्वी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक नगर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष सहित धर्म गुरू उपस्थित रहे।



# बिना मान्यता के चल रहा है विद्यालय

दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक

किरतपुर। गांव आलोपुर में स्थित सुगंधा एकेडमी विद्यालय बिना मान्यता के चल रहा है। विभागिये अधिकारियों की अन्देखी के चलते मासूमों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। बीईओ चरण सिंह का कहना है कि नोटिस दिया जा चुका है बावजूद इसके विद्यालय संचालित किया जा रहा है।किरतपुर क्षेत्र के गांव आलोपुर में सुगंधा एकेडमी द्वारा संचालित विद्यालय बगैर मान्यता के संचालित है। विद्यालय का स्वामी रसूखदार है और उसकी सत्ताधारी पार्टी में अच्छी पकड़.है, इसी रसूखदारी के चलते कोई भी अधिकारी अथवा बीईओ या बीएसए विद्यालय बंद करवाने में स्वंय को लाचार महसूस कर रहे हैं। हालांकि अधिकारियों द्वारा कई बार नोटिस दिया जा चुका है। विद्यालय का भवन, खेल का मैदान एंव अन्य सुविधायें मानक के अनुरूप नहीं हैं। किसी भी प्रकार से विद्यालय के लिए उत्तम नहीं है। लेकिन रसूखदार स्वामी पर ना कानून का, ना नियमों और ना ही अधिकारियों द्वारा जारी नोटिस का कोई फर्क पड़ता है। उसने हर बात नजर अंदाज करके विद्यालय संचालित कर रखा है। विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है जहां बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। लेकिन जिस विद्यालय की नींव ही झूट पर टिकी हो वहां के छात्र किस प्रकार की शिक्षा प्राप्त करेंगे ये बड़ा सवाल है। अधिकारियों द्वारा मामले में क्या कार्यवाही होगी ये भी बड़ा सवाल है

## मांस का गंदा पानी श्मशान भूमि में डालें जाने को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

**बरेली।** करणी सेना जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने बताया कि संजय नगर तिराहे पर एक बिरयानी की दुकान है जहां पर बिरयानी की दुकान वाला चिकन का गंदा पानी श्मशान भूमि में पाइप के द्वारा छोड़ देता है और रास्ते में रोड के किनारे फेंक देता है शमशान जहां जिसको पवित्र स्थान माना जाता है खासतौर सनातन धर्म में जहां मीट का गंदा पानी छोड़ना धार्मिक भावनाओं को आहत करता है जहां मीट का का पानी फेंका जाता है वहा बहुत गंदी बदबू आती है जिससे आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसको लेकर आज करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा साथ ही नगर आयुक्त ने कार्यवाही का दिया आश्वासन ज्ञापन देने वालों में प्रशांत सिंह, नवीन सक्सेना, छोटू सोनू रिंकू राहुल गुप्ता आदि लोग रहे उपस्थित



## नगीना पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना ।** पुलिस अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार बिजनौर के आदेश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के अनुक्रम में अपर अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला व थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 7 जुलाई 2022 को उप निरीक्षक नरेंद्र पाल अग्निहोत्री द्वारा 1 नफर अभियुक्त अमजद पुत्र मोहम्मद अयूब निवासी रहमुल्ला कॉलोनी थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर को संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 215/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है




## पौधरोपण से पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है। उमाशंकर सिंह

आशु खरवार दैनिक समाक जागरण

**रसड़ा(बलिया)।** बिभिन्न संस्थानों एवम स्कूलों में पौधारोपण का पर्यावरण को सुरक्षित रखने का लिया गया। विधायक उमाशंकर सिंह ने सरायभारती गाँव के खेल मैदान में फलदार वृक्ष लगा कर अधिक से अधिक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। कहा कि पौधों को सुरक्षित करके ही अपनी जीवन की रक्षा की जा सकती है। खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत ने कहा कि पेड़ लगाने उसकी सुरक्षा की परंपरा भारतीय संस्कृति का मूल संदेश प्रमुख रहा है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रभाकर राम, खण्ड विकास अधिकारी प्रवीनजीत, सतीश सिंह, निर्भय सिंह, अश्वनी कुमार, रणधीर सिंह, पिंकी सिंह आदि उपस्थित रहे। वही फुलेहरा स्मारक महाविद्यालय में प्रवन्धक गोविन्द नारायण सिंह, बाबा रामदल सूरजदेव स्मारक कालेज पकवाइनार मे प्राचार्य आशुतोष कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजमोहन, विशाल यादव, रमाकांत सिंह, टुनटुन सिंह, सतीश सिंह, सियाराम यादव, राम अवध यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसबीडी महिला महाविद्यालय ने शासन के निर्देश पर 180 पौधारोपण किया

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** एस बी डी महिला महाविद्यालय मैं शासन द्वारा निर्देशित वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय एवं एन एस एस विभाग के संयोजन मे 180 पौधा का रोपण भूमि पर किया गया तथा अभियान के अंतर्गत से सहजन आंवला अर्जुन अमरूद शीशम एवं कंची आदि छायादार वृक्षों का एन एसएस डी छात्राओं द्वारा ग्राम दीतनपुर मे वृक्षारोपण किया गया इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय की हिंदी विभाग अध्यक्ष एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर पूनम चौहान एन एस एस की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम पाल गणित विभाग से डॉ संदीप कुमार सिंह समाजशास्त्र विभाग से मुकेश कुमार, एवं भो भूगोल विभाग से लोकेंद्र कुमार तथा एन एस एस की छात्राएं विधि रूपाक्षी प्रिया अंजलि अरूशा, फायजा आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा लक्ष्मी नगर वह मारवान मोहल्ले के चामुंडा मंदिर के निकट व्यक्तिगत भूमि पर भी वृक्षारोपण किया गया अमित कुमार लिपिक बलजीत राम सिंह, एवं मनोज कुमार, अर्जुन रोहित कुमार का विशेष सहयोग देखा गया।



## भीषण गर्मी से बेचैन है लोग बाग मासूम बच्चों ने गिड़गिड़ाकर अल्लाह से मांगी बारिश के लिए दुआ।

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। इस वर्ष गर्मी का प्रकोप कुछ ज्यादा ही हो रहा है पब्लिक को ना घर मे चयन ना बाहर गर्मी के मारे है बुरा हाल अक्सर सुना करते थे शहरी इलाके मे प्रदूषण होने की वजह से गर्मी का प्रकोप ज्यादा होता है लेकिन अब तो ग्रामीण क्षेत्र में भी गर्मी से ग्रामवासी बहुत परेशान नजर आते हैं। ग्राम मिलक जहांगीराबाद पृथ्वीपुर बनवारी निवासी फारुक अंसारी समाजसेवी एवं पत्रकार के बेटे सनाउल्लाह छोटे बेटा अरेकम राजा जुनैद सुफियान सायन रिहान समीर इन सब मासूम बच्चों ने रहमत की बारिश और इस गर्मी से निजात दिलाने को लेकर अल्लाह से हाथ उठाकर दुआ मांगी इन बच्चो ने अपने मोहल्ले के बच्चों से भी बारिश के लिए दुआ करने की अपील की अभी सही तरीके से यह मासूम बच्चे साफ जवान में बोल भी नहीं पाते हैं लेकिन गर्मी से बेहद परेशान है और ऐसे मासूम बच्चों की दुआ अल्लाह ताला जरूर कबूल करते हैं। बच्चों को तालीम की शिक्षा अपने माता पिता से मिली है । वैसे भी समाजसेवी एवं पत्रकार फारुख अहमद अंसारी के बच्चे बहुत ही होनहार हैं जब के एक छोटे से गांव में परवरिश कर रहे हैं लेकिन घर का माहौल शिक्षा से भरपूर है यही वजह है कि छोटे बच्चों का रुझान भी पढ़ाई लिखाई और दीनी तालीम के और ज्यादा इन बच्चों ने दोनों हाथ उठाकर गिड़गिड़ाकर अल्लाह ताला से भीषण गर्मी से निजात दिलाने की और रहम की दुआ की और बारिश की दुआ मांगी।



## रोटरी क्लब ने आदर्श इंटर कॉलेज में बच्चों को ठंडा पानी के लिए एक वाटर कूलर भेंट किया

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** इस गर्मी के मौसम को देखते हुए रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया ने ग्राम उमरी के आदर्श इंटर कॉलेज में एक वाटर कूलर भेंट किया। जिससे कि इस भीषण गर्मी के मौसम में छात्र छात्राओं को ठंडा पानी पीने को मिल सके। बताया जाता है कि रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष अजीत सिंह चावला वह सचिव मनीष गर्ग ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर सामाजिक कार्यों में योगदान देती रहती है। जिसके अंतर्गत आदर्श इंटर कॉलेज ग्राम उमरी के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए एक वाटर कूलर भेंट किया गया है कूलर प्रधानाचार्य ने वाटर कूलर भेंट करने के लिए रोटरी क्लब पदाधिकारियो का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि इस गर्मी के मौसम मे बच्चों को ठंडा पानी पीने को मिलेगा और यह तो एक पुन का काम है । इस मौके पर सामाजिक संस्था के अध्यक्ष अजीत सिंह चावला सचिव मनीष गर्ग, हृदेश गुप्ता, सतपाल सिंह चावला, एसपी सलूजा, शिवेंद्र अग्रवाल, गगनदीप सिंह, डॉ, कुशाग्र सक्सेना, संजय वर्मा, आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।



22 may 2022:Layout 1 7/8/2022 2:23 AM Page 5



## किशोरी का अपहरण एवं दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त मां बेटे को पुलिस ने भेजा जेल।

दैनिक समाज जागरण/ विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर किशोरी का अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोप में वांछित चल रहे मां बेटे को गुन्नौर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय। मुकदमे की विवेचना गुन्नौर सीओ के द्वारा की जा रही थी। जिसमें मां बेटे की खिलाफ आईपीसी की धारा 363 /376/504 एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था पुलिस अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई थी



पुलिस ने परिवार के साथ गंगा स्नान करने आई किशोरी का अपहरण एवं दुष्कर्म करने के आरोप में फरार वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया. अभियुक्त के खिलाफ पीड़ित ने 25 जून 2022 को शिकायत की थी कि अभियुक्त ने अपनी मां के सहयोग से ,अपहरण कर दुष्कर्म किया था. इसके बाद गुन्नौर पुलिस ने इसको संज्ञान में लेते हुए ,अपहरण के संबंध में वांछित चल रहे अभियुक्त सुखबीर पुत्र रामजीत रामनिया उर्फ रामा पत्नी रामजीत, को नेहरू चौक गुन्नौर से समय करीब 12:00 बजे उपनिरीक्षक आदित्य कुमार कांस्टेबल अरविंद कुमार शर्मा आरक्षी पूजा के द्वारा गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश करने भेजा।

## डॉ राजेश मिश्रा के चातुर्मास पर करेंगे कड़ी साधना

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई इस बार चातुर्मास दस जुलाई ( आषाढ़ शुक्ल एकादशी) से प्रारम्भ हो रहे हैं जो कि चार नवम्बर ( कार्तिक शुक्ल एकादशी) तक रहेंगे। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम के संस्थापक व सीनियर नेचरोपैथ डॉ राजेश मिश्र ने बताया कि ध्यान और साधना के लिए चातुर्मास अत्यन्त महत्त्पूर्ण माने जाते हैं।डॉ मिश्र ने बताया कि जो तीन वर्ष अथवा इससे अधिक समय से नित्य दोनों समय सन्ध्या, हवन व ध्यान करते हों और पूर्ण रूप से स्वस्थ हों, ऐसे साधक चार महीने तक कायाकल्पकेन्द्रम परिसर में रहकर नित्य दोनों समय सन्ध्या, हवन



और ध्यान के साथ-साथ शास्त्रों का अध्ययन कर सकेंगे। बताया चार महीने तक नित्य एक से तीन घंटे तक मौन भी रहना होगा। प्रातः व सायं फलाहार और एक समय दोपहर में सात्विक भोजन कर सकेंगे। चार महीने तक कायाकल्पकेन्द्रम-परिसर से बाहर नहीं जा सकेंगे। डॉक्टर मिश्र ने बताया कि वे चार महीने तक यम-नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए साधना करेंगे। बताया उनकी प्रतिज्ञा के अनुसार साधना करने के इच्छुक व्यक्ति नौ जुलाई को दोपहर बारह बजे तक कायाकल्पकेन्द्रम में सम्पर्क कर सकते हैं।

## आजादी का अमृत महोत्सव' को लेकर रेलवे सुरक्षा बल ने चलाया कैम्पेन

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

**कछौना( हरदोई )।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल मुरादाबाद के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव चौकी प्रभारी राम नरेश ने नेतृत्व में मनाया गया। इस क्रम में 72 किलोमीटर की दौड़, परिसर की साफ सफाई, पौध रोपड़ आदि कार्यक्रम के आयोजन किया गया। अमृत महोत्सव के बारे में सब इंस्पेक्टर सचिन त्यागी ने बताया कि वृक्ष



धरा का भूषण हैं- करते दूर प्रदूषण हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने और उनकी टीम ने ब्रांच लाइन के बर्मी स्टेशन पर करीब एक सैकड़ा पौधों को रोपित किया है और अब रेलवे आवासों के आसपास जहाँ भी उन्हें उचित स्थान मिल रहा है वह वृक्षारोपण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष लाखों पेड़ लगाए जाते हैं लेकिन देखभाल के अभाव में तमाम पेड़ सूख भी जाते हैं लेकिन उनकी टीम ने ये निश्चय किया है कि जितने पेड़ वह लगाएंगे उनको समय समय पर खाद पानी को देकर बड़ा भी करेंगे इस दौरान सब इंस्पेक्टर सचिन त्यागी, हरीश भारती, हेड कन्स्टेबल लक्ष्मण दास, आलोक त्रिपाठी, अरुण यादव व लिपिक अजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## कुल 97 वार्डो में व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया-अविनाश कुमार

समाज जागरण

**हरदोई।** जनपद में चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत आज नगरीय निकायों के 240 वार्डो में से 129 वार्डो में फागिंग/लार्वी साइड का छिड़काव किया गया। सभी वार्डो में नालियों की सफाई की गयी, कचरे का निस्तारण किया गया। जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि कुल 11 असुरक्षित जल श्रोत चिन्हित किये गये तथा उन्हे लाल रंग से चिन्हित करते हुए बन्द किया गया। कुल 97 वार्डो में व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी क्षेत्रों में साफ सफाई के साथ साथ झाड़ी कटाई का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि स्क्रबटाइफस को पनपने से रोका जा सके। आशा द्वारा प्रत्येक बुधवार व शनिवार को वीएचएनडी सत्रो पर संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में बैठके की जा रही है। आशा द्वारा आज 31918 लोगो को क्लोरीनेशन डेमो एवं संचारी रोगो से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कुल 306 घरों में सोर्स रिडक्शन का कार्य किया गया है। 1323 कन्टेनर्स खाली करवाये गये अभी तक कोई पॉजिटिव कन्टेनर नही पाया गया। उन्होने कहा कि संचारी रोगो से बचाव हेतु लोग अपने आस पास साफ सफाई रखे, और अन्य लोगो को भी जागरूक करें।

## तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार को रौंदा एक की मौत दूसरा घायल।

दैनिक समाज जागरण/ विजेंद्र सिंह धनारी



थाना धनारी क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक पर सवार दोनों भाइयों में से एक की मौके पर हुई मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा। घायल को उपचार हेतु एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव भकरौली निवासी दिनेश (24) व ललतेश (20) वर्ष पुत्र रामपाल दोनों भाई बबराला से अपने घर भकरौली आ रहे थे। तभी केल व भकरौली के बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। ललतेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दिनेश ,गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया। डाक्टरों की माने तो दिनेश की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। धनारी पुलिस ने बताया कि कार चालक फरार है। कार को कब्जे में ले लिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## विधायक ने पाली थाना परिसर में किया वृक्षारोपण

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

पाली, हरदोई। पाली थाना परिसर में बृहस्पतिवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने थानाध्यक्ष के साथ पौधारोपण किया। विधायक ने यहां मौजूद लोगों से पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेने को कहा। थाना परिसर में सैकड़ों की तादाद में पौधेरोपित किए गए। बृहस्पतिवार को पाली थाना परिसर में सवायजपुर से बीजेपी विधायक कुंवर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने थानाध्यक्ष सुनील दत्त कौल के साथ फलदार, छायादार पौधे लगाए गए। इस दौरान विधायक ने कहा कि पेड हमें ऑक्सीजन देते हैं। आज जो बारिष की कमी हुई है। वह दिनोदिन



घटती पेडों संख्या से हुआ है। अगर हम पौधरोपण करेंगे तो पर्यावरण संतुलन बना रहेगा । इस समय तेजी से प्रदूषण बढ़ रहा है। प्रदूषण के चलते लोगों को तरह-तरह की बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं। वृक्षों के बगैर जन जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। वृक्षारोपण के लिए उन्होंने आम लोगों को भी जागरूक किया। थानाध्यक्ष सुनील दत्त कौल ने कहा कि पौधरोपण के कार्य निरंतर चलता रहना चाहिए। थानाध्यक्ष ने हर एक व्यक्ति से पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर प्रकृति को नियंत्रित रखना है तथा प्रदूषण से मुक्ति पानी है तो पौधरोपण करना आवश्यक है। कहा कि अगर पेड़ों का कटान बंद नहीं हुआ तो हम लोग एक दिन सांस लेने के लिए परेशान हो जाएंगे। इस दौरान भाजपा नेता श्याम मोहन मिश्रा, रामू बाजपेई, प्रदीप कुमार गुप्ता दीपू, मुन्ना लाल गुप्ता, गौरव बाजपेई, महावीर कुश-ावाहा, समेत वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय नारायण शुक्ला, उपनिरीक्षक रामवचन भारती, संदीप यादव, नीरज कुमार, कांस्टेबल जयपाल, अमित कुमार, राजेश कुमार, अमरेश यादव, मोहित आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## लायंस क्लब हरदोई उदय की हुई स्थापना : निहाल बने अध्यक्ष

### डॉ संजीव कुमार, श्यामजी गुप्ता एवं कंचन खन्ना हुई सम्मानित

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

**हरदोई।** ध्वज वंदना के साथ प्रारम्भ हुई बैठक में सर्वप्रथम लायंस क्लब के पूर्व गवर्नर हरगोविंद सेठी ने क्लब द्वारा चलाये जा रहे सेवा कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि लायंस क्लब जनपद हरदोई में 48 वर्षों से सेवा कार्यो में संलग्न है। क्लब का विस्तार करते हुए लायंस क्लब हरदोई उदय का गठन किया जा रहा है। नवीन क्लब के गठन करते हुए निहाल श्रीवास्तव को अध्यक्ष, अविजित मिश्र को सचिव तथा पीयूष खन्ना को कोषाध्यक्ष पद पर चयनित किया गया। 20 सदस्यीय नवीन क्लब के सदस्यों को शपथ दिलाते हुए हरदोई विशाल अध्यक्ष



लायन गौरव सिंह भदौरिया ने सभी को लायंस क्लब की कार्य प्रणाली तथा उसके गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया।सभी नए सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मोतियाबिंद कैम्प में विशेष योगदान हेतु डॉ संजीव कुमार, जनपद में पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु श्यामजी गुप्ता तथा लायनेस कंचन खन्ना को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। हरदोई उदय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निहाल श्रीवास्तव ने सभी के सहयोग से कार्य करने की बात करते हुए बताया कि लायंस क्लब हरदोई उदय के द्वारा सामाजिक कार्यो को गति प्रदान की जाएगी तथा समाजोपयोगी कार्यो को वरीयता दी जाएगी। बैठक में लायन अविनाश चंद्र गुप्ता, लायन अवध बिहारी मिश्र, लायन प्रकाश खन्ना, लायन अशोक कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता,अखिलेश गुप्ता,अनूप पुरी,दीपक अग्रवाल,पंकज अग्रवाल,पंकज गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता,कार्तिकेय गुप्ता, अनिल सिंह, संजय सिंह, अश्विनी सिंह, आलोक गुप्ता सहित लायंस क्लब हरदोई विशाल एवं लायंस क्लब हरदोई उदय के सदस्य मौजूद रहे।राष्ट्र गान के साथ बैठक का समापन हुआ। लायन अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## त्यौहार उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं गंगा जमुनी तहजीब व शान्ति से मनायें:-अविनाश कुमार

*अफवाह फैलाने व शान्ति भंग का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी:-जिलाधिकारी*

*उप जिलाधिकारी की अनुमति के बाद ही कांवड़ यात्रा परम्परागत मार्गो से निकाली जायेगीं:-डीएम*

*शहर के मोहल्लों एवं गांव के मजरों में बीट सिपाहियों की गस्त बढ़ायी जायेगी:- पुलिस अधीक्षक*

*कांवर यात्रा से गुजरने वाले मार्गो पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जायेगा:- राजेश द्विवेदी*

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई । पुलिस लाइन सभागार में आहूत पीस कमेटी बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने उपस्थित धर्म गुरूओं, उद्योग व व्यापार संगठन के पदाधिकारी, समाज सेवी एवं सम्भ्रात लोगों से कहा कि बरीद के अलावा अन्य सभी पर्व व त्यौहार को उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं जनपद की गंगा जमुनी तहजीब व शान्ति के साथ मनायें। उन्होने कहा कि त्यौहारों पर जनपद में शान्ति बनाये रखने हेतु अपने गांव तथा मोहल्लों में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति के बारे में जानकारी रखें और संदिग्ध व्यक्ति मालूम होने पर तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्यौहारों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था पर पूरी नजर रहेगी और संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा तथा किसी तरह की अफवाह फैलाने एवं शान्ति भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बरीद पर व्यापक सफाई व्यवस्था रहेगी और पेयजल एवं विद्युत सप्लाई नियमित कराई जायेगी। उन्होने कांवड़ यात्रा के सदस्यों से



कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कोई भी कावंड़ यात्रा उप जिलाधिकारी की अनुमति के बाद ही निकाले और कांवड़ यात्रा परम्परागत मार्गो से निकाली जायेगीं तथा कोई नयी परम्परा नही की जायेग साथ ही डीजे पर निर्धारित आवाज में केवल भक्ति गीत ही बजाये जायेगें। जिलाधिकारी ने उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि अपने माध्यम से क्षेत्र के लोगों बताये कि विगत वर्ष जो लोग कोरोना से गंभीर रूप से बीमार हो चुके है वह कांवड़ यात्रा न करें और आस्था प्र-कट करने के लिए पास मंदिर में ही पूजा पाठ करें। उन्होने उपस्थित सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करें और बताये कि इससे गंदगी होने के साथ ही नाली-नालों में फस जाने से जल निकासी में अवरोध होने से जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद पर सफाई, पेयजल एवं विद्युत सप्लाई की समस्या होने पर संबंधित ईओ को फोन करें। उन्होने कहा कि कांवड़ यात्रा के मार्गो का निरीक्षण कराया जा रहा है और खराब सड़कों को ठीक कराया जायेगा और कांवड़ यात्रा मार्गो पर कांवड़ यात्रियों को ठहरने हेतु शिविर लगाने के साथ पेयजल आदि की व्यवस्था भी करायी जायेगीं। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि जनपद में पर्व एवं त्यौहारों के साथ कांवर यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि शहर के मोहल्लों एवं गांव के मजरों में बीट सिपाहियों की गस्त बढ़ायें और लोगों से समन्वय बनाकर क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी भी रखें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कांवर यात्रा से गुजरने वाले मार्गो पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जायेगा ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और कांवर यात्रा जनपद से सुरक्षित निकल जाये। उन्होने कहा कि अपने क्षेत्र के आसामाजिक तत्वों से सावधान रहे और किसी तरह की आफवाह पर ध्यान न दें तथा मोबाइल आदि के माध्यम से अफवाह फैलाने वाले की जानकारी तत्काल पुलिस तथा प्रशासन का उच्चाधिकारियों को दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अनिल कुमार यादव व पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह उपस्थित रहें।

## बाल विद्या भवन स्कूल में किंडर गार्टन स्कूल का हुआ शुभारंभ

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा ने किया उद्घाटन

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई। बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल में नवीन भवन किंडर गार्टन स्कूल का भव्य उद्घाटन, मुख्य अतिथि गुलाब देवी माध्यमिक शिक्षा मंत्री एवं स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि महाराज ह्यजूना अखाडाह्न ने फीता काट कर नवीन शिक्षण संस्थान का शुभारम्भ किया एवं करकमलों से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने नौनिहाल बच्चों से भेंट की नन्हे बच्चों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया आये हुए सभी अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्था को देखकर सराहना एवं सहृदय प्रसंसा की इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अथितियों के स्वागत सम्मान में सुन्दर स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया प्रबंधिका कीर्ति सिंह एवं उपप्रधानाचार्या कनुप्रिया सिंह ने मुख्यअतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया अनुराग मिश्र शिक्ष-ाक प्रकोष्ठ ने उमेश द्विवेदी शिक्षक एम एल सी को पुष्प गुच्छ एवं अंग



वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के सुचारू रुप से सञ्चालन के लिए मुक्त कंठ से प्रबंधक कीर्ति सिंह की प्रसंसा की एवं समय समय पर पूर्ण सहयोग का भी आस्वासन दिया उमेश द्विवेदी ह्यशिक्षक एम एल सी ह्न ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन का आधार है प्रकाश पाल जिला प्रभारी भाजपा हरदोई ने अपने उद्बोधन में कहा की असंभव कार्य को भी संभव किया जा सकता है इस पर आधारित एक कहानी बिल्ली के गले में घंटी कैसे बंधी जाये सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया और उस कहानी को सिद्ध किया जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती पी के वर्मा ने कहा कि शिक्षा के विभिन्न आयामों पर प्र-काश डालते हुए प्राथमिक शिक्षा पर बल दिया स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरी ने कहा कि सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के मध्य सामंजस्य स्थापित करने एवं प्राथमिक शिक्षा में सिर्फ शिक्षा नहीं अपितु विद्यार्जन का महत्त्व बतलाया जिसमे उन्होंने अध्यात्म, संस्कार एवं सर्वांगींण विकास की महत्ता पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के समापन में कार्यक्रम की अध्यक्षा, प्रबंध निदेशिका एवं प्रधानाचार्या कीर्ति सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का ह्रदय से आभार प्रकट किया और विद्यालय के अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव के सन्दर्भ में कहा कि विद्यालय पर उनका स्नेह बना रहे साथ ही मंत्री की सरलता, सहजता एवं विद्वता उन्हें प्रभावित करती है ऐसे विराट व्यक्तित्व का विद्यालय परिवार को आशीष मिलना अपने आप में अद्भुत है इस अवसर पर प्रमुख गणमान्य अतिथिओं में मठमंदिर प्रमुख आत्मानंद गिरी जी महाराज, माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू विधायक सवायजपुर, राजीव रंजन मिश्र पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, पारुल दीक्षित प्रकोष्ठ संयोजक भाजपा, शि-ावशंकर पाण्डेय प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, वी के दुबे जिला विद्यालय निरीक्षक , बीरेंद्र प्रताप सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अरुणेश बाजपेयी, त्रिलोकी सिंह गौर इन्द्रेश्वरनाथ गुप्ता, अलका गुप्ता महिला मोर्चा एवं समस्त शिक्षक छात्र एवं अभिभावक मौजूद रहे कार्यक्रम का सञ्चालन अश्वनी दीक्षित ने किया .

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए-अविनाश कुमार

*खनन विभाग की खराब प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी*

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कर-करेत्तर की बैठक हुई। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। खनन विभाग को खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सुधार लाने के निर्देश दिये। पिहानी नगर पालिका को लक्ष्य के अनुरूप





रणनीति बनाकर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। गोपामऊ अधिशासी अधिकारी को खराब प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट डॉ सदानन्द गुप्ता, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व मामलों की बैठक हुई। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि कृषक दुर्घटना के दावों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। लेखपालों की जीपीएफ पासबुक का तत्काल अद्यतनीकरण करा लिया जाए। बकाया वसूली में प्रगति लायी जाए। बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए कार्रवाई की जाए। न्यायालय जुमार्ने की वसूली की जाए। राजस्व वादों का नियमानुसार ससमय निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी, नगर मजिस्ट्रेट डॉ सदानन्द गुप्ता, समस्त उपजिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रों ने नुक्कड़ नाटय के माध्यम से बताए संक्रमित बिमारियों से बचाव के उपाय

समाज जागरण

**हरदोई।** सुरसा विकास खंड के मॉडल प्राथमिक विद्यालय म्योनी के बच्चों द्वारा गुरुवार को म्यौनी गाँव में जगह जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया।बच्चों ने जन जागरूकता अभियान के तहत पूरे गाँव में कई जगहों पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा हमारे शरीर में संक्रमण कैसे फैलता है जिससे हम लोग बीमार पड़ जाते हैं और इसके बचाव के



लिए हम क्या करना चाहिए और व्यक्ति के संक्रमित होने पर हमें डॉक्टर को बुलाकर प्राथमिक उपचार कराना चाहिए।पात्र के रूप में हर्ष औड्ड अभिषेक ने ग्रामीण व्यक्ति औड्ड उमंग सिंह ने डॉक्टर ,सारिका सिंह व उपमा सिंह ने गृहणी की भूमिका निभाई अप्रांशु ने जागरूक व्यक्ति की भूमिका अदा की बच्चों द्वारा इस प्रकार के जन जागरूकतासंदेश को अभिभावकों ने बहुत प्रशंसा की इस अवसर पर पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, जीत बहादुर सिंह, जगदीश, वीरबहादुर ओमप्रकाश, विद्यायल परिवार के सभी शिक्षक मौजूद रहे।गाँव में बच्चों द्वारा इस अनोखी पहल के लिए लोगों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर की सराहना की।

## कानपुर आउटर में अपराधियों के खिलाफ सक्रिय एस पी : ईनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

### कुशीनगर निवासी गैंगस्टर के खिलाफ विभिन्न जिलों में भी अनेक मुकदमे दर्ज

सुनील बाजपेई

**कानपुर** हर तरह के अपराधी अराजक तत्वों के खिलाफ यहां आउटर पुलिस का अभियान लगातार जारी है ,जिसके क्रम में उसने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे शातिर अभियुक्त को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली । जानकारी के मुताबिक इसके लिए अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के जुझारू तेवरों वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल पुलिस अधीक्षक तेज स्वरूप सिंह ने पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए पुरस्कार भी घोषित किया था। घटनाक्रम के मुताबिक यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना महाराजपुर कानपुर आउटर में वांछित चल रहे पुरुस्कार घोषित



अपराधी आशीष उर्फ स्वप्निल पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम भलूही बोदरबाग थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर उ0प्र0 बीते काफी समय से फरार चल रहा था। अपराधियों के खिलाफ के खिलाफ प्रभावी और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित कठोर परिश्रमी कानपुर आउटर के पुलिस अधीक्षक तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए इस शातिर अपराधी के खिलाफ इस जनपद एवं गैर जनपदों में भी लूट एवं चोरी जैसे जघन्य अपराध दर्ज हैं। अक्सर पैदल गश्त के रूप में भी अपराधियों के खिलाफ सदैव सक्रिय रहने वाले एसपी तेज स्वरूप सिंह के मुताबिक इस गैंगस्टर की गिरफ्तारी के लिये माननीय न्यायालय से गैरजमानती वारण्ट एवम् कुर्की की उद्घोषणा भी हो चुकी है। इसके बाद से अपराधी आशीष उर्फ स्वप्निल गिरफ्तारी से बच रहा था। जबकि उसकी गिरफ्तारी के लिये थाना स्तर पर तीन टीमें भी गठित की गई थी। जिसने उसे रामादेवी चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल की हवा खिला दी। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ सतीश राठौर, दरोगा विपिन कुमार, राममिलन और रामविलास शामिल रहे।

## डीएम और एसपी ने दोनों समुदाय के धर्मगुरुओं के साथ आगामी त्योहारों को लेकर की गोष्टी।

दैनिक समाज जागरण बहजोई

कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी संभल मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक संभल चक्रेश मिश्र द्वारा आगामी त्यौहार बकरीद एवं श्रावण, शि-ावरात्रि के संबंध में दोनों संप्रदाय के धर्मगुरुओं एवं कांवर संघ के बड़े जत्थेदारों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। तथा आगामी त्योहारों को जारी गाइडलाइन व आपसी सौहार्द, भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संभल समस्त उपजिलाधिकारी संभल, क्षेत्राधिकारीगण आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गंदे पानी तथा गंदगी में जीने को मजबूर मोहल्ला वासी

### नाले न होने के कारण पूरा मोहल्ला तालाब में तब्दील नगर पालिका के अधिकारी सच्चाई से मुंह मोड़ रहे हैं

दैनिक समाज जागरण संभल

**जनपद संभल** में जिला अधिकारी मनीष बंसल तथा पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने सभी अधिकारियों, ग्राम प्रधान, सचिव, नगर पालिका के अधिकारी इन सभी को स्पष्ट रूप से अवगत करा दिया है कि कहीं पर भी किसी प्रकार का जलभराव तथा गंदगी नहीं





होनी चाहिए। जलभराव , गंदगी से संचारी रोग पनपने का अंदेशा रहता है। इसलिए किसी भी जगह पर जलभराव न हो न ही कहीं गंदगी होनी चाहिए। अगर कहीं पर जलभराव और गंदगी पाई जाती है तो उससे संबंधित अधिकारी हो या फिर ग्राम प्रधान तथा सचिव सभी पर विविध कार्यवाही की जाएगी। परंतु जो लोग आदत से मजबूर होते हैं उनके लिए जिले के अधिकारी का फरमान क्या मायने रखता है। ऐसा ही एक मामला संभल नगर पालिका के मोहल्ला हयातनगर उमेद राय कॉलेज के पास बने मोहल्ले का है। मोहल्लेवासी नरकिए जिंदगी जीने को मजबूर हैं मकानों के सभी तरफ जलभराव तथा गंदगी पसरी हुई है। उनका कहना है कि नाले न होने के कारण पूरा मोहल्ला तालाब में तब्दील हो गया है चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है। मोहल्ला वासियों का कहना है कि हमारे लिए हमेशा यही डर बना रहता है कि गंदगी को लेकर कहीं संचारी रोग न पनप जाए। पानी में से सांप तथा जहरीले कीड़े आए दिन घरों में आ जाते हैं जिससे और भी भय बना रहता है। कहना है कि हमने इस संबंध में नगर पालिका से लेकर अन्य अधिकारियों को भी अवगत कराया परंतु सभी गहरी नींद में सोए हुए हैं। किसी ने भी मोहल्ले में आकर नहीं देखा। गंदगी को लेकर मोहल्ला वासियों में रोष है। वहां मौजूद सुखिया देवी ,मोहरा देवी, रामप्यारी, भगवान देवी, सुमन, पूनम, सोमवती, पूजा, जाविया, गज राम, मोहन तथा बिशनलाल आदि उपस्थित रहे।

# एक अकेला थक जाए शिक्षक साथी हाथ बढ़ाना

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी जनपद के विकास खंड भेटुआ आज शिक्षा मित्र साथी बाबूलाल की विद्यार्थी हालत में शिक्षामित्र साथी और मानवता के प्रतिक राजेंद्र सिंह समाजसेवी अपने शिक्षक मित्रों के साथ उनके घर गये स्वास्थ्य की जानकारी की इस



मौके पर पत्र शिक्षक रत्नाकर तिवारी व अरुण तिवारी सभी ने अपने मित्र को सिंघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना किया एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया दिल में मानवता का प्रेम हो तो उसके लिए जरूरी नहीं की हमारे पास लाख होतो तभी हम मदद करें बस दो चार साथियों का सहयोग हो बस यह कार्य बड़ी पुण्य कार्य है आप सभी गुरुजनों का प्रेम समाज को प्रेणा दे रहा है इस सहयोग यह गीत उदाहरण से कम नहीं है।

# कानून व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में की गई अपराध गोष्ठी

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

आज जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया । नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व



महिलासशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान ह्लमिशनशक्तिह्व एवं शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत ग्राम चौकीदारों व अभिसूचना इकाई के माध्यम से महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनायें प्राप्त कर तत्काल कार्यवाही करने, अवैध शराब परिवहन/निष्कर्षण/तस्करी/अवैध मादक द्रव्यों की बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने, भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश, अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही करने, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर पर सतर्क दृष्टि रखते हुए सतत निगरानी करने आदि के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश-निर्देश दिए गए । गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार यादव, तिलोई अजय कुमार सिंह, मुसाफिरखाना अर्पित कपूर व गौरीगंज जगदीश कुमार आदि अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे ।

# सीज किया गया सुंदरलाल महाविद्यालय को खुलवाने के लिए छात्र-छात्राओं ने किया प्रदर्शन

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः सील किए गए कॉलेज को खुलवाने के लिए गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। कॉलेज गेट पर घंटों प्रदर्शन और नारेबाजी के बाद भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचा जिस पर छात्र-छात्राओं की भीड़ तहसील पहुंच गई। तहसील में नारेबाजी करते हुए एसडीएम को कॉलेज खुलवाने और परीक्षा कराने की मांग का ज्ञापन सौंपा।मानिकपुर के दहेगरीजमालपुर गांव में सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के पिता के नाम पर बने सुन्दर लाल यादव महाविद्यालय को 29 जून को तहसील प्रशासन ने कुर्क कर गेट सील कर दिया था। उसी दिन से कॉलेज में शिक्षण कार्य पूरी तरह से ठप है। इस मामले को लेकर कॉलेज के प्रबंधक, प्राचार्य ने काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

# कुएं में उतराया मिला वृद्ध का शव, सनसनी

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः रात्रि भोजन के बाद टहलने निकले वृद्ध का शव सुबह घर से करीब पांच सौ मीटर दूर स्थित कुंए में उतराया मिला। पुलिस पहुंची तो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक के संतान नहीं थी, उसने साढ़ू के बेटों को गोद लिया था। वही उसकी देखभाल करते थे।कुंडा के पीरानगर निवासी राम खेलावन (80) निःसंतान थे। उनकी पत्नी की बहुत पहले मौत हो चुकी थी। कोई संतान न होने के कारण राम खेलावन अपने साढ़ू के बेटों संजय, धरमू, नानभाई को गोद लिया था। वही उनकी देखभाल करते रहे। बुधवार रात राम खेलावन खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से निकले तो फिर नहीं लौटे। परिजन गुरुवार सुबह उन्हें खोजने निकले। घर से करीब 500 मीटर दूर कुंए के बाहर चप्पल और डंडा मिला तो हड़कम्प मच गया। कुंए में झांककर देखा तो राम खेलावन का शव पानी में उतराया मिला। यूपी 112 को फोन किया तो पुलिस पहुंची, ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पुलिस कर्मियों ने कराई स्वास्थ्य जांच

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ःझ्र हथिगवां थाने में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पुलिसकर्मी व थाने में कार्यरत कर्मियों की सेहत की जांच हुई। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने जरूरी दवा का वितरण करने के साथ ही रोगों से बचाव की जानकारी दी।

हथिगवां थाने में एसओ संतोष कुमार सिंह की देख रेख में प्रयागराज से आए आयुर्वेदिक चिकित्सक महेन्द्र कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। जिसमें सभी दरोगा, महिला एवं पुरुष कांस्टेबल, होमगार्डो समेत पूरे स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आरक्षियों को बीपी सुगर, ब्लड प्रेशर, वजन आदि को नियंत्रित करने के तरीके और उपचार की विधि बताई।चिकित्सकों ने बताया कि वर्तमान समय के भागदौड़ भरे जीवन में थायराइड एवं डायबिटीज जैसी बीमारियां आम हो गई हैं। इन रोगों से स्वयं ही अपना ध्यान रखकर बचा जा सकता है।

कोई भी व्यक्ति इनसे ग्रसित हो चुका है तो इन रोग को प्रभावी या बढ़ने से रोका जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि अपना खान पान नियमित करें। फलों, सब्जियों के सेवन पर विशेष ध्यान दें। सुबह समय से उठकर योग एवं व्यायाम करें। कैंप में मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उचित परामर्श दिया। इसके साथ ही कैंप में उपस्थित लोगों के बीच औषधियों का वितरण किया गया। इस मौके पर एसओ संतोष सिंह, दरोगा भानु प्रताप, ज्ञानेन्द्र कुमार, रमिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# तीन दरोगा इधर से उधर

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल द्वारा निम्नलिखित उप-निरीक्षकगण का स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर किया जाता है*। 01. उ0नि0 श्री जयशंकर तिवारी पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी सैफाबाद, थाना आसपुर देवसरा। 02. उ0नि0 श्री अरुण कुमार सिंह प्रभारी चौकी सैफाबाद थाना आसपुर देवसरा से थाना आसपुर देवसरा ।
03. उ0नि0 श्री अरुण कुमार मौर्य थाना आसपुर देवसरा से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना जेठवारा

# राजस्व देयकों के बड़े बकायेदारों के सम्पत्तियों की वसूली या कुर्क की कार्यवाही की जाये-जिलाधिकारी

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, व्यापार, खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, नगर निकाय, स्टाम्प ड्यूटी, जी0एस0टी0 सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की तथा कम वसूली वाले विभाग को सुधार लाने के निर्देश दिये। जी0एस0टी0 की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने उपायुक्त जी0एस0टी0 राम भुवन को निर्देशित किया कि जीएसटी के अन्तर्गत अन्य व्यवसायियों का भी पंजीकरण बढ़ाया जाये। उन्होने सभी ईंट भट्ठों, आरा मशीनों एवं अन्य छूटे हुये व्यवसायों के संचालकों को जी0एस0टी0 के अन्तर्गत पंजीकृत कराने का निर्देश दिया ताकि जीएसटी में राजस्व बढ़ाया जा सके। स्टाम्प डूयटी की समीक्षा करते हुये ए0आई0जी0 स्टाम्प द्वारा बताया गया कि 76 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बकाया स्टाम्प ड्यूटी की आर0सी0 की वसूली बढ़ायी जाये तथा विगत 5 वर्ष से लिस्ट रिवाइज नही हुई है उसे रिवाइज करने की कार्यवाही प्रस्तावित करें। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देशित किया कि स्टाम्प पंजीयन विभाग के राजस्व वसूली की तहसीलवार देयकों की समीक्षा की जाये तथा जिन तहसीलों में सब रजिस्ट्रार की मानक से कम कार्यवाही की गयी है उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने लक्ष्य से कम वसूली किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि ए0आर0टी0ओ0 प्रर्वतन की तैनाती जनपद में हो गयी है इसलिये राजस्व की वसूली का लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाये।

नगर निकाय शुल्क की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देशित किया कि नगर निकाय जिसमें नीलामी, ठेके, गृह शुल्क, जलकर तथा अन्य राजस्व वृद्धि के अन्य उपायों की विस्तृत समीक्षा की जाये। वन विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने आरा मशीनों के अवैध संचालन को रोकने एवं पंजीकृत आरा मशीनों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी तरह बाट-माप की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी द्वारा बाट-माप विभाग द्वारा की गयी कार्यवाहियों की रिपोर्ट प्रस्तुत न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पिछले एक वर्ष में व जून माह में जुमार्ने की कुल कितनी कार्यवाहियॉ की गयी है उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मण्डी शुल्क की समीक्षा करते हुये वित्तीय वर्ष के 03 माह में 4 छापे मण्डी निरीक्षकों द्वारा डाले गये है। बैठक में प्रभारी मण्डी सचिव के अनुपस्थित रहने एवं उनके प्रतिनिधि मण्डी सहायक द्वारा सन्तोषजनक जानकारी न दिये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रभारी मण्डी सचिव के क्रियाकलापों की समीक्षा कर निदेशक मण्डी परिषद को इनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जाये। बैठक में उप निदेशक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि 31 जुलाई तक 30 जून 2022 को जारी मुख्य सचिव के शासनादेश के अनुसार अभियान चलाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत अपात्रों को हटाने एवं पात्र अवशेष लाभार्थियों को शामिल करने तथा मृतकों को सूची से निरस्त करने का कार्य किया जाना है। इसके साथ ही किसान लाभार्थियों के रकबे को भी डेटा में फीड किया जाना है। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पीएम किसान निधि के डेटा फीडिंग का कार्य सावधानी पूर्वक किया जाये तथा जिन तहसीलों द्वारा सोशल आडिट की रिपोर्ट उपलब्ध नही करायी गयी है उप कृषि निदेशक को अविलम्ब उपलब्ध करा दी जाये। इसके अतिरिक्त चकबन्दी विभाग एवं राजस्व वादों की विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गयी। जी0एस0टी विभाग, जिला पंचायत एवं खनन विभाग समन्वय बनाकर भट्ठों के खिलाफ सम्मिलित कार्यवाही कर राजस्व देयकों की वसूली सुनिश्चित करायें। राजस्व देयकों की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों के सम्पत्तियों की वसूली या कुर्क की कार्यवाही की जाये किन्तु गरीबों का उत्पीड़न कदापि न किया जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इसलिये राजस्व वसूली के लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति की जाये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# *आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य को लेकर आयोजित की गई मेगा मॉक एक्सरसाइज*

## *रिस्पांसिबल ऑफिसर/डीएम की मौजूदगी में इन्सीडेन्ट कमांडर ने कराई मॉक ड्रिल*

### *फ्लड पीएसी के जवानों ने नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने व टापू में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने का किया पूर्वाभ्यास*

बलरामपुर।जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बलरामपुर तथा पीएसी फ्लड डिवीजन के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को तहसील बलरामपुर अन्तर्गत राप्ती नदी के सिसई घाट पर बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य की मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रुति की मौजूदगी में राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, अग्निशमन, आपूर्ति विभाग, पशुपालन, बाढ़ खण्ड, पंचायतीराज विभाग, आपदा सलाहकार एवं आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।



मॉक ड्रिल के लिए कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिसई में स्टेजिंग एरिया बनाया गया। सिसई घाट पर राप्ती नदी में व्यक्ति के डूबने की सूचना पर आईआरएस टीम डीएम श्रुति, एसपी आर0के0 सक्सेना, एडीएम राम अभिलाष तथा सीएमओ सहित अन्य सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सिसई घाट पर पहुंचे। वहां पर फ्लड पीएसी के जवानों द्वारा राप्ती नदी में डूब रहे व्यक्ति को जीवित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तुरन्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिसई पर भेजा गया जहां पर मेडिकल टीम द्वारा व्यक्ति का उपचार किया गया।

डूब रहे व्यक्ति को बचाने की मॉक एक्सरसाइज के बाद बाढ़ बचाव दल को सूचना मिली की ग्राम ठकुरापुर में नदी के किनारे कुछ व्यक्ति टापू मे फंस गए है। बतौर रिस्पान्सिबल ऑफिसर डीएम द्वारा तत्काल बचाव दल को निर्देशित किया गया कि टापू पर फंसे हुए व्यक्तियों को मोटरबोट के जरिए सुरक्षित निकाला जाय। टीम द्वारा टापू पर फंसे लोगों को सकुशल रेस्क्यू कर कम्पोजिट विद्यालय सिसई में बने बाढ़ शरणालय में पहुंचाया गया।

इसके बाद प्रशासन द्वारा सिसई गांव में राप्ती नदी का पानी घुसने की सूचना देते हुए ग्रामवासियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की मॉक एक्सरसाइज की गई। अधिकारियों द्वारा गांव वालों को पूर्व सूचना दी गई तथा पुलिस व राजस्व टीम द्वारा ग्रामवासियों को सकुशल कम्पोजिट विद्यालय सिसई में बने बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया गया। मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर लाने एवं उपचार की व्यवस्था के लिए पशुपालन विभाग की टीम लगाई गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाढ़ आपदा के समय लोगों को राहत पहुंचाने का प्रशिक्षण था। इस कार्यक्रम के तहत फ्लड पीएसी के जवानों द्वारा डूबते हुए लोगों को बचाने के लिए डेमोंस्ट्रेशन किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में बाढ़ से बचाव को लेकर पूरी आईआरएस टीम तैयार है तथा बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी की गई हैं।

मॉक एक्सरसाइज में अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, सीएमओ, एसडीएम सदर राज बहादुर, आपदा सलाहकार सचिन मदान, आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह, सीओ वरूण मिश्रा तथा सीओ राधा रमण सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, एआरटीओ, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, तहसीलदार सदर सहित अन्य सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय बभनी बुजुर्ग में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन।

**उतरौला,बलरामपुर।**

गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय बभनी बुजुर्ग में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। निर्धारित एजेंडा स्वागत एवं परिचय, गत माह में की गई पूर्व मीटिंग के आधार पर चर्चा की गई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने स्कूल रेडिनस के विषय मे विस्तृत चर्चा, गतिविधि के माध्यम से बच्चों के मानसिक व भावनात्मक रूप से जुड़ना, समय विभाजन तथा स्कूल छोड़ चुके बच्चों को फिर से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े जाने पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को चिह्नित करना बहुत जरूरी है जो नाम लिखवाने के बाद विद्यालय नहीं आ रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे बच्चे भी हैं जो विद्यालय आते ही नहीं हैं। शिक्षा अधिकार के तहत ऐसे बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार कक्षा में नाम लिखकर नोडल शिक्षक अपने अपने विद्यालयों में प्रशिक्षित करें।



एआरपी मलिक मुनव्वर, विजय यादव, कृष्ण कुमार , विक्रम एवं अनवार अहमद ने क्रमवार विभिन्न विषयों पर आधारित टीएलएम प्रस्तुतीकरण और निर्माण, बाल वाटिका के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आंगनबाड़ी से संपर्क, डीबीटी, एमडीएम, प्रेरणा तालिका, टीचिंग प्लान, शिक्षक डायरी, मैथ किट, खेल सामग्री, स्कूल रेडिनस का शत प्रतिशत संचालन, सभी मॉड्यूल का प्रयोग, नोडल संकुल द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं का शिक्षण योजना को प्रभावी बनाने संबंधी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश, शिक्षण योजना को प्रभावी बनाने हेतु अपनाई जा रही गतिविधियां, स्कूल चलो अभियान, स्कूल रेडीनेस क्रियान्वयन, शारदा सर्वे, खेलकूद उपभोग की स्थिति, कम्पोजिट धनराशि उपभोग, वित्तीय पंजिका के अभिलेखों पर विस्तार से चर्चा किया।

बैठक में संकुल शिक्षक शबी फातिमा, कुलदीप कुमार, संजय कुमार,कमल मोहन वर्मा, देश रत्न, आदेश कुमार, चांदनी मौर्या, विनीता गुप्ता समेत उतरौला ग्रामीण न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक तहसील सदर सभागार में संपन्न

बलरामपुर।जनपद में अमन चैन तथा सौहार्द बनाए रखने के लिए अपर जिलाधिकारी राम अभलाष की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न स्थानों से आए धर्मगुरु एवं संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित महानुभावों द्वारा आपसी सौहार्द, भाईचारा तथा अमन चैन बनाए रखने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सभी महानुभावों ने कहा कि जनपद का इतिहास गंगा-जमुनी रहा है, जिसे कि हर दशा में बरकरार रखा जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया आदि प्लेटफार्म पर माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही। साफ-सफाई, चूना छिड़काव, फागिंग, शुद्ध पेयजल आपूर्ति आदि करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया गया।

उन्होंने कहा कि जनपद का इतिहास गंगा-जमुनी एवं आपसी सौहार्द का रहा है। सभी लोग आपसी भाई-चारे के साथ त्यौहार मनाये।



इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने कहा कि सभी लोग अफवाहों से बचें, आपस में कोई भी धार्मिक टीका- टिप्पणी ना करें। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया इत्यादि पर कोई भी विवादित टिप्पणी करता है, तो तत्काल लोकल थाने में शिकायत दर्ज कराएं, किसी भी दशा में कानून को हाथ में न लें।

बैठक में एसडीएम सदर राजेन्द्र बहादुर, क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा, क्षेत्राधिकारी देहात राधारमण सिंह, तहसीलदार, चेयरमैन प्रतिनिधि शाबान अली, ईओ राकेश कुमार जायजवाल, सुरेश कुमार गुप्ता, धर्मगुरु, संभ्रांत नागरिक व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# *ब्रह्मदेव जागरण मंच का धरती को हरा-भरा बनाने के लिए अभियान 25 जुलाई से होगा प्रारम्भ

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि प्रतापगढ़ । विगत 18 वर्षो से 25 जुलाई से 10 सितम्बर तक चलने वाला धरती को हरा-भरा बनाने का अभियान पूर्व की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मदेव परिवार ने 25 जुलाई से 10 सितम्बर तक पूरे जिले में संगठन के माध्यम से पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया है । इस अभियान को सफल बनाने के लिए संगठन ने तहसील , ब्लाक ,न्याय पंचायत , ग्राम / वार्ड स्तर की कमेटियों के साथ-साथ जन सहभागिता की भी अपील की है। जिससे आम लोगों को भी इस अभियान में स्वतः वृक्षदान व आर्थिक सहयोग के माध्यम से जोड़ा जा सके । इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में आम , आंवला , बेल , नीम , महुआ , गूलर , पाकड़ , कदम , पीपल , बरगद , इमली आदि वृक्षों को लगाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा । पुनः आप सभी का सहयोग सादर अपेक्षित रहेगा

# अमेठी में बेपटरी पर स्वास्थ्य व्यवस्था,स्वास्थ विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी जहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के अभाव में घंटों प्रशव पीड़ा से बेंच पर तड़पती रही महिला,डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी रहे नदारद, दो दिन पूर्व जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर हो रहा था वायरल, वही आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बड़ी लापरवाही का दूसरा वीडियो भी हो रहा वायरल



जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ग्राउंड हॉल में, जमीन पर लिटाकर हो रहा है इलाज CHC में जमीन पर लेटा कर महिला को ग्लूकोस की बोतल लगाकर लापरवाही से किया जा रहा इलाज,

वही डाक्टर नबीन कुमार मिश्रा ए सीएमओ अमेठी ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही जांच का आदेश दे दिया गया है, जांच करवाई जा रही है जांच के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी, अमेठी जनपद के शुकुलबाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है मामला

# खंड विकास अधिकारी के खिलाफ प्रधानो ने किया धरना प्रदर्शन '


समाज जागरण अरुण शुक्ल स सू सांगीपुर,, ब्लाक के समस्त ग्राम पंचायतो के प्रधान व छेत्र पंचायत सदस्यो ने गुरुवार को ब्लाक के प्रांगण मे दर्जनो की संख्या मे खन्ड विकास अधिकारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया ' मुख्य विकास अधिकारी को ग्यापन देते हुये कहा कि दो वर्ष से ब्लाक के समस्त ग्राम पंचायतो मे विकास कार्य नही हो रहा है कारण खंड विकास अधिकारी माह मे एक दिन व दो दिन ही आते है बाकी के दिनो मे गायब रहते है माह मे दो दिन कब आते है किसी को पता तक नही चलता ' जिससे दो वित्तीय वर्ष का कार्य पूरी तरह से ठप है ' जो भी मनरेगा का कार्य हुआ है उसका भुकतान अभी तक नही हुआ है ' जब की ग्राम सभा के पंचायत सचिओ का तबादला हो गया है, प्रधानगड ने एक स्वर मे मुख्य विकास अधिकारी से मांग किया है कि जब तक भुकतान न हो जाय तब तक इनका तबादला को रोक दिया जाय ' इस मौके पर सन्जू देवी, अयोध्या प्रासाद यादव, सुनील कुमार, दुस्यन्त सिंह, बृज पाल, उर्मिला देवी, सुषमा देवी, सैलेन्द्र कुमार, जितेन्द्र मिश्र, रवीन्द्र यादव, राज कुमार समेत दर्जनो लोग मौजूद रहे '

# मारपीट व जानलेवा फायर करने पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण अरुण शुक्ल , सांगीपुर ,,स्थानीय थाना के दखिल उच्चहा नौबस्ता गाँव निवासी पवन कुमार पुत्र रामपाल ने थाने मे तहरीर देते हुये आरोप लगाया है कि एक जुलाई अपरान्ह डेढ बजे गाँव के बृजराज वर्मा पुत्र लहुरी, गौरव पुत्र त्रिवेणी, निवासी गड नवाबाद, मोनू पुत्र लालजी निवासी तारापुर ,नीरज वर्मा पुत्र रावीन्द्र वर्मा, निवासी राजातारा ,एक राय होकर मुझे व मेरे भाई को गाली देते हुये लाठी डंडा, राड, कुल्हाडी से मारने पीटने लगे तथा बाइक क्षतिगस्त कर दिया ' हल्ला गुहार लगाने पर अबैध अस्लहा से जानलेवा फायर करते हुये भाग गये ' सूचना पर पुलिस घायलो को सी ,एच सी सांगीपुर इलाज हेतु ले गये जहाँ डक्टरो ने गम्भीर हालत देख दोनो घायलो को जिला रिफर कर दिया ' गुरुवार को पुलिस अरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है '

# अमेठी स्मृति ईरानी की मेहनत लाई रंग

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी अमेठी में दो ट्रेनों का होगा ठहराव, लखनऊ और जम्मू स्थित मां वैष्णो धाम का सफर हुआ आसान



CC- 90/2022

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
रेलवे बोर्ड (RAILWAY BOARD)

FAX/POST COPY
ISSUED ON 07.07.2022

| THE GENERAL MANAGER(s) (OPTG.) | COPY TO: CPTM(s) |
|---|---|
| NR/NEW DELHI | NR/NEW DELHI |
| NER/GORAKHPUR | NER/GORAKHPUR |

NO. 2022/Chg/22/76 (.)MINISTRY OF RAILWAYS DESIRES THAT STOPPAGE OF THE FOLLOWING TRAIN(S) SHOULD BE PROVIDED, ON AN EXPERIMENTAL BASIS FOR A PERIOD OF SIX MONTHS, AT THE STATION(S) AND W.E.F. THE DATE(S) INDICATED ALONGSIDE:

| SL | TRAIN NAME AND NO. | STATION | W.E.F. |
|---|---|---|---|
| 1 | 20401/02 VARANASI-LUCKNOW EXPRESS | MUSAFIRKHANA | 08-07-2022 |
| 2 | 14611/12 GHAZIPUR-SHRI MATA VAISHNO DEVI KATRA EXPRESS (WEEKLY) | NIHALGARH | EARLY CONVENIENT DATE |

NOTIFICATION OF THE RAILWAY HAVING NAMES AND CODE OF STATIONS WHERE THE TRAIN IS STOPPING BEFORE AND AFTER THE NEW STOPPAGES, WITH TIMINGS AND WTT KMS OF THE STATIONS SHOULD BE SENT TO PED (CHG) AND ED(C&IS) WITHIN 48 HOURS TO UPDATE THE DATA BANK IN THE SYSTEM (.) A CLOSE WATCH SHOULD BE KEPT AT THE SALE OF TICKETS AT THE STATION AND A REPORT BE SENT TO BOARD WITHIN 05 MONTHS FOR REVIEW (.) GIVE WIDE PUBLICITY (.) ENSURE COMPLIANCE AND CONFIRM (.)

KUMAR/RAILWAYS (.)

(VIVEK KUMAR SINHA)
DY. DIRECTOR (COACHING)
RAILWAY BOARD

COPY TO:
1. EDPM, ED(C&IS), DD/PUNCTUALITY IN BOARD'S OFFICE
2. CMD/IRCTC, NEW DELHI

उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले की सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की मेहनत आखिर रंग लें ही आई। सांसद ने जिले में दो ट्रेनों के ठहराव कराने में सफलता पाई है। इन दो ट्रेनों से अब जिलेवासियों को लखनऊ और जम्मू स्थित मां वैष्णो के धाम जाने के लिए अब राह आसान हो गई है। जिलेवासियों ने सांसद द्वारा कराये गये ट्रेनों के ठहराव पर अभिनंदन एवं वंदन किया है। अमेठी संसदीय क्षेत्र के लोगों को मिलने वाली रेलवे की सुविधा में इजाफा हुआ है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री व सांसद स्मृति इरानी की मांग पर अब मां वैष्णो के धाम तक चलने वाली ट्रेन का निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा। वहीं वाराणसी से लखनऊ तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस अब कल सुबह से मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर रूकेगी।

## मुसाफिरखाना व निहालगढ़ स्टेशन पर होगा इन ट्रेनों का ठहराव

केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद की मांग पर रेलवे मंत्रालय ने दोनो गाड़ियों के ठहराव मंजूर कर लिया है। जिसमे गाड़ी संख्या 14611/12 गाजीपुर- माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस ट्रेन निहालगढ़ (जगदीशपुर) रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। इस ट्रेन को यहां रोकने की मांग लंबे समय से चल रही थी। इसी तरह मुसाफिरखाना व आस-पास के गांवों के लोग भी काफी समय से 20401/02 वाराणसी- लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग कर रहे थे। जो सांसद की मांग पर पूरी हो गई है। अब यह ट्रेन मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। दोनों ट्रेनों के ठहराव की सुविधा मिलने से यहां के लोगों को लाभ होगा।

## अभिहितअधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, दुमका के निदेशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी

**दैनिक समाज जागरण दुमका (सुधांशु शेखर)**

दुमका श्री धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा जरमुण्डी पुलिस बल के साथ बासुकीनाथ स्थित विभिन्न पेड़ा दुकानों एवं होटलों यथा-बाबा पेड़ा भण्डार, उमा राव पेड़ा भण्डार, सहदेव साह पेड़ा भण्डार, सीताराम पेड़ा भण्डार, अंकित पेड़ा भण्डार, दिलीप साह पेड़ा भण्डार, गणेश पेड़ा भण्डार, कैलाश मारवाड़ी बासा, नागेश्वर भोजनालय, बाबा भोजनालय, महेश जलपान गृह एवं मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा खाद्य कारोबारी को गुणवतायुक्त रो मेटेरियल का इस्तेमाल करने, किसी भी परिस्थिति में मिलावट नहीं करने, सील पैकेट प्रोडक्ट, जिसमें एफएसएसएआई संख्या, मैन्यूफेक्चरिंग एवं एक्सपायरी तिथि अंकित हो का प्रयोग करने एवं खाद्य पदार्थ में किसी भी प्रकार के रासायनिक रंगों का प्रयोग नहीं करने का निदेश दिया गया। चार पेड़ा दुकानों से पेड़ा का सैम्पल जाँच हेतु संग्रह किया गया। निरीक्षण के दौरान होटल/भोजनालयों में इस्तेमाल की किये जा रहे मसालों, खाद्य तेल, स्टोरेज, पीने की पानी का व्यवस्था इत्यादि की जाँच किया गया। साथ ही ऑयल फ्राईंग मोनीटर द्वारा उपयोग में लाये जा रहे खाद्य तेल की जाँच की गई, जो मानक के अनुरूप पाया गया।



## नवनिर्वाचित जिप सदस्य अविनाश सोरेन ने किया शिकारीपाड़ा मार्केट कांप्लेक्स का निरीक्षण

### कहा घटिया निर्माण सामग्री का किया जा रहा है इस्तेमाल

**दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका**

नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य अविनाश सोरेन ने आज गुरूवार को शिकारीपाड़ा मुख्य बाजार में निमार्णाधीन मार्केट कंपलेक्स का निरीक्षण कियो निरीक्षण क्रम में वहां रखी ईंट को देखकर उन्होंने कहा कि जिला परिषद के द्वारा घटिया किस्म के ईट का प्रयोग किया जा रहा हैकहा कि निर्माण कार्य में कच्चे ईटों का उपयोग किया जा रहा हैनिर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही हैंश्री सोरेन ने कहा कि रोडसाइड निमार्णाधीन दुकानों को दो तरफ से दरवाजा दिया जा रहा है जिससे गरीब ठेला वालों को दुकान लगाने में मुश्किल होगी।आज तक शौचालय एवं बसस्टॉप नहीं बन सका हैंउन्होंने जिला परिषद के अभियंताओं को कह दी है कि कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी



## दिघरिया पहाड़ के पास भोक्ताडीह में, वन पर्यावरण एवम जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

**दैनिक समाज जागरण देवघर (दिवाकर यादव)**

दिघरिया पहाड़ के पास भोक्ताडीह गांव में वन पर्यावरण विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित कोकरीबांक पंचायत के मुखिया श्री सरस्वती मुर्मू ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेते हुवे एक वृक्ष के पोधे को लगाया, साथ ही उपस्थित ग्रामीण काजल राय ,आनंद राय , एवम प्राथमिक विद्यालय भोक्ताडीह के बच्चो ने भी एक एक पेड़ लगाए।

उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बच्चो को वृक्ष लगाने के महत्व के बारे में बताया की अगर हम वास्तव में जीवित रहना चाहते हैं और अच्छे जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजी बनती है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे।



## नौवीं कक्षा में नामांकन हेतु पोषक क्षेत्रों में 9 जुलाई को निकलेगी प्रभात फेरी: बीईओ

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (सारण)। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा के द्वारा जारी पत्र के अनुपालन में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी के द्वारा एकमा बीआरसी भवन पर सभी उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेशोत्सव अभियान के तहत 09 जुलाई को सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में प्रभात फेरी निकालने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इससे संबंधित फोटोग्राफ जिले के व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा करने को कहा गया है।

इसके पूर्व इन दिनों चरणबद्ध तरीके से प्रवेशोत्सव अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों के इंचार्ज को प्रति विद्यालय एक फ्लैक्स, प्रभात फेरी हेतु 10 तख्तियां तथा 50 पम्पप्लेट का वितरण का कार्य जारी है। बीआरसी से उपलब्ध कराए जा रहे फ्लैक्स को विद्यालय प्रांगण में ऐसी जगह लगाए जाने का निर्देश दिया गया है, जहां से फ्लैक्स का दर्शन सर्वसुलभ हो। इसकी जानकारी संसाधन शिक्षक सुजीत कुमार व दयाशंकर पांडेय ने दी है।

## एकमा नगर व मांझी पश्चिमी भाजपा मंडल में मनी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

### प्रखर राष्ट्रवादी व्यक्तित्व के धनी थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी: मुकेश सिंह

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा/मांझी (सारण)। भारतीय जनता पार्टी के एकमा नगर व भाजपा मांझी पश्चिमी मंडल द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई।

नचाप गांव स्थित रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल में मांझी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जयंती समारोह मनाई गई।

इस अवसर पर डॉ मुखर्जी के चित्र के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी व्यक्तित्व के धनी थे। इस दौरान भाजपा युवा नेता विभूति नारायण तिवारी, पैक्स अध्यक्ष सुजीत सिंह, निरोज सिंह, सोहन सिंह, विक्की सावन, संजय सिंह, अभय मिश्रा, मुन्ना सिंह, संजय तिवारी, प्रेम प्रसाद, बबन प्रसाद, वीरेश मिश्रा आदि थे।

वहीं भाजपा एकमा नगर मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू की अध्यक्षता में भरहोपुर मठिया में बूथ नंबर 148 पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती बुधवार को मनाती गई।

इस दौरान भाजपा नेता चंद्रशेखर सिंह, कमलेश सिंह, कौशल किशोर सिंह, जयप्रकाश सिंह आदि ने डॉ मुखर्जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

## राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2022 की तैयारियों को लेकर उप विकास आयुक्त ने पदाधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण।

**दैनिक समाज जागरण दुमका (सुधांशु शेखर)**

निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा बनाये जा रहे आवासन केंद्र, मयूराक्षी कला मंच एवं प्रदर्शिनी शिविर का जायजाकर दिए आवश्यक निदेश। उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह इस वर्ष भी सभी शिविर में एलईडी स्क्रीन लगाया जाए स्क्रीन में लाइव पूजा एवं भक्तिमय गाने चलाया जाए। न्यूज सम्प्रेषण हेतु मीडिया के लिए वाईफाई युक्त मीडिया सेंटर बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में डिजाइनर लाइट, साज-सज्जा का कार्य अविलम्ब पूरा कर लिया जाए। मेला के दौरान अस्थाई ओपी बनाए जाएंगे जिसमें सभी संबंधित विभाग के अधिकारी 247 उपस्थित रहेंगे तथा प्राप्त शिकायतों का निष्पादन अविलम्ब करेंगे।

उन्होंने कहा कि बासुकिनाथधाम में श्रद्धालुओं के आवासन के लिए टेंटसिटी का निर्माण कराया जा रहा है साथ ही श्रावणी मेला के दौरान प्रतिनियुक्त सुरक्षाबलों के आवासन भी ससमय तैयार कर लिया जाए।

उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया कि श्रावणी मेला के दौरान शौचालय की बेहतर व्यवस्था हो साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जगह-जगह साइनेज लगाए जाएं



ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में दवाईयाँ एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। मेला के दौरान श्रद्धालुओं को सभी जरूरी दवाईयाँ, ओआरएस उपलब्ध कराई जाए। सभी जगहों पर डॉक्टर जरूरी दवाओं के साथ उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित किया जाए। मेला के दौरान खोया-पाया केंद्र बनाया जाए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया कि वाटर एटीएम स्थापित करने का कार्य जल्द से जल्द शुरू करें।

उन्होंने कहा कि बासुकिनाथ नगर निकाय क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए। नंदी चौक से लेकर मंदिर परिसर तक लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था हो। शिवगंगा के चारों और स्पाइरल लाइटिंग लगाई जाए साथ ही शिवगंगा की साज-सज्जा की पूरी व्यवस्था की जाए।

वहाई मास्क लाइट लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर मेला को सफल बनाने का कार्य करें।

किसी भी कार्य को होल्ड पर ना रखें। इस वर्ष पूरा मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में होगा। ड्रोन कैमरा से विभिन्न जगहों पर नजर रखी जायेगी। श्रद्धालुओं को पेयजल की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पानी टंकी की व्यवस्था की जाएगी।

पूरे मेला क्षेत्र में समय-समय पर फॉगिंग कराया जाए। ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव किया जाए। इसके उपरांत उपायुक्त ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## मोहनपुर चकरमा पेट्रोल पंप के समीप गिरा सूखा पेड़, कई घंटे तक सड़क जाम

### सड़क के किनारे दर्जनों सूखे पेड़ दे रहा है घटना का आमंत्रण, गुजरते जिम्मेदार अधिकारी फिर मोन क्यों पूर्व में सूखा पेड़ गिरने से सरुवाजोर के पास एक महिला की हो चुकी है मौत फिर, क्यों नहीं कटवा रहे हैं सूखे पेड़

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता /अनिल कुमार**

मोहनपुरः देवघर गोड्डा मुख्य मार्ग के चकरमा पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को सूखा पेड़ गिर जाने से सड़क जाम हो गया। गनीमत रही कि किसी पर यह सुखा पेड़ों की डालियां कभी किसी वाहन या पैदल राहगीर पर नहीं गिरी । अन्यथा बड़ी अनहोनी हो हो जाती। इस बीच आसपास के लोगों ने आरोप लगाया कि वन विभाग टीम की ओर से सूखे पेड़ों को कभी भी नहीं कट जाता है। जबकि इन दिनों दिन भर में हजारों संख्या में लोग पैदल गुजरते हैं। साथ ही वाहन भी खूब गुजरते हैं। यही वजह है कि इन पेड़ों से कभी भी बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

अगर दे रहा है घटना का आमंत्रण तो आखिर कटवा क्यों नहीं रहे हैं सूखे पेड़

मोहनपुर देवघर गोड्डा मार्ग पर सूखा पेड़ टूटकर सड़क पर गिरना पहली बार नहीं हुआ है। आसपास के कई



इलाके में ऐसे कई पेड़ है। जो कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता लोगों का कहना है कि जान के लिए खतरा बन चुके हैं। सूखे पेड़ों का आखिर प्रशासन सर्वे कटवा कर कटवा क्यों नहीं रहे ? जबकि इस तरह का पेड़ों का काटने का नियम बना हुआ है फिर भी जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं।

इस मुख्य मार्ग से अधिकारी भी गुजरते हैं फिर मोन क्यों


इन रास्तों से होकर गुजरने वाले अधिकारी की नजर ना पड़े ऐसा हो नहीं सकता लेकिन सब कुछ देख कर अंजान बने रहना तो जैसे उनकी ड्यूटी में शुमार है। ऐसा नहीं है कि इन सूखे पेड़ों को काटा नहीं जाएगा कार्स सब होंगे लेकिन किसी बड़े हादसे के बाद सबक लेने जैसे सरकारी विभाग कार्यशैली हो गया हादसे के बाद जिम्मेदार पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के साथ-साथ व्यवस्था को दुरुस्त करने के तुरंत हो जनाब बनाई जाती है। ताकि उस समय लोगों को लगे की जिम्मेदारी को कितनी चिंता है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुई

**दैनिक समाज जागरण मांझी (सारण)।**

नेहरू युवा केंद्र सारण छपरा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 121वी जयंती के अवसर पर ब्लड बैंक सदर अस्पताल छपरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ,बिहार भारतोलनसंघ के महासचिव सुरेश प्रसाद सिंह, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, ब्लड बैंक प्राधिकारी डॉ किरण ओझा, जेपीयू छपरा के सीनेट सदस्य नवलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया ।

तत्पश्चात आगत अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह एवं पौधा देकर किया गया। इस अवसर पर माननीय



विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान है जिससे किसी के जीवन की रक्षा होती है युवाओं से आग्रह है कि वह इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें ताकि रक्त की कमी से किसी की जान ना जाने पाए। रक्तदान करने वालो में प्रमुख रूप से नेहरू युवा केंद्र सारण के लेखापाल सत्यनारायण प्रसाद यादव ,नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी नीतीश कुमार, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मयंक कुमार राजू, विवेक शाह पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमित कुमार सिंह, राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित ममता कुमारी आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से नेहरू युवा केन्द्र सारण के मनीष पाण्डेय मिन्टू, युवा मंडल के सदस्य पीयूष राठौर, प्रिंस कुमार, रितेश कुमार ,धीरज कुमार, विशाल कुमार पांडे , विशाल गोस्वामी, मिंटू, रोहित कुमार पांडे, ऋचा कुमारी ,मिक्की कुमारी ,एमटीएस गोविंद दास आदि मौजूद थे।

## एकमा व रसूलपुर थानों में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

### आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुल कर बकरीद त्योहार व सावन माह मनाने की अपील

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। एकमा व रसूलपुर थाना परिसर में बकरीद त्योहार व सावन माह को शांत व सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर एकमा थाने में सीओ कुमारी सुषमा व रसूलपुर थाना में थानाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी की अध्यक्षता में अलग-अलग शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में एकमा थानाध्यक्ष देव कुमार तिवारी ने आगामी बकरीद त्योहार व भगवान शिव को प्रिय सावन माह पर आयोजित होने वाले जलाभिषेक व मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई।

बैठक में मौजूद विभिन्न समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखते हुए शांति-व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि माहौल को खराब करने की कोशिश करने वाले असमाजिक



तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

रसूलपुर में थानाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने कहा कि किसी को भी शांति-व्यवस्था व समाज में सौहार्द्र से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। बैठक में मौजूद स्थानीय बुद्धिजीवियों, जन-प्रतिनिधियों व समाज-सेवियों ने भी एकमा व रसूलपुर थानाध्यक्षों से पुलिस प्रशासन को हर तरह से सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

बैठक में एकमा थानाध्यक्ष देवकुमार तिवारी, रसूलपुर थानाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी, नपं एकमा बाजार के पूर्व मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रंजीत कुमार सिंह उर्फ युगूल किशोर सिंह, पूर्व नगर पार्षद जितेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, जेपी शर्मा, समाजसेवी योगेन्द्र शर्मा, बबलू उपाध्याय, सरपंच प्रतिनिधि अरविंद सिंह, कियामुद्दीन अंसारी, बबलू मिश्र, बिगन ओझा, अरविंद ओझा, महेश्वर राय, विनय सिंह, जितेंद्र सिंह, शंकर दयाल राय, श्याम विहारी महतो आदि शामिल हुए।

## सिंचाई विभाग के अधिकारियों संग आफताब अहमद ने की बैठक

नूंह जुबैर खान नूंह विधायक व कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने बृहस्पतिवार को नूंह रेस्ट हाऊस में सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बैठक की और जिले की सिंचाई संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कहा। बैठक में सिंचाई विभाग के एक्सईएन मुकुल कथूरिया, एसडीओ अजय देव, जेई अनीश व हरीश शामिल रहे। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी नहर, नालों, माइनर में उपयुक्त पानी मुहैय्या कराया जाए ताकि किसानों को समय पर पानी मिल सके और उनकी फसल प्रभावित न हो। उन्होंने नहर नालों व माइनर की सफाई कराने के लिए कहा। उन्होंने पानी की गुणवत्ता व कुल क्षमता के लिए भी कहा है। कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि सत्पूतियाका, हुसैनपुर आदि गांवों में लगने वाले 39 पंपों को लेकर चंडीगढ में आला अधिकारियों से बातचीत की और कहा कि जल्द इस काम को पूरा किया जाए ताकि सेम ग्रस्त भूमी को सुधारा जा सके। आला अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द समास्या का समाधान हो जाएगा। इस दौरान विधायक आफताब अहमद ने कोटला झील परियोजना के बारे में बात करते हुए कहा कि रूके हुए कार्यों को आगे बढाया जाए ताकि इस झील के विस्तारीकरण से किसानों को प्रयाप्त पानी मिल सके। विधायक ने अधिकारियों से दुबालु माइनर के संदर्भ में भी बात की। आफताब अहमद ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द कई जगहों पर मौका मुआयना किया जाएगा और अधिकारी भी साथ रहेंगे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी किसानों के हितों को

## प्रखंड सभागार में बीडियो ने नवनिर्वाचित मुखिया के साथ में पंचायत के अंतर्गत विकास कार्य को लेकर की बैठक प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने की भी दी हिदायत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता/ अनिल कुमार**

मोहनपुर- प्रखंड सभागार में गुरुवार को बीडीओ डॉ विवेक किशोर ने सभी नव निर्वाचित मुखिया के बैठक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में विकास सभी मुखिया टीम भावना से कार्य करें। सकारात्मक सोच के साथ पंचायत को आगे की ओर ले जाना है। नियमित ग्राम सभा करें। उन्होंने कहा कि पंचायत में चल रहे सभी तरह के कार्यो की जिम्मेदारी मुखिया पर है। प्रधानमंत्री आवास, सर्वजन पेंशन पर विशेष ध्यान रखें। इस दौरान रढ़िया, सरासनी, झारखंडी, कटवन, चकरमा, जमुनियां, ठड़ियारा पंचायत के मुखिया ने मामला उठाया कि पूर्व मुखिया द्वारा पंचायत भवन का सामान गायब कर दिया है। एक भी टेबल कुर्सी नही है ऐसे में पंचायत सचिवालय क्रियान्वयन करना संभव नहीं है। बीडीओ ने कहा कि इन पंचायतों के पूर्व मुखिया अगर



पंचायत भवन का सामान अपने घर में रखे हैं तो कार्रवाई की जाएगी। मामला उठाया कि डीलर की मनमानी से जनता परेशान हैं जिसकी सुधार होनी चाहिए। अनाज का उठाव व वितरण की जानकारी पंचायत कार्यालय को होनी चाहिए। इससे पहले सभी मुखिया ने एक दुसरे को अपना परिचय दिया।

बैठक के दौरान सभी मुखियाओं ने कहा कि नयाचितकाठ पंचायत के मुखिया को कार से कूचलने का प्रयास करने वाले अपराधी निशांत राव उर्फ बोबी राव की गिरफ्तारी नही होती है तो रिखिया थाना में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। एवं मुखियाओं की जान माल की सुरक्षा करें। इस अवसर पर पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार, बीपीओ रेणु प्रभा, मुखिया विष्णु महतो, मुकेश कुमार, रंजीत यादव, अनिल कुमार साह, दिगाम बाउरी, नवल किशोर हेम्ब्रम, बिंदु मंडल, अनिता टुडू, सुनिल यादव, पांडव कापरी, अजय दास, पिंकी देवी सहित सभी पंचायतों के मुखिया मौजूद थे।

## शिकारीपाड़ा में विधानसभा स्तरीय बैठक हुई संपन्न

### बाबूलाल मरांडी ने देवघर में होने वाले एयरपोर्ट उद्घाटन समारोह में कार्यकताओं को आने की की अपील

**दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका**

गुरुवार को झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी शिकारीपाड़ा के विवाह भवन में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया इस कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री को माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर किया गया, कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी ने सभी कार्यकताओं एवं आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 12 जुलाई 2022 को देवघर में बने एयरपोर्ट का भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों उद्घाटन होने वाला है इस दौरान कई सारे सरकारी योजनाओं का भी शिलान्यास किया जाएगा, इसलिए विधानसभा स्तर के सभी कार्यकताओं के साथ प्रखंड स्तर से पंचायत स्तर तक, गांव स्तर से मोहल्ला स्तर तक सभी को कार्यक्रम में पहुंचना है, क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री हमारे संथाल परगना की भूमि पर आ रहे हैं इसीलिए हम लोगों का एवं भारतीय जनता पार्टी का दायित्व बनता है कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल उनका सम्मान करें, इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने खनन क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार जेएमएम की सरकार सिर्फ और सिर्फ परिवारवाद का राजनीति कर रही है क्यों की मुख्यमंत्री के भाई दुमका विधायक बसंत सोरेन, मुख्यमंत्री की पत्नी ,मुख्यमंत्री के प्रेस प्रतिनिधि के



नाम भी खनन पट्टा है और शिकारीपाड़ा में जहां एक और पूरा खनन क्षेत्र बंद है वहीं दूसरी ओर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन का खनन का व्यवसाय फल फूल रहा है, बाबूलाल मरांडी ने यहां तक कहा कि जनप्रतिनिधि का मतलब जन का सेवा करना है लेकिन यहां इसके ठीक विपरीत सेवा करके मेवा खाने का कार्य मुख्यमंत्री एवं उसके भाई के द्वारा किया जा रहा है,और शिकारीपाड़ा मे गरीब मजदूर, प्रधान और रैयोतो को नोटिस और केस किया जा रहा है आगे बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास चाहती है और हमेशा ही सब को लेकर चल रही है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के समय काल में ही महान वैज्ञानिक अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बनाया गया था, इसके बाद रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया गया, और अब इतिहास में पहली बार आदिवासी महिला झारखंड की राज्यपाल रह चुकी द्रोपति मुर्मू भी राष्ट्रपति बनने जा रही है, इसलिए वर्तमान सरकार को उखाड़ फेकने के लिए भाजपा को लाना जरूरी है ताकि सबका साथ सबका विकास हो, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी , दुमका सांसद सुनील सोरेन, मिस्त्री सोरेन, दुमका जिला अध्यक्ष संतोष सोरेन उपाध्यक्ष रामनारायण भगत, शिकारीपाड़ा जिला परिषद सदस्य अविनाश सोरेन, रानीश्वर जिला परिषद सदस्य विमान सिंह, शिकारीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष सुभाशिष चटर्जी एवं नागेंद्र साह, साथ साथ शिकारीपाड़ा रानिश्वर , काठीकुंड के सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे

## नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत गंगादूत प्रशिक्षण आयोजित

**दैनिक समाज जागरण दिघवारा/सारण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)।**

नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत नेहरु युवा केंद्र सारण, छपरा ,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में दिनांक 06/07/22 से 07/07/22 तक ग्राम स्तरीय दो दिवसीय गंगादूत प्रशिक्षण राम जंगल सिंह इंटर कॉलेज, दिघवारा के सभागार में मुख्य अतिथि डॉ रौशन कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के तैलचित्र पर पुष्पार्जन एवं दीप प्रज्वलन कर गंगादूत प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया` बिशिष्ट अतिथि सुकेश कुमार सिंह और अमित कुमार सिंह , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिघवारा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ रौशन कुमार ने कहा कि माँ गंगा के निर्मलीकरण के लिए समाज का जुड़ना अति अवश्यक है। डॉ सुकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस परियोजना के एकमात्र उद्देश्य माँ गंगा को स्वच्छ रखना है। अमित कुमार सिंह ने कहा कि नमामि गंगे परियोजना भारत सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना है गंगा के किनारों को पेड़ो से वृक्षारोपन कराकर भूमि कटान को रोकने का सफल प्रयास है। द्वारा अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं फलदार पौधे दे कर सम्मानित किया गया । प्रातःकाल गंगादूत द्वारा प्रभातफेरी में जोश खरोस के साथ निर्मल गंगा अविरल गंगा, नमामि गंगे हर हर हर गंगे के नारों से पूरा परिषर गंगामय हो गया` पंकज कुमार ने गंगा गीत गा कर सब को सम्मोहित कर लिया है। विषय प्रवेश राज्य प्रशिक्षक पारस नाथ यादव ने गंगा आरती, गंगा स्वच्छता रैली, प्रभात फेरी, गोष्ठी आयोजन, वृक्षारोपण,घाट की सफाई, कचरा प्रबंधन, डोर टू डोर पर प्रकाश डाला। गंगादूतों को मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में आवाहन किया कि आपके एवं समाज के बिना माँ गंगा को अविरल एवं स्वच्छ नही रखा जा सकता है। कचरा प्रबंधन, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता रैली के माध्यम से जन जागरूकता लायी जायेगी। दिघवारा प्रखण्ड के आनन्द राज राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने संबोधन में नेहरु युवा केंद के युवा देश की रीढ़ हैं। देश को



आजाद कराने में एक नरम दल एक गरम दल की दो धाराएँ एक साथ चल रही थी तब तक देश के युवा वर्ग ने हुंकार भरी और देश को आजाद कराया वैसे ही माँ गंगा को अविरल सतत प्रवाहिनी एवं स्वच्छ बनाने में आप गंगादूत का प्रशिक्षण के पश्चात महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के सहयोगी अमरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि भारत विश्वगुरु की श्रेणी में होते हुए भी सतत प्रवाहिनी माँ गंगा को स्वच्छ करने की जरूरत पर रही है, हम संकल्प लेते है कि जब तक रगों में खून रहेगा तब तक माँ गंगा को प्रदूषित नहीं होगा` कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षक अंगद सिंह यादव ने रघुवीर सहाय के गीत ह्लसुघर सुभूमि भईया भारत के देशवा से मोरे प्राण बसे हिम्-खोह...ह्व के गीत से सब को मंत्र मुग्ध और भावुक बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित कुमार,राकेश कुमार सिंह , मिथलेश कुमार ,आदि का सहयोग सराहनीय रहा है।

## पिंनगवा में युवाओं को संबोधित करेंगे जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान: युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद

### एक बूथ एक युथ कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में किए जा रहे हैं कार्यक्रम रोड शो व सैकड़ों युवाओं की उपस्थिति लगाऐगी कार्यक्रम में चार चांद

**नूंह जुबैर खान**

जेजेपी युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने बताया कि एक बूथ एक युथ कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में युवा चौपाल की जा रही है।जिसके तहत 8 जुलाई की शाम को हल्के पुन्हाना के कस्बे पिंनगवा के तेड मोड पर युवा हल्का कार्यकारिणी की मीटिंग की जाएगी। जिसमें युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान जी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या व कंपटीशन के युग में प्रत्येक युवाओं को सरकारी नौकरी मिलना आसान काम नहीं है। ऐसी स्थिति में उनको पैरों पर खड़ा करना, आर्थिक तौर पर मजबूती प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना अति आवश्यक था। जिसके लिए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला प्राइवेट कम्पनी सेक्टर में नौकरियां में हरियाणवी युवाओं के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण वाली



कल्याणकारी योजना लाए,जोकि हरियाणा के स्थानीय युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। इस कार्य से युवा वर्ग उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व जेजेपी पार्टी के दीवाने हो गए है।अब युवाओं में काफी जोश व उत्साह है।जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि युवा मीटिंग को सफल बनाने में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन, युवा प्रदेश महासचिव लुकमान खान, युवा हल्का प्रधान शाहिद हुसैन सहित अनेक युवा निरंतर मेहनत कर रहे हैं।साथ ही युवाओं को जेजेपी जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार के दिशा-निर्देश तथा एडवोकेट जावेद खान सहित जेजेपी के अनेक वरिष्ठ नेताओं का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।

22 may 2022:Layout 1 7/8/2022 2:23 AM Page 8



## अफवा के कारण मुस्लमान लोग गांव छोड़ दिए थे दहशत के माहौल होने के कारण दर्द दर भटक रहे लोग

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

बिरौल अनुमंडल के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के एक वायरल वीडियो का खुलासा करने गुरुवार को थाना परिसर में बिरौल अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार कापर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र चौधरी ने वायरल वीडियो की तहकीकात करने घनश्यामपुर थाना पहुंचे ।




घटना की विस्तार पूर्वक जानकारी लिए व खुलासा किया की मामला दो सामुदायिक के बीच नही दो परिवार के बीच का है ।मामूली विवाद में लड़क का भीड़ में हत्या हो जाते ही गांव के कुछ लोगो के अफवा के कारण लोग डर से गांव छोड़ फरार हो गए । वही स्थानीय प्रशासन ने गांव के निगरानी में पुलिस बल को तैनात किया गया है और अब मामला सामान्य है गांव में अधिकतर लोग अपने घर वापस लौट रहे हैं । पुलिस ने लोगो से शांति बनाए रखने की अपील किए है ।

घनश्यामपुर के बदिया टोला में 16 जून को दो परिवार के बीच मारपीट हुई। इस घटना में 20 साल के धर्म साहू की मौत हो गई।

जहाँ धर्म कुमार अपने पीछे छः माह कि बेटी को छोड़ गए

गांव के ही कुछ लोगो के द्वारा अफवा फैलाया गया की गांव के सभी लोगो पर एफआईआर दर्ज किया गया है। ये सुनते ही आधे गांव के लोग घर छोड़ फरार हो गए। जिस कारण से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ था। एसडीपीआई एवं एसडीएम ने घटना स्थल पर पहुंच कर लोगो को लोगो को जानकारी दिया की जो विवादित है उनके पर ही कार्यवाही की जाएगी। आप सभी लोग गांव में शांति बनाए रखे व इस घटना से जुड़े लोगो को पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं 24 लोगों के नामजद है।

## कोविड - 19 महा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिद्यालय समेत 96 स्थलों पर लगा वैक्सिनेशन कैम्प

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा कोविड-19 संक्रमण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को कोविड-19 महा अभियान चलाकर किशोर किशोरीयो के साथ महिला एवं पुरुषों को वैक्सीन का टीका लगाया गया जिसको लेकर पीएचसी बगहा दो अंतर्गत 46 बिद्यालय समेत 53 स्थलों पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा



कैंप लगा कर वैक्सीन का टीका लगाया गया पीएचसी बगहा दो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संदीप राय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में कोविड-19 महा अभियान के तहत नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग कैंप लगाकर वैक्सीन का टीका लगाया गया जिसमें नगर के प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पटखौली बगहा दो आदर्श मध्य विद्यालय पटखौली ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल डुमवलिया बगहा दो प्लस टू एन बी एस हाई स्कूल नरईपुर , सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल बगहा एक एम ए वाई सेंट्रल पब्लिक स्कूल बगहा एक प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बगहा एक समेत अन्य विद्यालय एवं चयनित स्थानों पर वैक्सीनेशन कैंप लगाकर वैक्सीन का टीका लगाया गया उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन कैंप को लेकर पीएचसी से पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन वायल उपलब्ध करा दिया गया है ताकि किसी को परेशानी नहीं हो

## बगहा नगर थाना की पुलिस ने स्विफ्ट कार से 19 कार्टून शराब के साथ दो कारोबारियों को किया गिरफ्तार।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर डीएम एकेडमी चौक से शराब लदी कार के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जानकारी



के मुताबिक विदेशी शराब की खेप बगहा 2 से मुजफ्फरपुर के लिए स्विफ़्ट कार से भेजी जा रही थी जिसकी सूचना नगर थाना पुलिस को मिली तत्वरित कार्यवाही करते हुए सघन वाहन जांच शुरू कर दी गई जिसमें मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार को पकड़ लिया गया कार में रखें कुल 19 कार्टन विदेशी शराब जब्त किया गया है। जब्त अंग्रेजी शराब ऑफिसर चॉइस लाखों की बताई जा रही है ।गिरफ्तार धंधेबाज ने बताया कि गाड़ी लेकर बगहा से मुजफ्फरपुर जाने को लेकर शराब माफिया ने बोला था ।शराब लदी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर इफ06 अइ 1087 है।

अब पुलिस गिरफ्तार धंधेबाज से पूछताछ में जुटी हैं तथा शराब तस्करी के नेटवर्क औड्ट शराब माफियाओं की पहचान कर रही है।

## रामपुर व राजापुर गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को दी गई जरुरी जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (सारण) ।एकमा प्रखंड के किसानों के बीच खरीफ फसल लगाने की नई तकनीक की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रखंड कृषि कार्यालय के



तत्वावधान में आमडाढ़ी पंचायत के रामपुर व नगर पंचायत एकमा बाजार के राजापुर गांव में कला मंच पर खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रशिक्षित कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित किसानों को खरीफ फसल प्रबंधन समेत कई जरूरी विषयों पर प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्नत कृषि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया, सहायक तकनीकी प्रबंधक जमालुद्दीन अंसारी, किसान सलाहकार अरुण कुमार सिंह, हरेराम पंडित, कृषि समन्वयक बबली सिंह सहित किसान गोरख प्रसाद, अभय प्रसाद, विनोद प्रसाद, अवधेश यादव, नागेन्द्र यादव, सुनील सिंह, धर्मराज प्रसाद, नगनारायण प्रसाद, हरि चरण प्रसाद आदि दर्जनों किसान शामिल रहे।

## रामपुर व राजापुर गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को दी गई जरुरी जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (सारण) ।एकमा प्रखंड के किसानों के बीच खरीफ फसल लगाने की नई तकनीक की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रखंड कृषि कार्यालय के तत्वावधान में आमडाढ़ी पंचायत के रामपुर व नगर पंचायत एकमा बाजार के राजापुर गांव में कला मंच पर खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया।इस दौरान प्रशिक्षित कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित किसानों को खरीफ फसल प्रबंधन समेत कई जरूरी विषयों पर प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्नत कृषि की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया, सहायक तकनीकी प्रबंधक जमालुद्दीन अंसारी, किसान सलाहकार अरुण कुमार सिंह, हरेराम पंडित, कृषि समन्वयक बबली सिंह सहित किसान गोरख प्रसाद, अभय प्रसाद, विनोद प्रसाद, अवधेश यादव, नागेन्द्र यादव, सुनील सिंह, धर्मराज प्रसाद, नगनारायण प्रसाद, हरि चरण प्रसाद आदि दर्जनों किसान शामिल रहे।

## हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक के द्वारा की जा रही अवैध वसूली को लेकर छात्रों ने किया जमकर हंगामा मौके पर पहुंच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने लगाई फटकार

**समाज जागरण मुरारी झा**

समस्तीपुर जिले के सिंघिया प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक हाई स्कूल सालेपुर में छात्रों से अवैध वसूली की जा रही थी जिस पर छात्र छात्राओं ने जमकर हंगामा किया हैं। 10 वीं के छात्रों का कहना है मार्कशीट लेने को लेकर ङ्410 के बदले 885 रू किस चीज का लिया जा रहा है, वही छात्राओं के द्वारा ग्रामीणों को इस इसकी जानकारी हुई जिस पर प्रखंड प्रमुख, सिंघिया बी.ओ, पंचायत के मुखिया एवं कई जनप्रतिनिधियों ने मिलकर प्रधानाध्यापक की क्लास लगाते हुए प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार महतो को अंतिम चेतावनी दी है इस तरफ से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करें और जो सीमित पैसा है उतना ही पैसा ले अन्यथा आप पर कार्रवाई की जाएगी।



वही इसके अलावा ग्रामीण शिक्षकों ने बताया इस स्कूल में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है इस स्कूल में शिक्षकों का आने का ना कोई टाइमिंग है और ना ही सही तरीके से शिक्षा दी जाती है स्कूल में बेंच डेस्क की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है सिर्फ और सिर्फ एकमात्र नाम का हाई स्कूल रह गया है। वही कुछ लोगों ने प्रधानाध्यापक के कारनामे को लेकर ट्रांसफर करवाने की मांग की है।

आज ग्रामीणों के द्वारा रोसडा. अनुमंडल पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी को प्रधानाध्यापक के द्वारा मनमाने ढंग से अवैध वसूली के संबंध में लिखित शिकायत भी की गई है।

## विदाई कराने गए दामाद का ससुराल वालों ने सर फोड़ा।

**समाज जागरण**
**पश्चिम चंपारण( बगहा)**

पश्चिम चंपारण के बगहा नगर थाना क्षेत्र के मलपुरवा मोहल्ले में ससुराल गए एक युवक को ससुराल वालों ने जमकर पिटाई कर दिया। घटना सोमवार की रात्रि का है। बताया जा रहा है कि युवक अपने ससुराल पत्नी की विदाई कराने के लिए गया था। लेकिन लड़की के मायके वाले उसका विदाई नहीं कर रहे थे। जिसके बाद तू तू मैं मैं से बात हाथापाई तक पहुंच गई। दामाद अपने पत्नी को ले जाने के लिए अड़ा हुआ था। जबकि मायके वाले लड़की की विदाई नहीं करने पर खड़े थे। फिर क्या था देखते ही देखते लड़की की मां लड़की के पिता और लड़की के भाई ने दमाद का जमकर पिटाई कर



डाला। इस दरमियान युवक का सर फट गया।

स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बचा कर इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉ. तारीख नदीम ने युवक का इलाज किया। इलाज के बाद उन्होंने बताया कि युवक की स्थिति सामान्य हैं। युवक की पहचान शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी विनोद सहनी के 22 वर्षीय पुत्र बीटू सहनी के रूप में की गई हैं। जख्मी युवक ने बताया कि हम कल बाहर से कमा करके आए थे। हम अपने ससुराल गए तो ससुराल वालों ने हमको कुर्सी दे कर बैठने को बोला, तो हम कुर्सी पर बैठ गए। पत्नी को ले जाने की बात करने लगा। तभी कुछ देर बाद पीछे से ससुराल वालों ने बांस से हमला करने लगे ।जब तब हम कुछ समझते तब तक हमको वह लोग मारपीट कर जख्मी कर दिया। कुछ लोगो के द्वारा हमको बचाकर इलाज के लिए अस्पताल लाए । पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

## पुलिस ने किया चोरी कांड का उद्भेदन, दो गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण मधुबनी /जयनगर**

पुलिस ने जयनगर अनुमंडल के देवधा थाना क्षेत्र के धमियांपट्टी गांव में बिते 02 जुलाई की रात हुई चोरी के मामले का उद्भेदन कर लिया है। बृहस्पतिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसडीपीओ जयनगर विप्लव कुमार ने बताया कि देवधा थाना क्षेत्र के धमियांपट्टी गांव में बिते 02 जुलाई को चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गृहस्वामी जगदानंद मिश्र और वीणा देवी अपने घर में ताला लगा कर किसी संबंधी के यहां चले गए थे। चोरों ने 02 जुलाई की रात गृहभेदन कर लगभग पौने तीन लाख के आभूषण सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। जब गृहस्वामी वापस आये तो उन्होंने आलमारी का ताला टूटा पाया और उसमें रखा आभूषण सहित अन्य सामान गायब पाया। गृहपति ने चोरी के बाबत एक प्राथमिकी देवधा थाना में दर्ज कराई। डीएसपी विप्लव कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मधुबनी सुशील कुमार के आदेश पर देवधा थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने धमियांपट्टी गांव से दो भाइयों को गिरफ्तार करते हुए चार दिन के अन्दर चोरी कांड का उद्भेदन कर लिया। एसडीपीओ जयनगर विप्लव कुमार ने बताया कि चोर चार की संख्या में थे। दो अन्य चोरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सघन छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपित देवधा थाना क्षेत्र के



धमियांपट्टी गांव निवासी नारायण दास का पुत्र विपीन कुमार दास और संतोष दास है। दोनों सहोदर भाई है। गिरफ्तार चोरों ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। चोरों से एक सोने का टीका, दो जितिया, दो मंगलसूत्र, दो जोरी कान का टाप्स, चेन, झुमका तथा चांदी का पायल सहित चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार चोरों

## दिव्यांगों को यूनिक डिसेबलिटी आईडी कार्ड बनवाने के लिए अब भौतिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं

**दैनिक समाज जागरण आरा,,अख्तर शफी निक्की**

- भौतिक सत्यापन के लिए जिला सिविल सर्जन कार्यालय जाने से मिली मुक्ति
- कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को जारी किए दिशा-निर्देश

आरा, 07 जुलाई जिला में अब बिना भौतिक सत्यापन के ही दिव्यांगों का यूनिक डिसेबलिटी आइडेंटीटी कार्ड (यूडीआईडी) कार्ड बन सकेगा. इस सन्दर्भ में राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं. विदित हो कि यूडीआईडी कार्ड दिव्यांग जनों के लिए बिहार सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एकल दस्तावेज के रूप में मान्यता प्राप्त है. अभी दिव्यांगजनों के द्वारा यूडीआईडी पोर्टल पर यूडीआईडी कार्ड के लिए आवेदन (रजिस्ट्रेशन) पत्र जमा करने के बाद जिला मुख्यालय स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाता है. इसके बाद ही संबंधित दस्तावेज और दिव्यांगता प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाता है. कार्यपालक निदेशक द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि वर्तमान में सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा सत्यापन की प्रक्रिया ससमय संपादित नहीं की जा रही है.

स्वास्थ्य निदेशालय द्वारा विकसित किया गया है एमआईएस पोर्टलः

जारी पत्र में बताया गया है कि दिव्यांग जनों को विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी कार्ड बनाने एवं डाटा बेस तैयार करने के उद्देश्य से यूडीआईडी परियोजना का क्रियान्वयन दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा किया जाता है. सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए निदेशालय के स्तर पर एमआईएस पोर्टल विकसित किया गया है.

भौतिक सत्यापन के लिए जिला सिविल सर्जन कार्यालय जाने से मिली मुक्ति

जारी पत्र में बताया गया है कि राज्य सरकार द्वारा




अधिसूचित चिकित्सकीय प्राधिकार के द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र ही यूडीआईडी पोर्टल पर अपलोड किया जाता है. इसके बाद उनका अभिलेख संबंधित जिला के सिविल सर्जन/ संबंधित स्वास्थ्य केंद्र कार्यालय में भी संधारित रहता है. इसके बावजूद सभी जिला के सिविल सर्जन कार्यालय के द्वारा यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए दिव्यांग जनों को अनुरोध पत्र के माध्यम से उन्हें भौतिक सत्यापन के लिए कार्यालय बुलाया जाता है जो कि दिव्यांगता से ग्रसित व्यक्ति के लिए अनुचित लगता है. इस पर सशक्तिकरण निदेशालय (समाज कल्याण विभाग) ने खेद भी प्रकट किया है.

## थाना अध्यक्ष सुमन कुमार की अध्यक्षता में आगामी बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

सुपौल जिले के किशनपुर थाना परिसर में गुरुवार को थाना अध्यक्ष सुमन कुमार की अध्यक्षता में आगामी बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।जहां आयोजित बैठक में थानाक्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावे पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनैतिक दल के जन प्रतिनिधि सामिल हुए। शांति समिति के बैठक में आगामी 10 जुलाई को होने वाले बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जहां थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील किया कि अन्य वर्ष के तरह इस वर्ष भी शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद पर्व मनाएं। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। यदि कहीं किसी प्रकार की किसी को अप्रिय घटना की किसी को जानकारी मिलती है तो इसकी जानकारी अविलम्ब मुझे दें। कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाह से बचने के लिए उसके सत्यता को जानना जरूरी है। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं वुद्धिजीवियों ने कहा कि आज तक थानाक्षेत्र में कहीं पर किसी भी प्रकार का कभी कोई अप्रिय घटना नहीं घटा है और नहीं घटेगा। उन लोगों ने कहा कि हिन्दू का पर्व हो या मुस्लिम का पर्व हो। दोनों समुदाय के लोगों के द्वारा पर्व को भाई चारे के साथ मनाया जाता है। ईद, बकरीद पर्व हो या कोई अन्य पर्व हिंदू मुस्लिम सभी एक दूसरे के साथ मिल भाईचारे निभाते हुऐ सभी लोगे पर्व में शामिल होते हैं। ऐसे में किसी अनहोनी का कोई आशंका नहीं नजर आता है। लेकिन अभी देश में कुछ ऐसे तत्व सक्रिय है जो सौहार्द बिगाड़ने के जुगत में है। इस लिए प्रशासन अपनी



मुस्तैदी बनाए रखने की जरूरत है। बैठक को

बीडीओ अजीत कुमार, पूर्व मुखिया मो नईम, जीप सदस्य मो हसनैन नोमानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महामाया चौधरी, शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य ने सम्बोधित किया। बैठक में मुखिया मनोज कुमार साह, पूर्व मुखिया गंगा प्रसाद यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, शैलेन्द्र कुमार, रमेश ठाकुर, एएसआई परमात्मा सिंह, जितेंद्र कुमार, शिला जयसवाल, प्रो श्याम यादव, ओम यादव, लक्ष्मी चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी की सदस्यता अभियान जोरों पर।

**समाज जागरण पश्चिम चंपारण**

आम आदमी पार्टी बिहार में भी अपने पैर पसारने शुरू कर दिए है ।पंजाब में मिली भारी सफलता से लबरेज पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव में घूम घूम कर सदस्यता अभियान चला रहे हैं ।लौरिया नरकटियागंज के बीच रोआरी गावँ निवासी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय किसान नेता राजू वर्मा ने बताया कि पार्टी संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरी के दिल्ली मॉडल से प्रभावित होकर वे पार्टी से जुड़े हैं ।उन्होंने कहा कि दिल्ली मॉडल से देश की जनता प्रभावित हो पंजाब में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है ।यही मॉडल बिहार में भी लागू करवाने के लिए जनता को आम आदमी पार्टी के साथ आना चाहिए ।आम आदमी पार्ट ने शिक्षा, स्वास्थ, बिजली आदि मुद्दे पर पूरे देश मे एक प्रभावशाली एग्जाम्पल सेट किया है। बिहार में शिक्षा महंगा हो चला है,बिजली मंहगी है,स्वास्थ्य सेवा लचर है और अपराध चरम पर है ।

बतातें चले कि रोआरी के राष्ट्रीय






किसान नेता राजू वर्मा आम आदमी पार्टी के लिए पूरे तन मन और धन से समर्पित हो पार्टी सदस्यता अभियान चला रहे हैं ।इसी क्रम में बैनर पोस्टर व इक्को साउंड सिस्टम से लैश गाड़ी से बगहा, रामनगर,नरकटियागंज, हरनाटांड़, वाल्मीकिनगर आदि जगहों स्थित गांव गांव में घूम घुक कर लोगों को अरविंद केजरीवाल के भाषण को सुना रहे है और दिल्ली की सरकार के शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसे मुद्दों पर कार्य कर रही सरकार की उपलब्धियों को समझा रहे हैं,ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग आम आदमी पार्टी की सदस्यता से जुड़े । पार्टी के किसान नेता राजू वर्मा ने बताया कि पार्टी बिहार में 2024 में लोकसभा व 2025 में विधानसभा चुनाव की तैयारी पूरे जोशोखरोश के साथ कर रही है ।

## टीबी बीमारी कलंक नहीं, मरीजों से नहीं करें भेदभाव

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**छपरा (प्रो अजीत कुमार सिंह सेंगर)।**

- किसी भी व्यक्ति को हो सकता है टीबी
- टीबी उन्मूलन के प्रयासों को मजबूती देने के लिए विभाग प्रयासरत
- टीबी मरीजों की हो रही है निगरानी

टीबी बीमारी कलंक नहीं है, इसलिए इससे मन में कुंठा की भावना न रखें। समाज को टीबी मरीज से भेदभाव नहीं, हमदर्दी रखनी होगी। टीबी को लेकर हमारे समाज में गलत अवधारणाएं प्रचलित हैं, जिन्हें दूर किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि समाज में टीबी को लेकर अब भी एक तरह का डर है। यह डर कहीं न कहीं इसके मरीजों के साथ भेदभाव का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों के प्रति भेदभाव को रोकने के लिए जन सहभागिता बहुत जरूरी है। इसमें जिलेवासियों का सहयोग मील का पत्थर साबित होगा। लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए कि टीबी हमें नहीं हो सकती। अमीर हो या गरीब, टीबी किसी को भी हो सकती है। टीबी जात-पात, ऊंच-नीच भी नहीं देखता। इसलिए लोगों को मन से यह भ्रम निकाल देना चाहिए। मरीजों में हर वर्ग और समुदाय के लोग हैं। इसलिए इस बीमारी को भेदभाव से नहीं देखना चाहिए। खासकर गांव में यह भ्रांति है कि यह बीमारी गरीबों को ज्यादा होती है।

टीबी उन्मूलन के प्रयासों को मजबूती देने के लिए विभाग प्रयासरतः

डीपीसी हिमांशु कुमार ने बताया कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों को मजबूती देने के लिये जिला में गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। इसे लेकर लगातार जागरूकता संबंधी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्यवेक्षकों द्वारा मरीजों का समुचित ध्यान रखा जा रहा है । क्षेत्र भ्रमण कर वे टीबी मरीजों के दवा सेवन, उनके खानपान, रहने व सोने के तरीकों, मास्क के उपयोग समेत अन्य दिनचर्या की जानकारी दे रहे हैं। वे मरीजों को नियमित रूप से दवा का सेवन करने की सलाह देते



हैं। जिले में टीबी की विश्वसनीय जांच व सम्पूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

लक्षण दिखे तो जांच केंद्र में टीबी की जांच कराएं :

दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, रात के समय बुखार आना, बलगम में खून आना, वजन का कम होना व रात को सोते समय पसीना आना आदि लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी जांच केंद्र में अपनी टीबी की जांच करवानी चाहिए। अधिक से अधिक लोग टीबी के लक्षणों के बारे में जानें और अपने आसपास रहने वाले लोगों में यदि इनमें में से कोई लक्षण दिखे तो जांच के लिए प्रेरित करें। अधिसूचित रोगी का जब तक उपचार चलता है, तब तक प्रतिमाह 500 रुपये वित्तीय सहायता प्रोत्साहन राशि निक्षय पोषण योजना के तहत सीधे मरीज के खाते में भेजी जाती है।

## गरीब, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यको के आवाज श्री लालू प्रसाद यादव जल्द स्वस्थ्य हो

**दैनिक समाज जागरण**
**आरा,,अख्तर शफी निक्की**

इसके लिए माँ वैष्णो देवी, बाबा भैरोनाथ के दरबार मे माथा टकेंगे भाई दिनेश

भाई दिनेश ने कहा की कल 6 जून 2022 को श्री अमरनाथ यात्रा पूरा कर लौट रहे थे सुबह ही जानकारी मिला की गरीब - गुर्बो के आवाज पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी का स्वास्थ्य खराब है वो एम्स में भर्ती है मन बहुत दुखित हुआ, मन ही मन ईश्वर से प्राथना किये जल्द स्वस्थ्य होने के लिए '

भाई दिनेश ने कहा की जब मै श्री नगर पहुँचा तो हरि सिह स्टेट चौक पर स्थित संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना कर जल्द स्वस्थ्य होने के लिए पूजा अर्चना किये '

भाई दिनेश ने कहा की आज सुबह जब मै श्री नगर से जम्मू जा रहा था तो मालूम हुआ की माननीय श्री लालू



प्रसाद यादव जी को एयर एम्बुलेश से दिल्ली लाया गया है जहा एम्स में भर्ती कराया गया है '

भाई दिनेश ने कहा की 10 बजे जानकारी मिला की श्री लालू प्रसाद जी का शरीर का कोई अंग मूवमेंट नही कर रहा है माननीय नेता प्रतिपक्ष विहार विधान सभा सह सुपुत्र माननीय श्री तेजस्वी यादव जी का भाउक ब्यान भी आया जिसे सुनकर मन बहुत चिंतित हुआ '

भाई दिनेश ने कहा की माननीय पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी जल्द स्वस्थ्य हो इसके लिए माँ वैष्णो देवी के दरबार आज रात को माथा टकेंगे '

आज सुबह से जानकारी मिल रहा है की गरीब, दलित, पिछडा, अल्पसंख्यको के आवाज माननीय श्री लालू जी दिल्ली एम्स मे भर्ती कल हुए थे लेकिन उनका शरीर का कोई अंग मूवमेंट नही कर रहा है जिससे पूरा बिहार और देश के लोग चिंतित है '

आज मै शाम को कटरा पहुचेंगे वहाँ से पैदल चलकर माता वैष्णो देवी के दरबार और बाबा भैरोनाथ के दरबार मे माथा टेकर कर माननीय श्री लालू प्रसाद जी जल्द स्वस्थ्य हो जाय इसके लिए प्राथना करूँगा '

## टीसीपी भवन में स्थानांतरित बीडीओ को दी गई भाव भीनी विदाई।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

सुपौल जिले के किशनपुर प्रखंड परिसर स्थित सभा भवन में स्थानांतरित बीडीओ को समारोह आयोजित कर भाव भीनी विदाई दी गई। वुधवार को स्थानंतरोपरांत बीडीओ अजीत कुमार को उप प्रमुख शमा परवीन के अध्यक्षता में प्रखंड कर्मी द्वारा भावभीनी विदाई दिया गया। जहां स्थानांतरित बीडीओ श्री कुमार को प्रखंड कर्मियों द्वारा पाग, माला व शाल पहना कर विदाई दिया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए उप प्रमुख शमा परवीन, पूर्व प्रमुख विजय कुमार यादव, थानाध्यक्ष सुमन कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अखिलेश कुमार, आरओ रविकांत, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, जीप सदस्य मो हसनैन नोमानी सहित अन्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि तीन वर्षों से अधिक समय तक अजीत कुमार के द्वारा यहां बीडीओ के रूप में किए गए कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इनके कार्यकाल में प्रखंड से पंचायत तक चहुमुखी विकास हुआ है। जिसे प्रखंड वासी सदा याद रखेंगे। सरकारी नौकड़ी में स्थानांतरण तो लगा हीं रहता है। लेकिन उनके किए गए कार्य को क्षेत्र वासी हमेशा याद रखते है। श्री कुमार ने हर आम व खास के साथ मृदुभाव से पेश आए। वे हमेशा प्रखंड क्षेत्र के विकास के बारे में सोचते रहे। जिससे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगातार विकास का कार्य हुआ। वही बीडीओ अजीत कुमार ने भी उपस्तिथों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं जहां भी जाता हूं वहां के विकास के लिए हमेशा सोतचा रहता हूं। यहां के लोगों से मेरा काफी लगाव हो चुका है। यहां के विकास में सबों ने साथ दिया। सभी से अपनापन मिला। किसी में कोई अंतर नहीं दिखा। यही कारण है कि जाने वक़्त थोड़ी परेशानी जरूर हो रही है। लेकिन खुशी भी है कि यहां के लोगों ने मुझे सेवा के दौरान बिताए सवा तीन वर्ष में काफी प्यार और सम्मान दिया। जिसे मैं सदा याद रखूंगा। विदाई समारोह में स्थानांतरित प्रखंड कर्मी में प्रधान सहायक घनश्याम मिश्र, लिपिक मल्लिक साहू, मो रहमान, प्रखंड आईटी

## नामांकन के दूसरे दिन सदस्य पद के लिए 5 पुरुष एवं 4 आरक्षित महिला उम्मीदवार ने नामांकन किया।

**दैनिक समाज जागरण/किशनपुर संवाददाता मो0रिजवान।**

किशनपुर प्रखंड परिसर स्थित कृषि भवन में मतस्यजीवी सहयोग समिति के निर्वाचन को लेकर नामांकन के दूसरे दिन सदस्य पद के लिए 5 पुरुष एवं 4 आरक्षित महिला उम्मीदवार ने नामांकन किया। जबकि नामांकन के प्रथम दिन अध्यक्ष पद के लिऐ लक्ष्मी मुखिया एवं विनोद मुखिया ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। वही मंत्री पद के लिए अशोक मुखिया, नसीब लाल मुखिया, भुवनेश्वर मुखिया एवं हीरा मुखिया के द्वारा नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। जबकि सदस्य पद के लिए प्रथम दिन 9 पुरुष एवं दो महिला ने भी ` नामांकन पर्चा दाखिल किया। जानकारी देते हुए सहायक निवार्ची पदाधिकारी हिमांशु मोहन रवी ने




बताया कि सदस्य पद के लिए 5 आरक्षित महिला के पद पर मात्र दो महिलाओ के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था । उन्होंने कहा कि आरक्षण के अनुपालन हेतू सभी 13 सदस्यी कमिटी का कोरम पूरा हो चुका है । बता दे की मतस्यजीवी सहयोग समिति का निर्वाचन 19 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में संपन्न होना है । इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है । इस चुनाव में 412 मतदाताओं के द्वारा अध्यक्ष एवं मंत्री के अलावे ग्यारस सदस्य का चयन किया जाना है । वहीं शांति पूर्ण नामांकन के लिए प्रखंड मुख्यालय में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों की तैनाती सुनिश्चित की गई थी ।उन्होंने कहा कि 7 एवं 8 को समीक्षा होगी तथा 9 को नाम वापसी है।

## भारत विकास परिषद नवादा शाखा के द्वारा एनीमिया से बचाव हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**

नवादाः-जिले में भारत विकास परिषद नवादा शाखा द्वारा एनीमिया से बचाव हेतु उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी नवादा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इसमें परिषद के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार एवं डॉ पिंकी बरनवाल ने लोगों को एनीमिया से बचाव हेतु जागरूक किया। इसमें स्कूल के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार साथ ही स्कूल के बच्चों के बीच एनीमिया कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।डॉक्टर मनोज कुमार ने एनीमिया के कारण और निवारण खानपान संबंधित जानकारी भी मुहैया कराया।मौके पर उपस्थित बच्चों को फल, केला,खजूर का वितरण भी किया गया।



इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद, शाखा सचिव रामचंद्र प्रसाद,लक्ष्मीनारायण भदानी,मुरारी प्रसाद एवं इनरव्हील क्लब की ओर से कशिश सिन्हा,रेखा रानी, सावित्री बरनवाल, संध्या जयसवाल आदि सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

## फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ नवादा सी.एस.ने की

**समाज जागरण नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादा : आज सिविल सर्जन श्रीमती डॉ0 निर्मला कुमारी द्वारा नवादा सदर अस्पताल के परिसर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत हाथीपांव एवं जिन व्यक्तियों का हाइड्रोसिल बढ़ गया है वैसे बीमारी की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है । सिविल सर्जन ने बताया कि यह कार्यक्रम 7 जुलाई से 21 जुलाई तक चलेगी, इसमें एल्बेंडाजोल एवं डीईसी जैसी दवा रोगियों को खिलाना है। यह दवा 2 साल से कम उम्र वाले बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमारी वाले रोगियों को नहीं देना है । डॉ वीरेंद्र ने कहा कि इस कार्यक्रम में दो आशा और आंगनवाड़ी दोनों मिलकर काम करेंगे । प्रतिदिन आशा को 30 से 40 घर में घर-घर जाकर दवा खिलाना है । इस अभियान के तहत प्रत्येक आशा और भोलेन्टियर वर्कर्स को प्रतिदिन ₹200 मिलेगा । इस कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, नरेंद्र कुमार केयर इंडिया प्रबंधक ,डॉ० अदिति केयर इंडिया, बिक्रम किशोर राणा जिला प्रोग्राम ऑफिसर केयर इंडिया आदि स्वास्थ विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



## नवादा में महिला ने पुलिस से लगायी न्याय की गुहार

**समाज जागरण**

नवादा. वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पैंगरी पंचायत की एक महिला ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। साथ ही पिछले 2 जुलाई को मारपीट कर बदसलूकी करने के तहत ग्रामीण प्रदीप प्रसाद का पुत्र कुंदन कुमार तथा उसका भाई रवि कुमार व चंदन कुमार को आरोपित किया है।




थाना को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि मेरी पुत्री जो स्नातक पास कर चुकी है। उसे उपरोक्त आरोपितों द्वारा काफी दिनों से परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसी बीच 2 जुलाई की शाम मेरे पति अपने ट्रैक्टर से खेत मे मिट्टी भरवा रहे थे। तभी रास्ते में उन्हें रोक कर आरोपितों द्वारा गाली गलौज करते हुए पिस्टल एवं हथियार से जान मारने का प्रयास किया था। शोर सुनकर मैं भी घटना स्थल की ओर भागी दौड़ी पहुंची। तब सभी बदमाशों ने मेरा साड़ी खिंचकर अर्धनग्न करते हुए धारदार हथियार से मारकर जख्मी कर दिया।

महिला ने बताया कि इसके बाद शाम में वे लोग मेरे घर पर चढ़कर गाली गलौज एवं जान से मारने, बेटी के साथ रेप करने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता का आरोप है कि सभी नामजद आरोपी शराब एवं सायबर ठगी का कार्य करते हैं। अवैध कमाई के पैसे के बल पर हमें सपरिवार बर्वाद करने की धमकी दी है।

## आज कौआकोल प्रखंड में नुक्कड़ नाटक का किया गया है आयोजन, देखने के लिए उमड़ी भीड़

नवादा : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समाज सुधार अभियान ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके तहत नवादा जिला में महादलित टोले में लगातार गीत, संगीत ,नृत्य के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जा रहा है इसी कड़ी में आज कौआकोल प्रखंड में नुक्कड़ नाटक देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ी।



हजारों की संख्या मे लोग आज नुक्कड़ नाटक देख रहे हैं और बाल विवाह, दहेज प्रथाऔर नशा मुक्ति अभियान को पैगाम दे रहे हैं।

इस अवसर पर बाल विवाह नहीं करने और दहेज नहीं लेने और शराब का सेवन नहीं करने का शपथ दिलाई गई।

## ससुराल वालो ने विवाहिता को घर मे किया कैद, सोशल मीडिया पर पुलिस से मदद की लगा रही गुहार

## ससुराल वालो ने विवाहिता को घर मे किया कैद, सोशल मीडिया पर पुलिस से मदद की लगा रही गुहार।

**समाज जागरण नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादा : जिले मे सोशल मीडिया पर एक विडियो वायरल हो रहा है। जिसमे एक महिला पुलिस से अपनी जान बचाने की गुहार लगा रही है।

मामला जिले के हिसुआ प्रखंड क्षेत्र के हिसुआ बाजार प्रोफेसर कॉलोनी का बताया जा है। मिल रही जानकारी के अनुसार इस महिला को अपना हक मांगना महंगा पड़ा है। ससुरालजनो ने विवाहिता को घर में बंद कर दिया है। ससुरालजनो ने घर की बिजली पानी की सप्लाई को भी बंद कर दिया है।



ससुरालजनों की प्रताडना से तंग आ कर उसने सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगा रही है।

## नवादा डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी प्रखंडों के अधिकारियों को निर्देश दिए

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादाः श्रीमती उदिता सिंह आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंडों के वरीय अधिकारी प्रखंड विकास अधिकारी से चयनित गांव में साक्षरता के संबंध में महिलाओं की साक्षरता के संबंध में फीडबैक लिए ।

उन्होंने सभी प्रखंडों की वरीय पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से बारी-बारी से साक्षरता के संबंध में किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के पहले सभी प्रखंडों में चयनित गांव की महिलाओं को साक्षर करना सुनिश्चित करें। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगातार बेहतर कदम उठाया जा रहा है। सभी महिलाओं का मोटिवेट लगातार किया जा रहा है

अक्षर ज्ञान जरूरी है, इसके बिना जीवन अधूरी है। पढ़ा लिखा हुआ व्यक्ति अधिकार और कर्तव्य को भलीभांति समझता है और देश और राज्य के प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देता है। जिला अधिकारी के द्वारा अभी सभी प्रखंडों के 11 गांव को पायलट प्रोजेक्ट के तहत सभी महिलाओं को शिक्षित किया जा रहा है, इसके पश्चात जिले के सभी महिलाओं को साक्षर करने का मिशन चलाया जाएगा।



सभी महिलाओं को साक्षर करने में जनप्रतिनिधियों को भी आगे आने की अपील की गई है। आज रोह प्रखंड और नारदीगंज प्रखंडों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाया गया ।जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड के प्रभारी पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी चयनित महिलाओं को मोटिवेट करना सुनिश्चित करें। सभी महिलाओं को सरकार की विभिन्न वांछित योजनाओं से जोड़ने का भी निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिए कि सभी चयनित गांव में मेडिकल कैंप, बैंक खाता खोलने हेतु कैंप ,राशन से संबंधित शिकायत निराकरण के लिए कैंप लगाना सुनिश्चित करें और नुक्कड़

## जहानाबाद : मुरलीधर इंटर विद्यालय छात्र- छात्राओं को दिलाई गई एकल प्रयोग प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की शपथ

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद जिले में आज मुरलीधर इंटर विद्यालय जहानाबाद में स्काउट और गाइड के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार छात्र- छात्राओं को एकल प्रयोग प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने हेतु शपथ दिलाया गया। छात्राओं को शपथ दिलाते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रमिला कुमारी ने कहा कि एकल प्रयोग पॉलिथीन से प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है, इसका रीसायकल या निस्तार करने में कठिनाइयां होती है।इसके लिए जगह भी ना के बराबर उपलब्ध है, जिसके कारण तरह-तरह के बीमारियां उत्पन्न हो रहे हैं।अतः इसका प्रयोग स्वयं के साथ-साथ दूसरों को नहीं करने हेतु प्रेरित करें।सहायक शिक्षक संतोष कुमार ने छात्रों को शपथ दिलाते हुए कहा कि एकल प्रयोग प्लास्टिक संयुक्त राष्ट्र संघ, पर्यावरण वन मंत्रालय, केंद्र एवं राज्य सरकार ने प्लास्टिक टाइड टर्नर के द्वारा इसके उपयोग पर पाबंदी लगा दिया है। इसीलिए हम सभी का कर्तव्य है हम अपने स्वास्थ्य एवं आने वाले पीढ़ी हेतु स्वच्छ, शुद्ध पर्यावरण के लिए बाजार से सामान लाने मे कपड़े का थैला उपयोग करें। मौके पर उपस्थित हरिशंकर कुमार, जिला संगठन आयुक्त ने कहा कि एकल प्रयोग प्लास्टिक का उपयोग मानव एवं पर्यावरण के लिए खतरा है, शिक्षक- शिक्षिका, छात्र-छात्राओं के सहयोग से आम जनमानस को इसके प्रयोग नहीं करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, इसका शुरूआत छात्र- छात्रा अपने घर से आसपास के मित्रों से करें, जबकि शिक्षक- शिक्षिका अपने पोषक क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर आम लोगों को प्रेरित करें। इन्होंने बताया कि 11 जुलाई को अवकाश रहने के कारण 13 जुलाई को प्लास्टिक लिटरेसी परीक्षा होगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार, शिक्षिका माधवी कुमारी, प्लास्टिक वॉरियर्स टीम के सदस्य सोनाली कुमारी, शुभम कुमार, संजीत कुमार, अंकित कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।




## तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक को चयन मुक्त की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया, जैसी मुँह वैसी बात।

### भ्रष्टाचारियों के हाँथों का कठपुतली हैं औरंगाबाद जिले के प्रशासानिक अधिकारी ,सोशल एक्टिविस्ट

**दैनिक समाज जागरण**

अजय पाण्डेय, संवाददात्ता/अनिल कुमार मिश्र ब्यरोचीफ का संयुक्त रिपोर्ट

औरंगाबाद ( बिहार) 06 जुलाई 2022 बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के विभिन्न विभागों में रिश्वतखोरी का आई बाढ़ में से एक का कमी यानी एक के विरूद्ध चयन मुक्त की कार्रवाई को बुद्धजीवियों ने रिश्वत का अनुठे खेल बताया है और जिला प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए बुद्धजीवियों नें जन संदेश में कहा है जिले के प्रशासानिक अधिकारी भ्रष्टाचारियों के हाँथों का कठपुतली बन चुके है और बड़े से बड़े घोटाले बाज कर्मचारियों के सामने इनके कद बहुत छोटा हो चुके हैं जिसका ज्वलंत उदाहरण जिले के कृषी फार्म कझपा में प्रक्षेत्र प्रभारी सह कृषि समन्वयक कुटुंबा प्रखंड द्वारा अनुमानित 34 लाख रुपए मूल्य के बिहार सरकार का धान के बीज की चोरी मामले में अनेको पत्राचार के बाद आज तक कार्रवाई का नहीं होना है। जिले के कृषी फार्म कझपा में प्रक्षेत्र प्रभारी सह कृषि समन्वयक कुटुंबा प्रखंड के विरूद्ध कराये गयें जाँच में भी कृषी अनुदान की राशि का आवंटन में हेराफेरी /आपसी बंदर बाँट तथा पदीय शक्ति का दुरूपयोग का मामला उज्जागर है फिर भी कृषि विभाग के बात ही छोड़े जिला प्रशासन के तमाम पदाधिकारियों के संरक्षण में निर्वाधगति से बिहार सरकार के जमीन में उत्पादित बीजो,एवं बीज उत्पादन के नाम पर निर्वाधगति से खाद बीज एवं सरकारी राशि का गबन और घोटाले का खेल जारी है और जिला प्रशासन का हिम्मत नहीं हैं की एक लूटेरे कृषि समन्वय का गीरवान में झाक लें ,कार्रवाई की बाते तो दूर है।

जन संदेश में बुद्धजीवियों ने कहा है कि जिले में आवंटित प्रधानमंत्री आवास योजना का ईमानदारी पुर्वक जाँच कराई जाये तो अपवाद को छोड़कर सभी ग्रामीण आवास सहायक चयन मुकत होगें, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पदीय शक्ति का दुरूपयोग के आरोप की जाँच कराई जाये तो एक भी मनरेगा के कर्मचारी व पदाधिकारी नहीं बच पायेगें, ठीक उसी तरह कृषि विभाग में योजनाओं का क्रियान्वयन की निष्पक्ष जाँच कराई जाये तो अपवाद को छोड़कर सभी चयन मुक्त होगे। प्रशासानिक सूत्रों के दावे के अनुसार बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड़ का रतनपुरा पंचायत के ग्रामीण आवास सहायक प्रिंस कुमार सिंह द्वारा 6 परिवारों को पक्के मकान एवं पूर्व में लाभ प्राप्त लाभुकों को लाभ दिया गया है, जिसकी जांच ओबरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी से करायी गई। जांच में आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद ग्रामीण आवास सहायक को पक्के मकान वाले परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के आरोप में चयनमुक्त कर दिया गया है । साथ ही ओबरा के गामीण आवास पर्यवेक्षक को खराब अनुश्रवण के कारण एक वर्ष तक 25 प्रतिशत मानदेय की कटौती की गयी है। जबकि ओबरा के बीडीओ को कड़ी चेतावनी दी गई है। बीडीओ को सभी 6 अयोग्य परिवारों से राशि वसूली करते हुए राज्य के खाते जमा कराने का निर्देश दिया गया है।

## जन अधिकार पार्टी ( लोकतांत्रिक ) कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबाद**

( बिहार ) जन अधिकार पार्टी ( लोकतांत्रिक ) कार्यकताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश - महासचिव, संदीप सिंह समदर्शी के नेतृत्व में रफीगंज बस स्टैंड पर बिहार के मुख्यमंत्री, नीतीश कुमार का पुतला दहन किया! इसके पूर्व कासमा रोड स्थित पार्टी कार्यालय से कार्यकताओं के साथ हाथ में पार्टी का झंडा लिए हुए नीतीश कुमार मुदार्बाद, अफसरशाही मुदार्बाद, नेता, पदाधिकारी गठजोड़ मुदार्बाद, पुलिस, माफिया गठजोड़ मुदार्बाद का नारा लगाते हुए भी रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय, महादेव रोड होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचकर बिहार - सरकार के विरोध में नारा लगाया, और नीतीश कुमार का पुतला दहन किया! प्रदेश - महासचिव, संदीप सिंह समदर्शी ने कहा कि पटना के नेपाली नगर एवं राजीव नगर में मकानों पर बुलडोजर चलवाना तथा पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक वहां के निवासियों पर लाठी चलाना यह घोर निंदनीय है! ऐसे कुकृत्य के लिए बिहारवासी नीतीश कुमार को कभी भी माफ नहीं करेंगे।

समदर्शी ने व्हाट्सएप के माध्यम से भी प्रेस - विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि सरकार पहले लोगों को बसाती है! बिजली, पानी सभी सरकारी सुविधाएँ देती है, और फिर उन्हें अवैध बताकर बेघर कर रही है, जबकि लोगों ने कानून का अनुपालन करते हुए ही सुविधाएं लीं! सरकार ने वहां सकड़ें बनवाईं, नाले बनवाए, फिर ऐसा क्या हुआ कि वहां की जनता अतिक्रमणकारी हो गयी? इसलिए इस मामले की निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए। सभी चीजें पुलिस - प्रशासन, नेता, मंत्री व अधिकारियों की मिलीभगत से ही हुई! सभी ने फायदा लिया!



इसलिए सबसे पहले उन पर कार्रवाई होना चाहिए। इस मौके पर अरविंद भगत, संजय कुमार सिंह, शिवनंदन सिंह, जेठन यादव, मोहन यादव, जगनारायण निराला, मिथलेश कुमार सिंह, अवधेश कुमार, युवा - परिषद के पप्पू कुमार, उदय कुमार, रामध्यान सिंह, संजय यादव, छात्र नेता प्रिंस राज, कुंदन कुमार, प्रिंस कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## हिंदू संगठनों ने टीएमसी सांसद महुआ और फिल्म मेकर लीना का पुतला जलाया, मां काली के अपमान का मामला।

**समाज जागरण**
**नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादा में हिंदू संगठनों द्वारा गुरुवार को टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और फिल्म मेकर लीना मणि मेकलाई के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया गया। दोनों का पुतला भी जलाया गया। बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुईं।

विरोध-प्रदर्शन करते हुए लोग प्रजातंत्र चौक पर पहुंचे और पुतला जलाया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष माधवी बर्णवाल ने कहा कि माता काली का अपमान टीएमसी सांसद और फिल्म डायरेक्टर लीना द्वारा किया गया है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा करेंगे।

बजरंग दल के जितेंद्र प्रताप जीतू ने कहा कि माता काली का अपमान फिल्म निमार्ता और सांसद द्वारा किया गया है, इसी के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया है। फिल्म का पोस्टर काफी आपत्तिजनक है।




इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के कैलाश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

बता दें कि फिल्म निमार्ता लीना मणि मेकलाई द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म काली के पोस्टर पर मां काली की जो तस्वीर दी गई है, उसपर विवाद छिड़ा हुआ है।

विवाद पर टीएमसी सांसद के बयान ने और विवाद को बढ़ा दिया। सांसद ने कहा था कि मां काली के कई रूप हैं, वह मांस और मदिरा स्वीकार करने वाली हैं। दरसल, डॉक्यूमेंट्री फिल्म काली के पोस्टर पर मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया है, जिसके बाद देश के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

## धक्का -मुक्की के घटनाओं में भतीजे नें चाचा के सिने में मारी चार गोली , वर्षो से था चल रहा था भुमी का विवाद।

**दैनिक समाज जागरण**
**केशव कुमार सिंह**

औरंगाबाद (बिहार) 07 जुलाई 2022 :- जिले के ओबरा प्रखंड के चपरी गांव में जमीनी विवाद को लेकर गुरुवार की सुबह धक्का-मुक्की के क्रम में भतीजे ने अपने चाचा पर लगातार गोलियों की बौछार कर दी. गोलीबारी के दौरान एक-एक कर चार गोली चाचा के सीने में लगी. जिसके बाद आनन-फानन में परिजनों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है.

गोलीबारी में घायल हुए ब्यक्ति की पहचान सिधेश्वर सिंह के रूप में की गई है। भतीजे पर ही गोली मारने का आरोप लगा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार काफी दिनों से अपने पाटीदार के साथ जमीन का विवाद चल रहा था. इसी जमीन विवाद को लेकर गुरुवार की सुबह-सुबह अचानक दोनों पक्षों में विवाद गहरा गया और धक्का-मुक्की शुरू हो गई और भतीजे नें एक एककर चार गोलियां चाचा के सिनें में उतार दिया।

## कार्रवाई की बात तो दूर है,.जिला प्रशासन का औकाद नहीं हैं कि रीश्वतखोर व लुटेरे कर्मचारी के गीरवान में झांक लें -पुकार सिंह

**दैनिक समाज जागरण**

अनिल कुमार मिश्र एवं अजय पाण्ड़ेय का संयुक्त रिपोर्ट

औरंगाबाद (बिहार ) 06 जुलाई 2022 : जिले के ओबरा प्रखंड़ का रतनपुरा पंचायत का एक तत्कालीन ग्रामीण आवास सहायक को चयन मुक्त की कार्रवाई का खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिलें के कुटुंबा प्रखंड का जाने-माने सोशल एक्टिविस्ट रामपुकार सिंह ने कहा, कार्रवाई की बात तो दुर रही, औरंगाबाद जिले में जिला प्रशासन का औकाद नहीं हैं कि एक लुटेरे कर्मचारी के गीरवान में झांक ले । सभी साक्षयों एवं जांच रिपोर्ट में कृषि अनुदान की राशि का हेरा फेरी के तहत आपसी बंदरबाँट की रिपोर्ट प्रशासनिक अधिकारी को सुपुर्द करने के बावजूद भी 5 वर्षों में आरोपित कृषि समन्वयक परआज तक किसी तरह का कोई विधि सम्मत कार्रवाई नहीं हुआ महज चंद दिनों की तबादले के पश्चात पुनः पदस्थापित कर लूटने की आजादी दे दिया गया ,अगर यह कहा जाये कि जिला प्रशासन के संरक्षण में जिला कृषि फार्म की बीजों के चोरी का काम रिश्वत की बदौलत आरोपित कृषि समन्वयक को दे दिया गया तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी

जिला प्रशासन को चुनौती देते हुए श्री सिंह ने कहा है.अगर पदीय शक्ति के दुरुपयोग करने वाले पर जिला प्रशासन द्वारा करवाई औरंगाबाद में होता है तो सबसे पहले जिले की कृषि फारम कझपा में बिहार सरकार के करोड़ों रुपएं की बीजों की चोरी, बीज उत्पादन के नाम पर खाद -बीज एवं सरकारी राशि का घोटाले के आरोपित कृषि समन्वयक पर कार्रवाई को करे अन्यथा आरोपित क्षेत्र प्रभारी सह कृषि समन्वयक को निर्दोष साबित कर जनमानस को बता दे कि करोड़ों की चोरी व लूट का आरोपित निर्दोष है,अगर निर्दोष नहीं है तो करोड़ों के गबन - घोटाले के आरोपी ( कृषि फारम कझपा के प्रक्षेत्र प्रभारी सह कृषि समन्वयक आशुतोष कुमार सिंह उर्फ टनटन सिंह )

पर करवाई क्यों नहीं होता है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत,एक घायल

**दैनिक समाज जागरण**
**केशव कुमार सिंह**

औरंगाबाद (बिहार) 07 जुलाई 2022 :- बुधवार की देर रात तेज रफ्तार मे अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके कारण बाईक सवार अधेड़ की मौत हो गई। घटना जिलें के नगर थाना क्षेत्र के जसोईया मोड़ समीप एनएच दो की है। मृतक 52 वर्षीय सुरेश पासवान सिमरा थाना क्षेत्र के चोरहा गांव का रहने वाला था। घटना के बाद इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने आपदा राहत के तहत मुआवजा की मांग की है।

समाजसेवी अनुराग यादव ने बताया कि मृतक अधेड़ के भतीजा अभिषेक को बुधवार को सांप डंस लिया था। लिहाजा उसे बाईक से लेकर वह जोगिया जनकोप झाड़-फूंक कराने जा रहा थे। जैसे ही नगर थाना के जसोईया मोड़ समीप एनएच दो पर पहुंचे कि तेज रफ्तार ट्रक टक्कर मार दी। जिसके कारण वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

## कुख्यात नवीन सिंह गिरफ्तार, घर से हुई गिरफ्तारी, खनन अधिकारी और पुलिस टीम पर हमले में था वांछित

**समाज जागरण**
**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**

नवादा :जब तक जेल में चना रहेगा, आना-जाना लगा रहेगा। कुछ ऐसी ही स्थिति बनी है नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चैनपुरा गांव के नवीन सिंह की। कुख्यात अपराधी के रूप में उसकी पहचान है। अपराध का लंबा इतिहास रहा है तो जेल की सलाखों के पीछे भी जीवन का काफी समय बीता चुका है। कुछ माह पूर्व ही जेल से छुटा था। फिर से गिरफ्तार हो गया है।

गुरुवार को उसकी गिरफ्तारी घर से की गई है। इस बार बताया जा रहा है कि अवैध बालू खनन, एसडीओ उमेश भारती और खनन विभाग की टीम पर हमले के दो मामले में वांछित था। कुछ दिनों पूर्व पुलिस उसे गिरफ्तार करने गई थी तो घर वालों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया था। जिसके बाद एक और प्रथमिकी उसके खिलाफ दर्ज की गई थी। यानी कुल 3 मामले में वह वांछित था। जेल से भी छूटे बहुत ज्यादा दिन नहीं हुआ था और फिर अंदर हो गया। नवीन सिंह का जेल के बाहर अपराध का बड़ा इतिहास तो रहा ही है, जेल में रहते भी अपनी हरकत से कारा प्रशासन को मुश्किलों में डालता रहा है। 2-3 बार तो वह पुलिस अभिरक्षा से फरार हो चुका है।



पिछली गिरफ्तारी के बाद मंडल कारा के तत्कालीन अधीक्षक अभिषेक पांडेय ने इसके बारे में लिखा था कि यह नवादा मंडल कारा के लिए खतरा है। इसे किसी हाल में कभी भी यहां नहीं रखा जा सकता। बंदियों के बीच इसकी जबरदस्त पैठ होती है। कभी भी जेल के अंदर विधि व्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इसके बाद ही उसे यहां से अन्यत्र जेल स्थानांतरित कर दिया गया था।

इस बार उसे मंडल कारा में ही रखा जाता है, या किसी अन्य जेल में शिफ्ट किया जाता है, तय होना बाकी है।

गिरफ्तारी के बावत वारिसलीगंज के एसएचओ राजीव कुमार पटेल ने बताया कि अवैध माइनिंग, चांदनी चौक के पास एसडीओ व खनन टीम तथा पुलिस टीम पर जानलेवा हमले के 3 कांडों में उसकी गिरफ्तारी हुई है।

## शिक्षक संघ के निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने जाने पर विद्यालय में किया गया स्वागत

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रमंडल स्तरीय कोषाध्यक्ष चुने जाने पर विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार का वारिसलीगंज स्थित इंटर विद्यालय बीके साहू में गुरुवार को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

बता दें कि मंगलवार को वारिसलीगंज स्थित मंजौर इंटर विद्यालय में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले प्रमंडल स्तर के संगठनात्मक चुनाव संपन्न हुआ था। जिसमें सभी पदाधिकारियों का चयन चुनाव के माध्यम से किया गया। जिसमें बीके साहू इंटर विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार द्वारा कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया गया था। लेकिन कोषाध्यक्ष पद के लिए और किसी उम्मीदवार के नामांकन नहीं करने के बाद श्री कुमार को निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित कर दिया गया था। अपने विद्यालय के शिक्षक के प्रमंडल स्तर के शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष चुने जाने के बाद विद्यालय के शिक्षकों में खुशी व्याप्त है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रमंडल स्तर के निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने जाने से पूरे बिहार में विद्यालय का मान सम्मान बढ़ा है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका यशपाल गौतम, राकेश रोशन, प्रह्लाद शर्मा, अनामिका जोशी ,सीमा कुमारी ,वेदव्यास प्रकाश ,आशीष कुमार ,राम रतन प्रसाद, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए जिला व प्रमंडल के सभी शिक्षकों को बधाई दी है।



## जहांगीरपुर बैसी का 30 से 40 घर कोसी के गोद में समाया, लोग कई दिनों से खाने को तरस रहे, लोग कर रहे पलायन,प्रशासन का रवय्या पूर्णरूपेण उदासीन

**दैनिक समाज जागरण**

भागलपुर।नवगछिया के गोपालपुर विधान सभा क्षेत्र के जहांगीरपुर वैसी गांव में लगातार कोसी कटाव तेज हो रहा है। अब तक कटाव में 30 से 40 घर कोसी के गोद में समा चुके हैं। वही अब गांव से लोग पलायन कर रहे हैं, और ऊंचे स्थानों पर सामान सहित परिवार के लोग निकल रहे हैं। लोगों को डर है कि अगर वह यहां पर रहते हैं तो कहीं कोई हादसा ना हो जाए। इसको लेकर ग्रामीण पलायन कर रहे हैं।



घर का जो बचा सामान है और मकान से तोड़े गए ईट को भी साथ में ले जा रहे हैं कि अगर सरकार जगह देगी तो फिर से नया आशियाना बनाया जाएगा। वही अभी तक जिले के कोई वरीय पदाधिकारी कटाव पीड़ितों का हाल लेने नहीं पहुंचे हैं। कई लोग पानी और सत्तू पी कर जीवन बसर कर रहे हैं। वही बच्चों को अगर कोई खाना देता है तो वह खाते हैं नहीं तो मां पानी पिलाकर और बच्चों को झूठा दिलासा देकर चुप कर आती है।

## 30 जून तक हर हाल में कटाव निरोधी कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश फिर भी नहीं हुआ कार्य पूरा। उड रही है पदाधिकारी के आदेश की धज्जियां

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर ।**

जल संसाधन विभाग के अभियंताओं द्वारा 30 जून तक हर हाल में कटाव निरोधी कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश ठेकेदारों को दिया था। परन्तु अभी तक कार्य पूरा नहीं हो पाया. जबकि जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने अपने निरीक्षण के दौरान 15 जून तक कटाव निरोधी कार्य पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों पर प्राथमिकी दर्ज कराने को कहा था।.



बताते चलें कि नवगछिया बाढ नियंत्रण प्रमंडल के द्वारा इस्माइलपुर -बिंद टोली के बीच लगभग 23 करोड रुपये की राशि से विभिन्न ठेकेदारों द्वारा कार्य करवाया जा रहा है. जबकि गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि रहने के कारण तटवर्ती गाँव के लोगों की धडकनें तेज होने लगी हैं।कार्यपालक अभियंता ई दिनेश कुमार ने बताया कि नीचे का कार्य लगभग पूरा करा लिया गया है.। जेनरेटर लगा कर दिन रात कार्य कर तत्काल कटाव निरोधी कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।वावजूद इसके ठीकेदार द्वारा पदाधिकारी के आदेश की धज्जियां उडाई जा रही है ।

## मुंगेर से खगड़िया जा रहा बीज कंपनी का अधिकारी लापता।

**भागलपुर:---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर ।**

अनहोनी की आशंका से डरे सहमे हैं परिजन मुंगेर से खगड़िया जा रहे एक बीज कंपनी का अधिकारी लापता हो गया है. बीज कंपनी के अधिकारी रमण कुमार वर्मा मुंगेर में कार्यरत हैं जबकि वे अपने परिवार के साथ खगड़िया में रहते थे. लापता अधिकारी की पत्नी मनीषा कुमारी ने बताया कि उसके पति चार चक्का इनोवा वाहन से तीन जुलाई को मुंगेर से खगड़िया के लिए निकले थे.



उन्हें जानकारी मिली है कि वे नवगछिया के दोनियां टोला पकड़ा स्थित अपने ससुराल पहुंचे और यहां काफी कम समय तक रुकने के बाद फिर खगड़िया के लिए रवाना हुए. जबकि लापता रमण की सास इंदु देवी ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि टोल प्लाजा से आगे बढ़ने के बाद उसके दामाद का अपहरण कर लिया गया. लापता रमण का मोबाइल तीन जुलाई से ही लगातार स्वीच ऑफ आ रहा है. परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है.।

## एकल युज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने का लिया संकल्प।

**पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय।**

डीएलएस इंटरनेशनल पब्लिक इंटर स्कूल बदलूगंज बाराहाट के स्काउट गाइड के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद के नेतृत्व में 60 प्रशिक्षु छात्र एवं छात्राओं द्वारा एकल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार सिन्हा एवं आकाश कुमार ने कहा प्लास्टिक की रोकथाम बहुत जरूरी है स्काउट ऐसी संस्था इसकी काफी दिनों से पहल कर रही है बढ़ती पर्यावरण और कई तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है पॉलिथीन से प्लास्टिक को बंद होना अति आवश्यक है। छात्र-छात्राओं ने स्लोगन द्वारा जन जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर निलेश कुमार ,दीपक कुमार ,अनूप कुमार ,आदित्य नारायण चौबे, नीतीश कुमार, बुलबुल कुमारी, विकास कुमार, कुलदीप यादव, मोहम्मद गुलाम रसूल , नवीन जोशी अमरेंद्र कुमार और ललन कुमार सामने पॉलिथीन मुक्त अभियान के लिए शपथ लिया। वही प्रशिक्षक मुकेश आजाद ने कहा कि सिंगल यूज पॉलिथीन को राष्ट्र से मुक्त करना चाहि ए जिससे हमारा समाज समृद्ध और स्वस्थ रहेगा। आगे बढ़कर अहम भूमिका निभाना चाहिए।प्लास्टिक मनुष्य,पर्यावरण, जीव जंतु के लिए हानिकारक होने के साथ साथ जमीन को बंजर कर रहा हैं।सभी लोगो को इसका विरोध करे। जूट के थैले का उपयोग करे।



## माता पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**समाज जागरण हलसी लखीसराय**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेठना गांव में मां पार्वती के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 108 कुमारी कन्याओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया। गाजे बजे के साथ यह भव्य कलश यात्रा निकाला गया जहां जय भोलेनाथ, हर हर महादेव के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय था वही यजमान श्याम सुंदर सिंह के द्वारा मां पार्वती का मंदिर का निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आज से शुरूआत किया गया वहीं ब्राह्मण सुदर्शन झा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर इस कार्यक्रम का शुरूआत किया गया जिसके बाद यह कलश यात्रा संपूर्ण सेठना ग्राम भ्रमण करते हुए ग्रामीण तलाब से शुद्ध जल भरकर मां पार्वती मंदिर प्रांगण में कलश यात्रा का समापन किया गया इसी के साथ आज से मां पार्वती का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुरूआत किया गया जो कि तीन दिनों तक चलेगा। इस संदर्भ में सहायक यजमान नारायण सिंह के द्वारा बताया गया कि हमारे गांव में पूर्व से भगवान भोलेनाथ का मंदिर था जिसके बाद श्याम सिंह सुंदर सिंह के द्वारा मां पार्वती का मंदिर बनवाकर आज प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया जा रहा है वही यजमान उषा देवी, नीतीश मिश्रा,मिथलेश सिंह, नारायण सिंह, अवधेश सिंह, मंदिर के पुजारी पुरुषोत्तम मिश्रा सहित हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने कलश यात्रा में भाग लिया



## मुख्य अभियंता ने जहान्वी चौक से इस्माईलपुर -बिंद टोली तक बांध, स्लूईस गेट व विभिन्न स्परों का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

मुख्य अभियंता अनिल कुमार ने जहान्वी चौक से इस्माईलपुर -बिंद टोली तक बांध, स्लूईस गेट व विभिन्न स्परों का निरीक्षण अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार के साथ किया। निरीक्षण के दौरान स्पर संख्या पांच पर उन्होंने बताया कि बचे हुए कटाव निरोधी कार्यों को पांच दिनों तक पूरा करने का निर्देश ठेकेदारों को दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जहान्वी चौक से इस्माईलपुर के बीच स्लूईस गेट के बचे हुए कार्य को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। इस्माईलपुर थाना से बांध की मापी कर मिट्टी भराई कराने का निर्देश सहायक अभियंता व संवेदक को दिया। उन्होंने सैदपुर के ग्रामीण नवीन कुंवर की शिकायत पर स्पर संख्या छह के स्लोप को ठीक करने का निर्देश दिया।

लेकिन वह अभी तक ठीक नहीं किया गया है।साथ स्पर संख्या छह के अप में भी फ्लड फाइटिंग से कार्य निर्देश दिया गया था लेकिन वह भी अभी तक एनसी भी बोचाही के ग्रामीण ने जमीनदारी बांध पर कुछ स्थानों पर ट्रैक्टर के आवागमन हेतु बनाये गये भाग को खाली छोडने की शिकायत के आलोक में उन्होंने संबंधित कनीय अभियंता को तत्काल ठीक कराने को कहा।



मुख्य अभियंता ने तटबंध पर जहां तहां रखे बालू व बालू भरी बोरियों तथा स्परों पर जमा बालू भरी बोरियों को हटाने का निर्देश दिया। मुख्य अभियंता ने बताया कि गंगा नदी में फिलहाल किसी तरह की परेशानी नहीं है। कोसी नदी में कुछ स्थानों पर कटाव हो रहा है।.जहाँगीरपुर बैसी में दो ठेकेदारों द्वारा फ्लड फायटिंग कार्य करवाया जा रहा है।फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। कार्यपालक अभियंता अपने सहयोगियों के साथ कैम्प कर रहे हैं।

## खड़ी बाइक में कार सवार ने मारा धक्का, 25 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी कार।

**नारायणपुर :---समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

प्रखंड के भवानीपुर सहायक थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौक के समीप खगड़िया की ओर जा रही एक मारुति कार ने एक खड़ी बाइक में जबरदस्त धक्का दे मारा, जिसके बाद कार 25 फीट गहरे गड्ढे में चली गयी. घटना के तुरंत बाद भवानीपुर ओपी पुलिस के एएसआई समीर कुमार डे और मुकेश कुमार ने पुलिस बलों के साथ घायल कार सवार को कार से बाहर निकाल कर इलाज के लिये पीएचसी नारायणपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

कार सवार की पहचान कटिहार निवासी इंजीनियर मो हैदर (29) के रूप में की गयी है. घटना के बाद वाहन से मिले कागजात और मोबाइल के आधार पर मृतक की पहचान की गयी जिसके बाद पुलिस ने मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी. दोपहर बाद तक मृतक के शव का पोस्टमार्टम नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में करवा कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया था. मृतक के परिजन जब्बार खान ने बताया कि हैदर की शादी पिछले वर्ष नवंबर माह में हुई थी. वह अपनी दुल्हन को लाने अपने ससुराल बिहार सरीफ जा रहा था.



वह सुबह छः बजे अपने घर से बिहार सरीफ के लिये निकला था. नवगछिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था. इधर हादसे में कार के धक्के से बाइक भी गड्ढे में चली गयी थी. भवानीपुर पुलिस ने बाइक और कार को जब्त कर लिया है. पुलिस से जानकारी मिली है कि बाइक मिस्टर खान की है. थनाध्यक्ष रमेश साह ने कहा कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है. नारायणपुर के अंचलाधिकारी अजय सरकार ने बताया कि सरकारी प्रावधानों के अनुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा.

## CHC हलसी पहुंचे बंदोबस्त पदाधिकारी राजीव शंकर,व्यवस्था व उपस्थिति पंजी का किया अवलोकन।

**समाज जागरण हल्सी लखीसराय**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बंदोबस्त पदाधिकारी राजीव शंकर ने निरीक्षण किया।जहां उपस्थिति पंजी,रजिस्ट्रेशन काउंटर,अस्पताल की साफ सफाई के साथ-साथ मरीजों को दी जाने वाली सुविधा एवं एंबुलेंस संचालन का भी उन्होंने जायजा लीया।इस दौरान उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों को फटकार लगाते हुए सीएससी प्रभारी राजेश भारती को भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संदर्भ में बंदोबस्त पदाधिकारी राजीव शंकर ने बताया की यहां अच्छी व्यवस्था देखने को मिली,जबकि एम्बुलेंस आभाव को लेकर की गई बात पर उन्होंने यहां जल्द एम्बुलेंस मुहैया किए जाने का भरोसा दिया।जिसके बाद वे हलसी स्थित वार्ड 5 के जनवितरण प्रणाली दुकानदार कामेश्वर मोदी के दुकान की जांच की।जहां भारी मात्रा में गेहूं व चावल पाया।जिसके कागजात जुटाने में दुकानदार के पसीने छूट गए।आजिज हो पदाधिकारी वहां से निकलते निकलते दुकानदार को जमकर फटकार लगाई।और कड़ी कार्यवाही की बात कही।तत्पश्चात वे हलसी पंचायत भवन में बैठी prs कुमारी शोभा से मास्टर रौल व मनरेगा के तहत होने वाले कार्य की जानकारी प्राप्त की।हलसी पैक्स गोदाम का उन्होंने निरीक्षण कर पैक्स अध्यक्ष चंदन कुमार से मिले,जहां किसानों से हुए खरीद की जानकारी ली। इस संदर्भ में बंदोबस्त पदाधिकारी राजीव शंकर ने बताया कि आज हलसी पंचायत में आयोजित निरीक्षण कार्यक्रम था। जिसमें हर घर नल का जल, घर तक पक्की गली नाली की योजनाएं, उच्चतर माध्यमिक/माध्यमिक प्राथमिक विद्यालय,सरकारी आवासीय विद्यालय , आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा केंद्र एवं विभिन्न स्तर के अस्पताल,लक्षित जन वितरण प्रणाली दुकान,धान/ गेहूं/ दलहन अधिप्राप्ति केंद्र, ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं अनुरक्षण, मनरेगा योजना, ग्रामीण आवास योजना ,पंचायत सरकार भवन, समाज कल्याण की पेंशन योजनाएं, भू राजस्व सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया गया।



## रैली निकाल नौवीं में नामांकन को लेकर किया जागरुक

**समाज जागरण हलसी लखीसराय**

प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकियकृत उच्च विद्यालय में

आठवीं पास सभी छात्र-छात्राओं का नामांकन नौवीं कक्षा में कराने की जागरूकता को लेकर हलसी राजकीय कृत उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने विद्यालय परिसर से रैली निकाली। प्रधानाध्यापक रामानुज कुमार के नेतृत्व में निकाली गई रैली स्थानीय बाजार की विभिन्न सड़कों से होकर प्रखंड मुख्यालय होते हुए विद्यालय परिसर में रैली का समापन हुआ। जहां छात्रों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यक रामानुज कुमार ने कहा कि आप सभी छात्र छात्राएं ही अपने आसपास के आठमी पास जिनका नामांकन नवमी में नहीं हुआ हो वैसे छात्रों को आप अपने विद्यालय में नामांकन करवाए किसी भी तरह के परेशानी के कारण अबतक नामकान नही करवाए है वैसे छत्रों के लिए विद्यालय प्रशासन से जितना हो सकेगा उतनी मदद करेंगे ।जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने नामांकन की जागरूकता को लेकर कई नारे लगाए। रैली के माध्यम से आठवीं पास छात्रों व उनके अभिभावकों को नामांकन कराने के लिए संदेश दिया गया। बता दें कि नामांकन को लेकर शुरू प्रवेशोत्सव अभियान 15 जुलाई तक चलेगा।




प्रधानाध्यापक रामानुज कुमार कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से हाई स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को आठवीं पास सभी छात्र-छात्राओं का नामांकन को लेकर 1 जून से 15 जून तक चलने वाली प्रवेशोत्सव अभियान के तहत जो भी आठवीं पास बच्चे नवमी में नामांकन नहीं करवाए किसी कारणवश वो छात्र विद्यालय आकर अपना नामांकन सुनिश्चित करवाए ।वही जागरूकता मार्च में विद्यालय के छात्रझछात्राएं एवं सभी शिक्षक भी मौजूद रहे ।

## प्रवेशोत्सव अभियान की सफलता को ले बच्चों ने निकाली रैली

**दैनिक समाज जागरण हाजीपुर**

हाजीपुर(वैशाली)शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रवेशोत्सव अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान को लेकर उच्च विद्यालय गोरौल के सैकड़ों बच्चो के द्वारा विद्यालय के पोषक क्षेत्र में साइकिल रैली निकाली गई।रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद जावेद अयूब हुसैनी ने किया।रैली उच्च विद्यालय गोरौल से निकल कर चाक ठ्यासा,चाकि या, मकदुमपुर,भिखनपुरा,भाटौलिया होते हुए प्रखंड परिसर स्थित बी आर सी कार्यालय पहुंची।बी आर सी कार्यालय पर बी आर पी धर्मेंद्र कुमार के द्वारा रैली में शामिल सभी शिक्षक एवम छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया साथ ही बच्चो को संबोधित करते हुए बी आर पी ने कहा कि अगर एक भी बच्चा 9 वीं वर्ग में नामांकन से वंचित रह गया तो समझिए शिक्षा का सुरक्षा चक्र टूट गया।प्रधानाध्यापक मोहम्मद जावेद अयूब हुसैनी ने बताया कि पहली जुलाई से 15 वीं जुलाई तक नामांकन अभियान चलाया जाना है।मालूम हो कि राष्ट्रीय रीड एंड ग्रो अभियान भी साथ साथ चल रहा है ।साइकिल रैली में स्काउट शिक्षक कुमार राजीव नयन झा,वीरेंद्र कुमार,अशोक कुमार शर्मा,राजीव कुमार,श्वेता कुमारी,पंकज कुमार,हरिनारायण सिंह सहित सभी शिक्षक शामिल हुए।



हाजीपुर(वैशाली)शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रवेशोत्सव अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान को लेकर उच्च विद्यालय गोरौल के सैकड़ों बच्चो के द्वारा विद्यालय के पोषक क्षेत्र में साइकिल रैली निकाली गई।रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद जावेद अयूब हुसैनी ने किया।रैली उच्च विद्यालय गोरौल से निकल कर चाक ठ्यासा,चाकि या, मकदुमपुर,भिखनपुरा,भाटौलिया होते हुए प्रखंड परिसर स्थित बी आर सी कार्यालय पहुंची।बी आर सी कार्यालय पर बी आर पी धर्मेंद्र कुमार के द्वारा रैली में शामिल सभी शिक्षक एवम छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया साथ ही बच्चो को संबोधित करते हुए बी आर पी ने कहा कि अगर एक भी बच्चा 9 वीं वर्ग में नामांकन से वंचित रह गया तो समझिए शिक्षा का सुरक्षा चक्र टूट गया।प्रधानाध्यापक मोहम्मद जावेद अयूब हुसैनी ने बताया कि पहली जुलाई से 15 वीं जुलाई तक नामांकन अभियान चलाया जाना है।मालूम हो कि राष्ट्रीय रीड एंड ग्रो अभियान भी साथ साथ चल रहा है ।साइकिल रैली में स्काउट शिक्षक कुमार राजीव नयन झा,वीरेंद्र कुमार,अशोक कुमार शर्मा,राजीव कुमार,श्वेता कुमारी,पंकज कुमार,हरिनारायण सिंह सहित सभी शिक्षक शामिल हुए।

## नवगछिया के रंगरा प्रखंड अन्तर्गत रंगरा अंचलाधिकारी के ऊपर अपहरण की साजिशकर्ता का बात हुआ उजागर।

**नवगछिया :---समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर ।**

रंगरा प्रखंड के अंचलाधिकारी आशीष कुमार पर मनगढ़ंत बात कर मोहम्मद कारे ने पत्नी का अपहरण का मामला कुछ पत्रकारों द्वारा उजागर किया जिसमें साफ साफ दिखाई दे रहा था की किसी के दबाव में ड्ट सारी बातें हो रही है. आपको बताते चलें के कल बुधवार के दिन एक एफ आई आर कॉपी लिए पत्रकार के सामने अपने पत्नी का अपहरण रंगरा अंचलाधिकारी के द्वारा किए जाने की बात कर रहे हैं जबकि मोड कारे की पत्नी अपने मन से सी ओ साहेब आशीष कुमार के यहाँ काम करने गयी थी घर की साफ सफाई का ध्यान रखने लेकिन कुछ बिचौलिए प्रतिनिधि के द्वारा मो0 कारे पर बहला फुसलाकर अपहरण का मुकदमा आशीष कुमार पर करवाने में लग गए लेकिन कहावत है (कि मुद्दई लाख बुरा चाहे तो क्या होता है, होता वही है जो मंजूरे खुदा होता है) और वहीं हुआ आखिर आज सच सामने आ हीं गया समाज जागरण के पत्रकार शक्ति ठाकुर की बात मो0 कारे से हुई जिसमें उन्होने कुबूल किया की सर हम किसी दूसरे के बहकावे में आकर ड्ट कदम उठाने जा रहे थे मुझे ड्ट मलूम नही था की कोई अपना दुश्मनी मेरे द्वारा निकलवा रहा है.



उन्होने कहा की मेरे द्वारा कोई एफ आई आर नही हुआ है.जो भी पहले मैं पत्रकार के सामने बात कहा है.वो बेबुनियाद है.मैं किसी के दबाव में आकर ड्ट सब किया हूँ हमको अब कोई परेशानी नही है.मेरी पत्नी मेरे पास है.

इस तरह का बयान अब मो0 कारे के द्वारा दिया गया है.तो अब बताएं की किसी को बदनाम करने के लिए इतना हद तक गिर जाएगा लोग ड्ट पता नही था आशीष कुमार को ड्ट सब बात को लेकर आशीष कुमार कल से हीं परेशान नजर आ रहे थे की इतनी ईमानदारी से काम करने का ड्ट सजा मिलता है.ड्ट सी ओ साहेब को पता नही था और किसी के इज्जत और ईमानदारी पर दाग लगे ड्ट इज्जतदार लोगों के लिए बहुत बड़ी बात है.।

## अघोषित विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों ने किया आंदोलन, पुलिस के हिरासत में आन्दोलनकारी

### एसडीओ ने तत्काल प्रभाव से बिजली सुनिश्चित कराने का दियि आश्वासन, आश्वासन पर नहीं मानने को तैयार थे आन्दोलनकारी

**दैनिक समाज जागरण केश्व कुमार सिंह का रिपोर्ट**

औरंगाबाद। पिछले एक सप्ताह से अघोषित विद्युत कटौती तथा विभाग की कार्यशैली से नाखुश औरंगाबाद ज़िले के देव प्रखंड के दुलारे, बरांडा- रामपुर, बनुआ एवं बेढ़ना पंचायत के ग्रामिणों ने बालूगंज के पंचमो स्थित विद्युत विभाग के खिलाफ आगजनी की और जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा ग्रामीणों को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद उन्हें थाना ले जाकर थोड़ी देर बाद छोड़ दिया गया। हालांकि इस मामले में सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत ने तत्काल विद्युत आपूर्ति करने का आश्वासन दिया है।

वहीं इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि तत्काल विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं किया जाता है और केवल आश्वासन मात्र से मामले का प्रशासन समाधान समझती है तो हम अपनी परेशानियों को लेकर आश्वासन या समझौते से मानने वाले नहीं हैं। पिछले 1 सप्ताह से अधिक दिनों से इस क्षेत्र में विद्युत की समस्या है, संबंधित अधिकारियों तथा पदाधिकारियों से लगातार बातचीत के पश्चात भी अब तक विद्युत की उपलब्धता ना होना यह विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही और मनमानी है।



एक ओर विद्युत विभाग जहां समय पर बकाया बिल भुगतान करने की बात कहती है, वहीं दूसरी ओर अपनी विभाग की लचर व्यवस्था से आम जनजीवन परेशान है। यह आक्रोशपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व दुलारे पंचायत के मुखिया व पैक्स अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार यादव कहाँ की हमारी मांग है कि जब क्षेत्र देव प्रखंड अंतर्गत पड़ता हैं तो विद्युत की आपूर्ति मदनपुर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा से क्यों की जा रही हैं, अधिक दूरी होने के कारण लोकल फॉल्ट की समस्या लगातार हो रही है। यदि इसे विद्युत आपूर्ति प्रशाखा देव से किया जाता हैं तो इसमें सहूलियत होगी और लोकल फोल्ट की समस्या भी समाप्त होगी। इसके बावजूद यदि हमारी समस्याएं का तत्काल समाधान नहीं किया जाता है तो विभाग के आला अधिकारियों के खिलाफ बड़ी आंदोलन करने के लिए हम सभी बाध्य हैं। इस मौके पर उपस्थित बरंडा रामपुर पैक्स प्रतिनिधि बसन्त सिंह ,निखिल सिंह ,दिलीप सिंह ,अमरेंद्र यादव ,चिंटू सिंह, संतोष गुप्ता,नीरज गुप्ता ,बलवंत सिंह,डॉक्टर बबलू, सुभाष गुप्ता, नीरज गुप्ता, रविरंजन यादव

## सारथी रथ से प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाई जाएगी परिवार नियोजन की जानकारी

### जिले के सभी प्रखंडों में सारथी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम शुरू, सिविल सर्जन ने रथ को हरि झंडी दिखा किया रवाना

### परिवार नियोजन के साधन को अपनाने से होने वाले फायदे की भी दी जाएगी जानकारी

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले में परिवार नियोजन पखवाड़े की सफलता को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है । इसे सफल बनाने के लिए विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है । ताकि सरकार की इस योजना की जानकारी एवं इस योजना का लाभ लेने वाले लाभार्थियों के लिए सरकारी स्तर पर की गई व्यवस्था की जानकारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक आसानी से पहुँच सके। जिसे सार्थक रूप देने के लिए बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय परिसर से जिले के सभी प्रखंडों से सारथी रथ (ई - रिक्शा) निकाला गया। जिसे सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र कुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया। इस मौके पर डीआईओ सह एसीएमओ डॉ अशोक कुमार भारती, डीपीएम (हेल्थ) मो. खालिद, केयर इंडिया के डीटीएल नावेद उर रहमान, लखीसराय सदर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रौशेक कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक निशांत राज, बीसीएम नुसरत प्रवीण समेत जिले सभी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मौजूद थे।

- सारथी रथ के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर पहुँचाई जाएगी परिवार नियोजन की जानकारी :

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा, सारथी रथ के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति तक परिवार नियोजन की जानकारी पहुँचाई जाएगी। रथ द्वारा गाँव से लेकर टोले-मोहल्ले तक जाकर माइकिंग के माध्यम से परिवार नियोजन को अपनाने से होने वाले फायदे की समेत सरकारी स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं की लोगों को जानकारी दी जाएगी। जिससे प्रचार-प्रसार तेज हो सके और समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक परिवार नियोजन की जानकारी पहुँच सके । यह जागरूकता अभियान 10 जुलाई तक चलेगा।

- 11 से 31 जुलाई तक जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित होगा परिवार नियोजन शिविर :

डीआईओ सह एसीएमओ डॉ अशोक कुमार भारती ने बताया, उक्त पखवाड़ा के दौरान 11 से 31 जुलाई तक जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें योग्य और सक्षम इच्छुक लाभार्थियों को महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निर्धारित तिथि के अंदर इच्छुक और योग्य लाभार्थी अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

- सारथी रथ पर अस्थाई साधन की सुविधाएं रहेंगी उपलब्ध :

जिले के सभी प्रखंडों में संचालित सारथी रथ पर परिवार नियोजन के अस्थाई साधन की समुचित सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी । इसलिए, जो लाभार्थी अस्थाई साधन को अपनाना चाहते हैं, वह अपने स्थानीय आशा कार्यकर्ता के सहयोग से सारथी रथ के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अस्थाई साधन के रूप में कॉपर-टी, छाया, अंतरा, कंडोम समेत अन्य सुविधाओं की व्यवस्था रथ पर सुनिश्चित की गई है। अस्थाई व स्थाई उपायों की दी जाएगी जानकारी :



सारथी रथ के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर लोगों को परिवार नियोजन के दोनों साधन (स्थाई और अस्थाई) की जानकारी दी जाएगी। साथ ही परिवार नियोजन के लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सुविधाएँ एवं सेवाओं की भी जानकारी दी जाएगी। ताकि लोग स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर किसी प्रकार की हिचकिचाहट नहीं करें और उत्साह के साथ इस अभियान को सफल बनाने के लिए आगे आ सकें।

## लालू की सलामती के लिए पूजा—पाठ शुरू, दरभंगा श्यामा नगरी के श्यामा माई मंदिर में राजद कार्यकताओं ने किया हवन

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की सेहत में सुधार के लिए मिथिला के प्रसिद्ध मां श्यामा माई मंदिर में राजद कार्यकताओं के द्वारा हवन पूजा-पाठ एंव दुआओं का दौर शुरू हो गया है। राजद नेता उदय शंकर यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एंव पांच पंडितों ने हवन को आहुति दी। इसमें राजद सुप्रीमो की सलामती के लिए सभी लोगों प्रार्थना कर रहे हैं।

कल देर शाम राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। जैसे ही इस बात की जानकारी दरभंगा में राजद कार्यकताओं को लगी उनके बीच निराशा छा गया।

उसके बाद राजद कार्यकताओं ने लालू प्रसाद यादव की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना को लेकर मां श्यामा मंदिर श्यामा नगरी में उनकी सलामती के लिए पूजा पाठ का आयोजन किया।



राजद नेता उदय शंकर यादव ने कहा कि गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव की सेहत में सुधार नहीं हो रहा है और उनको बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स ले जाया गया है। इस बात से हम लोग काफी चिंतित हो गए। जिसको लेकर हम लोगों ने मिथिलांचल के प्रसिद्ध मां श्यामा माई के मंदिर में जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर पूजा-पाठ किए है।

वहीं हवन करा रहे पूजारी आचार्य सुभाष झा ने कहा की वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ हवन किया गया है। इस हवन से लालू प्रसाद यादव सकुशल अपन घर लौटेंगे।

22 may 2022:Layout 1 7/8/2022 2:23 AM Page 12



# झारखंड संक्षिप्त खबरें

## बलरामपुर पुलिस द्वारा छेड़खानी के मामले में दोषी को दिलाया गया 1000 रु0 का अर्थदण्ड*

*बलरामपुर ।पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव* के पर्यवेक्षण में न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को ज्यादा से ज्यादा सजा दिलाए जाने के क्रम में छेड़खानी के आरोपी को न्यायालय द्वारा 1000 रु0 के अर्थदंड से दण्डित किया गया व अर्थदण्ड न जमा करने पर 10 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनायी गयी ।

वादी मुकदमा रामरंग पुत्र प्रभू यादव नि0 ग्राम नन्दनगर माड़ाईडीह थाना ललिया बलरामपुर की लड़की को विपक्षी मुनीजर पुत्र रमेश्वर निवासी नन्दनगर मड़ाईडीह थाना ललिया ने खेत में खींचकर उसके साथ छेड़छाड की जिसके संबंध में थाना ललिया पर मु0अ0सं 54/88 धारा-354 भा0द0वि0 पंजीकृत होकर विवेचना उ0नि0 एस0के0 पाण्डेय द्वारा किया गया। न्यायालय बलरामपुर में *क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधा रमण सिंह*,मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक के0के0 यादव ,अभियोजन अधिकारी श्री रमेश कुमार गौतम, पैरोकार थाना ललिया एवम् जनपदीय अभियोजन विभाग के साथ संयुक्त प्रयास से मा0 न्यायालय मे प्रभावी पैरवी कर,गवाहों को समय से न्यायालय उपस्थित कराया गया जिससे दोषी को न्यायालय द्वारा 1000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में दोषी को 10 दिन का अतिरिक्त कारावास का दंड भोगना होगा

## कन्नौज में बेखौफ दबंगों ने की मारपीट सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, पुलिस ने जांच शुरू की

**अजय दुबे कन्नौज**

कन्नौज में जेल से छूटे दबंग ने साथियों साथ मिलकर विपक्षियों पर हमला कर दिया। पूरी रणनीति बना दबंग ने परिवार पर लाठी डंडों व लोहे की रॉड से हमला किया। इस दौरान हमलावरों ने महिलाओं व किशोरियों को भी नही बख्शा। दबंगो के कहर का शिकार परिवार ने 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हमला कर मारने पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कन्नौज के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर गांव का यह वायरल वीडियो है। वीडियो में दौड़ा दौड़ाकर एक परिवार पर हमला कर रही यह भीड़ यहां के शातिर दबंग सुधीर सक्सेना के साथियों की है। सुधीर कुछ दिन पहले 14 साल की सजा काटकर जेल से छूटा है। आते ही उसने खुद को जेल भेजने वाले धर्मेंद्र के परिवार पर हमला किया। जिसमें गांव के कुछ लोगों ने बीचबचाव कर समझौता करा दिया था। बताते हैं कि समझौते के बाद सोमवार को योजना बनाकर उसने आने साथियों के साथ मिलकर धर्मेंद्र के घर पर हमला कर दिया। घर मे धर्मेंद्र के 2 बेटे, भतीजे, पुत्री व दामाद मौजूद थे। पहले तो धर्मेंद्र के परिवार ने हमलावरों से लोहा लिया, लेकिन संख्या कम होने के चलते वह ज्यादा देर टिक नही सके। आक्रोशित हमलावरों ने घर मे मौजूद महिलाओं को भी नही बख्शा। सबको बुरी तरह लहूलुहान कर हमलावर फरार हो गये। बमले में घायल हुये धर्मेंद्र के परिजनों का कहना है कि तीन दिन से पुलिस कार्यवाही का इंतिजार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई। जिससे हमलावरों के हौंसले बुलंद है और वह लगतार धमका रहे हैं।

वहीं इस मामले में कन्नौज डीएसपी शिव प्रताप का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## चुनाव प्रेक्षक श्री श्रोत्रिय ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**केशरिया हिंदुस्तान/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बालाघाट जिले के नियुक्त चुनाव प्रेक्षक शरद कुमार श्रोत्रिय ने 07 जुलाई को विकारसखंड बालाघाट एवं लालबर्रा के मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर तृतीय चरण में 08 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल के सदस्यों से मतदान केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में चर्चा भी की और उनसे कहा कि वे 08 जुलाई को निष्पक्ष होकर आयोग के निदेर्शों के अनुसार मतदान सम्पन्न करायें। प्रेक्षक श्रोत्रिय ने लालबर्रा एवं बालाघाट में मतदान दलों की रवानगी एवं मतदान सामग्री वितरण कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लालबर्रा के सेक्टर आफिसरों से 08 जुलाई की मतदान तैयारियों के संबंध में चर्चा की।



चुनाव प्रेक्षक श्रोत्रिय ने लालबर्रा विकासखंड के ग्राम मानपुर, बेलगांव, बकोड़ा, एवं बालाघाट विकासखंड के ग्राम टेकाड़ी के मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। शासकीय पालीटेक्निक कालेज बालाघाट में उन्होंने मतदान के उपरांत मतदान सामग्री वापसी के लिए की गई व्यवस्था पर एसडीएम श्री संदीप सिंह से चर्चा की।

## अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र चौरिया के लिये मतदान दल को एसडीएम ने किया रवाना

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बिरसा/बालाघाट ।बिरसा जनपद पंचायत अंतर्गत दूरस्थ ग्राम चौरिया मतदान केंद्र के लिए एसडीएम तन्मय वशिष्ठ ने मतदान दल को रवाना किया ।बता दे चौरिया मतदान केंद्र अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से मतदान दल को एसडीएम ने दिशा निर्देश व शुभकामनाएं देकर मतदान दल को रवाना किया।

## घर मे झूला झूल रही मासूम के गले मे रस्सी फसने से मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।छोटे बच्चों को घर मे अकेला छोड़ना कभी कभी घातक सिद्ध हो जाता है ।ऐसा ही एक मामला वारासिवनी थानांतर्गत में हुआ है जिससे गांव में मातम फैल गया है ।घर में झूला झूल रही 4 साल की बालिका की मौत हो गई। बताया गया कि रस्सी से बना झूला झूलते समय रस्सी बालिका के गले में फंस गई, जिससे उसका दम घुटने लगा और वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़ी।

मामला वारासिवनी थाना क्षेत्र के गांव बरबसपुर का है, जहां रहने वाले भुवन उइके अपनी पत्नी के साथ गुरुवार खेत गए थे। घर में उनकी इकलौती बेटी स्तुति (4) और बड़ा बेटा था। स्तुति रस्सी से बना झूला झूल रही थी, तभी स्तुति के गले में रस्सी लिपट गई। पड़ोसियों ने इसकी सूचना खेत में काम रहे भुवन उइके को दी, तब स्तुति की सांसें चल रही थी। भुवन, बेटे के साथ स्तुति को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने स्तुति को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि झूले में गला फंसने से मासूम के गले की हड्डी टूट गई थी ।छोटी सी लापरवाही से एक मासूम बच्ची की मौत हो गयी जिससे पूरा गांव शोक में डूब गया है।

## सीएम शिवराज का बालाघाट आगमन आज,पार्षदों के पक्ष में करेंगे सभा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बालाघाट के 33 वार्डों में से कुछ चुनिंदा वार्डों के पार्षदों के चुनाव प्रचार करेंगे। सीएम 8 जुलाई को रोड शो के माध्यम से लगभग एक दर्जन वार्डों से गुजरेंगे।

भाजपा जिला कार्यालय के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे पुलिस लाइन हैलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां से प्रचार के लिए बूढ़ी आईटीआई, रेलवे क्रांसिग बूढ़ी, शिवमंदिर बूढ़ी, रानी अवंतीबाई चौक, सहकारी बैंक, एसबीआई के सामने, राजघाट चौक, महावीर चौक, सुभाष चौक, नावेल्टी हाउस, महाराणा प्रताप चौक से गुजरेंगे। यहां से पुरानी कृषि उपज मंडी की पार्किंग में आमसभा को संबोधित करेंगे। वहां से हनुमान चौराहे होते हुए पुलिस लाइन के लिए प्रचार यात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान सीएम वार्ड नंबर 1, 6, 12, 13, 15, 16, 17, 18, 23 , 25, 22, 28 व 27 वार्ड के कुछ हिस्से से गुजरेंगे।

# युवा वर्ग को कौशल विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न कोर्सो का पूरा लाभ दे : डीसी

**नूंह जुबेर खान**

नूंह 7 जुलाई : उपायुक्त अजय कुमार ने वीरवार को जिला सचिवालय में जिले में कौशल विकास को लेकर आईटीआई व हरियाणा कौशल विकास के माध्यम से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। उपायुक्त अजय कुमार ने निर्देश दिए कि लक्षित युवा वर्ग को कौशल विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न कोर्सो का पूरा लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रगति का डेटा संबंधित पोर्टल पर समय पर अपलोड करें ताकि नीति आयोग को सही समय पर जिला के प्रयासों की जानकारी मिलती रहे ।बैठक में बताया गया कि आकांक्षी जिला में कौशल विकास व वित्त समावेश में जिले के डेल्टा रैंकिंग 48 है। इसके सुधार के लिए डीसी ने नगराधीश को मॉनटिरिंग करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में जो शॉट टर्म के कोर्स को जल्द से जल्द पूरा करें तथा इसके लिए और अधिक ट्रेड लाए ताकि युवाओं को इसका लाभ मिल सके। बैठक में नगराधीश रणवीर सिंह, आईटीआई के प्रधानचार्य सुधीर कुमार, सीएमजीजीए राजूराम, एचएसडीएम से नवीन, एचएसआरएलएम के डीपीएम असरी, सीएससी मैनेजर मौ. आरिफ भी मौजूद रहे।




फोटो कैप्शन : 1 उपायुक्त अजय कुमार जिला सचिवालय में कौशल विकास के कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

# तावडू थाने का डीएसपी ने किया औचक निरीक्षण थाने में मची खलबली।

**नूंह जुबैर खान**

नूंह तावडू, 7 जुलाई :- आपको बता दें कि तावडू थाने का बृहस्पतिवार को तावडू डीएसपी सुरेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने में खलबली मच गई। और डीएसपी साहब ने डीएसपी साहब के थाने में पहुंचते ही थाने में मौजूद जवानों के चेहरों पर खुशी आ गई और डीएसपी साहब ने सभी का हालचाल जाना फिर उन्होंने थाने की विधि व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ अन्य पहलुओं पर भी पुलिस कर्मियों के साथ चर्चा की। सदर प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि थाने में दर्ज केस का निष्पादन,शराब की बिक्री व शराब निर्माण पर पूरी तरह पाबंदी को सख्ती के साथ लागू करने व क्राईम कंट्रोल पर जोर दिया जाए। इसके लिए खास तौर पर अनुसंधान कर्त्ता को सख्त दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने विधि व्यवस्था की समीक्षा के साथ ही थाना में दर्ज विभिन्न कारणों का निष्पादन में तेजी लाने एवं अपराध नियंत्रण के लिए गश्ती में भी तेजी का निर्देश दिया। इस दौरान डीएसपी सुरेंद्र सिंह के साथ रीडर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर संजय सिंह मौजूद रहे।



# केसर प्लांट संचालकों पर खनन विभाग की पैनी नजर पत्थर चोरी के अलावा ओवरलोड वाहनों पर भी रखेगी नजर।

**नूंह जुबैर खान**

नूंह तावडू, 7 जुलाई :- पत्थर चोरी करने वाले क्रशर प्लांट संचालकों पर खनन विभाग की पैनी नजर है। लगातार आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए। एसडीएम सुरेंद्र पाल नूह, उप पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह तावडू, माइनिंग विभाग, कृषि विभाग, बिजली विभाग, फॉरेस्ट विभाग, सहित पोलूशन विभाग की एक टीम गठित की गई। और यह टीम ऐसे लोगों पर नकेल कसने के लिए गठित की गई हैं। पत्थर चोरी अवैध खनन ओवरलोड से संबंधित मामलो को खत्म करेगी खनन क्षेत्र में जाकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पर्यावरण संरक्षण और खनन की स्थिति को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। इलाके में चल रहे क्रेशर गिट्टी प्लांट, खनन, पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों की समीक्षा होती है। और इसी को लेकर जॉइंट टीम द्वारा सभी प्लांटों की समय-समय पर जांच की जाएगी। यदि इस दौरान क्रेशर संचालक द्वारा कोई भी कमियां पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बात यही खत्म नहीं होती साहब ओवरलोडिग पर भी टीम रखेगी नजर, पत्थर चोरी के अलावा यह टीम ओवरलोड वाहनों पर भी नजर रखेगी। क्रशर प्लांट से निकले ट्रकों पर अगर परमिट पर निर्धारित लोडिग से अधिक खनिज संपदा मिलने पर ट्रक व क्रशर प्लांट दोनो पर कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान खनन से संबंधित विभाग ने शक्ति से लागू कर दिया है। इस्को लेकर खनन अधिकारी ने सभी को निर्देशित कर दिया है। शासन के निदेर्शों का सख्ती से पालन हो इसके लिए संबंधितों को निर्देशित कर दिया गया है। मानक से अधिक लोडिग करने वाले क्रशर संचालकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।



# वर्तमान में संगठन की मजबूती को लेकर जोन कमेटी का बैठक हुआ संपन्न

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी। कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक विचार को लेकर आज दिनांक 7जुलाई 2022 को प्रदेश अध्यक्ष माननीय मोहन मरकाम के निर्देश जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी के दिशानिर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नागेंद्र राय ने पचपेड़ी स्थित विश्राम ग.ह में जोन अध्यक्ष व पदाधिकारीयों की बैठक बुलाई ।ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय ने कहा मौजूदा परिस्थितियों में संगठन का मजबूत होना पार्टी हित के लिए बहुत आवश्यक है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है।

कांग्रेस पार्टी एक लोकतांत्रिक पार्टी है। प्रयास रहेगा जो पदाधिकारी, कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर लोकप्रिय होगा उसी कार्यकर्ता को चुनाव के आधार पर चयनित करने का प्रयास किया जाएगा,मस्तुरी ब्लॉक में कांग्रेस का एक मजबूत संगठन है। पार्टी के कार्यकर्ता पूरे ब्लॉक के प्रत्येक गांव में मिल जाएंगे।

सभी जोन अध्यक्षों को प्रदेश कमेटी के निर्देश पर प्रत्येक माह के 7 तारीख को अपने अपने जोन में सेक्टर व बूथ की संगठनात्मकरूप से बैठक करना और बैठक में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जन जन तक पहुचाना बैठक की मुख्य विषय होना व सामुहिक फोटोज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को भेजने को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी जोन अध्यक्षों ने अपनी अपनी विचारधारा प्रगट किया और संगठन मे मजबूती बनाए रखने संकल्प लिया।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तुरी की बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र राय सहित ब्लॉक उपाध्यक्ष लक्ष्मी भार्गव, उदय भार्गव, महामंत्री पुतन दुबे,डाक्टर आर.के वर्मा, जोन अध्यक्ष दिनेश शर्मा, ताराचंद वर्मा, ब्रह्मदेव सिंह,नारद रजक,अमृत राठौर, कांति भारद्वाज,परसराम, राजकुमार राजू चंदेल,दुजराम बंजारे, दीलिप पटेल,धनेष बांधें, चंदराम साहू,शाबिर खान, मुरली मधुकर,तीरथ राम,कलेशराम,कार्तिक राम उपस्थित रहे।

# अशोक गोयल मंगाली वाला ने गांव बिचपड़ी में फोगिंग मशीन का किया शुभारंभे

हिसार (राजेश सलूजा) : प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक गोयल मंगाली वाला ने गांव बिचपड़ी में फोगिंग मशीन का शुभारंभ किया। प्रमुख समाज सेवी अशोक गोयल मंगाली वाला ने फोगिंग मशीन का शुभारंभ करने के दौरान कहा कि आज जिस तरह से हल्का बरवाला के गांव बिचपड़ी में फोगिंग मशीन की शुरूआत की है। ठीक इसी तरह की शुरूआत हिसार लोकसभा क्षेत्र के अन्य हलकों के गांवो में की जाएगी। ये मशीनें इन गांवों में तब तक चलती रहेंगी जब तक मच्छरों का सफाया नहीं हो जाता। हिसार लोकसभा क्षेत्र प्रभारी पवन खांडा ने बताया कि फोगिंग मशीन हर रोज 5-- 6 गांवो में फोगिंग करेगी। प्रमुख समाजसेवी अशोक गोयल मंगाली वाला इसी तरह के सामाजिक कार्य काफी लंबे अरसे से कर रहे हैं। उन्होंने वातानुकूलित बाथरूम हिसार शहर के अंदर बनवाए हैं। जिनका लोगों द्वारा प्रयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच सुनील कुमार, वेद बेनीवाल, मनफूल, शीलू, बंजारा, प्रदीप, विकास, मोहित सिंधु, सतीश, जोगिंद्र, सुशील, जसवंत व प्रभारी पवन खांडा समेत गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# टीबी को समाप्त करने के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम से जुड़कर हमें बहुत खुशी हो रही है: डॉ. संदीप नय्यर

## सरकार की इस देशव्यापी मुहिम में बीएलके-मैक्स अस्पताल भी अहम भागीदार बना

नई दिल्ली 6 जुलाई, 2022: विकासशील देशों में टीबी एक बड़ी बीमारी है. भारत में भी इसका प्रसार काफी ज्यादा है और डब्ल्यूएचओ ( हल्ड ) के हिसाब से दुनिया के 25 फीसदी टीबी केस भारत में हैं. टीबी के इन मरीजों में जो लोग ड्रग रेसिस्टेंट टीबी ( डीआर-टीबी ) की चपेट में आ जाते हैं उनकी स्थिति काफी खराब हो जाती है. सिर्फ इतना ही नहीं, ऐसे मरीजों से परिवार और समाज में भी टीबी फैलने का खतरा बढ़ जाता है. इसी के मद्देनजर, बीएलके-मैक्स की सरकार के साथ पार्टनरशिप से डीआर-टीबी के मरीजों को उनकी जरूरत के हिसाब से संपूर्ण केयर मिलेगी. अस्पताल अब सरकार के साथ मिलकर ड्रग रेसिस्टेंट टीबी (डीआर-टीबी) का इलाज भी करेगा. सरकार के साथ मिलकर ये काम करने वाला बीएलके मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल दिल्ली का पहला और देश का तीसरा प्राइवेट अस्पताल बन गया है. यानी टीबी के मरीजों को बीएलके मैक्स अस्पताल में नई एंटी-ट्यूबरकुलर दवाईयां फ्री में मिलेंगी. अब तक ये दवाईयां सिर्फ सरकार से संबंधित सेंटर्स पर मिलती थीं. दिल्ली क्षेत्र में टीबी (ट्यूबरक्यूलोसिस) की ये दवाईयां देने वाला बीएलके-मैक्स पहला अस्पताल बन गया है.

दिल्ली स्टेट टीबी कंट्रोल ऑफिस ने हाल ही में बीएलके-मैक्स अस्पताल से ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के खिलाफ इस राष्ट्रीय लड़ाई में सहयोग के लिए प्रस्ताव दिया था, ताकि प्राइवेट सेक्टर में भी टीबी की दवाईयां दी जा सकें. बीएलके अस्पताल इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ते हुए पीएमडीटी की गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए सरकार के साथ मिलकर टीबी के मरीजों को बेहतर इलाज के साथ-साथ अच्छी केयर भी देगा.

बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल में बीएलके मैक्स सेंटर ऑफ चेस्ट एंड रेस्पिरेटरी डिसीज के सीनियर डायरेक्टर और एचओडी डॉ. संदीप नय्यर ने इस जानकारी को साझा करते हुए बताया, टीबी को समाप्त करने के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम से जुड़कर हमें बहुत खुशी हो रही है. इसके तहत फ्री में लेटेस्ट ट्रीटमेंट दिए जाएंगे. बीमारी के बारे में सभी तरह के लोगों के बीच जागरुकता की भी जरूरत है. इस बीमारी का सही तरीके से पता लगाना और फिर ओरल मेडिसिन के जरिए बेहतर इलाज बेहद आवश्यक है. भारत में डीआर-टीबी का प्रसार बढ़ा है. इस बीमारी का इलाज आसान नहीं है. लेकिन इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली नए किस्म की दवाईयों ने इसे सरल बना दिया है. डीआर-टीबी के इलाज के लिए पहले 12-15 महीने तक दवाई चलती थी, जो घटकर सिर्फ 6 महीने हो गई है. पोलियो की तरह ही टीबी को समाप्त करने के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों अस्पतालों की तरफ से ही प्रयास करने की जरूरत है.

इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरक्यूलोसिस एंड लंग डिसीज के मुताबिक, भारत से टीबी का खात्मा करना वैश्विक स्तर पर एक बड़ी चिंता का विषय है. भारत में टीबी के केस दुनिया में सबसे ज्यादा हैं. लिहाजा, देश से इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जी-तोड़ कोशिशों की जरूरत है. डॉ.संदीप नय्यर ने कहा, भारत में 2021 में करीब 21 लाख टीबी केस थे. इनमें से करीब 50 हजार केस मल्टीड्रग रेसिस्टेंट/रिफैंपिसिन (एसडीआर/आरआर) के थे. जबकि दूसरी तरफ, कुल 1.1 लाख केस में 80 हजार मरीज ऐसे थे, जिनकी बीमारी का पता अकेले दिल्ली में प्राइवेट अस्पतालों में लगाया गया. दरअसल, दिल्ली में अर्बन स्लम्स की बड़ी आबादी है, साथ ही यहां बाहर से आए हुए लोग भी बड़ी तादाद में हैं, लिहाजा यहां ट्रांसमिशन रेट यानी टीबी के फैलने का रेट काफी हाई रहता है. 2021 में ही यहां 2000 केस ड्रग रेसिस्टेंट ट्यूबरक्योलिसिस के आए.

भारत सरकार टीबी के पता लगाने से लेकर इससे बचाव और इलाज पर काफी ज्यादा ध्यान दे रही है. रिवाइज्ड नेशनल टीबी कंट्रोल प्रोग्राम के तहत

# कभी भी घट सकती है अनहोनी... खुलेआम हथियार लेकर शहर में घूम रहे अपराधी.. धारदार हथियार एवं पिस्टल के साथ फिर दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। जिले में खुलेआम हथियार लेकर घूमने वाले अपराधियों के हौसले बुलंद है जिसकी ही बानगी है कि बीती रात राजकिशोर नगर क्षेत्र में हवाई फायरिंग की घटना हुई थी और अब पुलिस ने एक कार में सवार दो लोगो को पकड़ा है जिनके कब्जे से एक पिस्टल, 3 खाली खोखे और एक धारदार हथियार को जब्त किया गया है। सरकंडा पुलिस ने आरोपियों को राजकिशोर नगर पानी टंकी गार्डन के पास से पकड़ा है जो आई 20 कार क्रमांक सीजी 10 ए डी 1912 में बैठे थे। सरकंडा पुलिस और एंटी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट ने आरोपियों की जब तलाशी ली तो अनुराग पांडे निवासी राजस्व कालोनी लिंगियाडीह के कब्जे से तीन नग फायर किया हुआ बुलेट खोखा जिसके पीछे 7.6 लिखा है, एवं एक नग चाकू नुमा धारदार हथियार ,तथा अभिषेक भारद्वाज निवासी राजकिशोर नगर के कब्जे से एक नग पिस्टल जिसमें स्टार मॉडल लिखा है मिला है, जिसे विधिवत जप्त कर 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



# मस्तूरी तहसील के नव पदस्थ तहसीलदार अभिषेक राठौर ने लिया चार्ज।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

वेद परसदा ।मस्तूरी तहसील कार्यालय में नव पदस्थ तहसीलदार अभिषेक राठौर ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया है तहसीलदार अतुल वैष्णव के स्थानांतरण हो जाने के बाद अभिषेक राठौर ने पदभार लिया ।और कहा कि मस्तूरी तहसील कार्यालय में राजस्व से संबंधित प्रकरण जल्द से जल्द कार्यवाही कर लोगों के प्रति न्याय करना एवं आम जनता की समस्याओं का निराकरण मेरा पहली प्राथमिकता है कहा। इससे पूर्व में बिलासपुर रायपुर मुंगेली जिले के तहसील कार्यालयों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



# नवनियुक्त मण्डी अध्यक्ष शंकर यादव को मस्तूरी विधानसभा के यादव समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने भेटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। आम जनता के निकट से जुड़े हुए शंकर यादव के जयरामनगर के मण्डी अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं एवं बधाई देने के लिए मस्तूरी के सहारा परिसर में भेंट किया। जिसमे यादव समाज के पदाधिकारी मे प्रमुख रुप से ब्लाक समन्वयक हीरा यादव पाराघाट, मस्तूरी शिव यादव पुर्व सरपंच ग्राम पंचायत कछार, धर्मेन्द्र यादव पुर्व सरपंच खैरा जयरामनगर , शैलेन्द्र यादव सरपंच ग्राम पंचायत कछार, नंदकुमार यादव ब्लाक अध्यक्ष मस्तूरी झेरिया यादव समाज ,नंदलाल यादव उपाध्यक्ष, दीनानाथ यादव सचिव , मुकेश यादव पकरिया , भरत यादव टिकारी , बरातु यादव टिकारी , रघु यादव पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत मुड़पार एवं ब्लाक उपाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ मस्तूरी , कलेश यादव पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत वेदपरसदा ,जितेंद्र कुमार यादव महासचिव जिला यादव समाज बिलासपुर एवं प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज,चोलाराम यादव अध्यक्ष कन्नौजिया यादव समाज मस्तूरी क्षेत्र , रवि यादव इत्यादि सभी यादव बंधुओ ने हर्ष व्याप्त किया।



# ग्राम पंचायत धनिया में शाला प्रवेश उत्सव एवं पुस्तक वितरण का कार्यक्रम हुआ संपन्न, कांग्रेस नेता जयंत मनहर रहे उपस्थित।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। विकासखंड के ग्राम पंचायत धनिया के शासकीय हाई स्कूल में आज पुस्तक वितरण एवं शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस नेता जैन मनहर उपस्थित रहे। और शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कर अपने हाथों से छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण किए। आज के इस शाला प्रवेश उत्सव एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम में सीपत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र दीवार जनपद सदस्य नूर मोहम्मद पूर्व सरपंच प्रमोद जायसवाल वह कांग्रेसी कार्यकर्ता रोशन जयसवाल तुलसी पाटन वार रविकांत रजवाड़े व प्राचार्य चंद्रवंशी सर शहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे



# सांसद अरुण साव ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से फोन पर की चर्चा , रदद् ट्रेनों के कारण जनता को हो रही तकलीफ से कराया अवगत , रदद् ट्रेनों को जल्द शुरू करने की मांग की"

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। बिलासुपर सांसद अरुण साव ने रदद् ट्रेनों के कारण जनता को हो रही समस्याओं को लेकर गुरुवार को रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से फोन पर चर्चा की और रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को रद्द ट्रेनों के कारण जनता को हो रही समस्याओं से अवगत कराया

रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने सांसद अरुण साव की बातों को गम्भीरता से लेते हुए रदद् हुई ट्रेनों को शीघ्र ही बहाल करने की आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन सांसद अरुण साव को दिया।



# *डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपाइयों ने किया पौधारोपण किया गया

**समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी**

भोजीपुरा ।विधानसभा क्षेत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष पवन शर्मा की उपस्थिति में भाजपाइयों ने पौधारोपण किया ।बता दे भोजीपुरा विकासखंड के पदोर्ली मंडल के शक्ति केंद्र करमपुर चौधरी में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपाइयों ने चित्र पर फूल मालाएं चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की ।बाद में जिला अध्यक्ष ने समस्त पदाधिकारियों के साथ जगह-जगह पौधारोपण की ।जिलाध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से पर्यावरण बचाने के लिए पौधारोपण की अपील की ।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पवन शर्मा सहित जिला महामंत्री सोमपाल शर्मा , निर्भय गुर्जर , मेघनाथ कठेरिया ,राहुल साहू , जिला मंत्री प्रमोद सागर , मंडल अध्यक्ष